>

Title : Discussions on the Demands for Grants Nos. 1 to 16 in respect of the Budget (Railways) for 2010-2011 (Discussion concluded, All the cut motions moved were negative).

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up discussion and voting on the Demands for Grants in respect of the Budget (Railways) for the year 2010-2011.

Hon. Members present in the House whose cut motions to the Demands for Grants in respect of the Budget (Railways) for the year 2010-2011 have been circulated may, if they desire to move their cut motions, send slips to the Table within fifteen minutes indicating the serial numbers of the cut motions they would like to move. Only those cut motions, slips in respect of which are received at the Table within the stipulated time, will be treated as moved.

A list showing the serial numbers of cut motions treated as moved will be put up on the Notice Board shortly thereafter. In case any Member finds any discrepancy in the list, he may kindly bring it to the notice of the Officer at the Table immediately.

Motion moved:

> "That the respective sums not exceeding the amounts shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President of India out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2011, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 16."

MR. DEPUTY SPEAKER : Sh. Syad Shahnawaz Hussain to speak.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि इस महत्वपूर्ण रेल की अनुपूरक मांगों पर चर्चा के लिए आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है। जब से यूपीए की सरकार आयी है, यूपीए वन में मनमोहन सिंह जी के रेल मंत्री माननीय लालू प्रसाद जी थे और हमने पांच साल में छह रेल बजट उनके सुने थे। जो आखिरी वाला बजट था, वह काफी भारी-भरकम था और उससे बहुत सारी उम्मीदें देश को जगी थीं। सरकार बदली, हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री जी की जो पहली पारी थी, उसके रेल मंत्री लालू जी थे और दूसरी पारी में रेल मंत्री हमारी दीदी ममता बनर्जी जी आयीं। हम लोगों को इनसे काफी उम्मीद है। पहले तो मैं उन्हें भागलपुर के सांसद के नाते और मेरे संसदीय क्षेत्र में उन्होंने एक गरीब रथ वहां के लिए कर दिया, उस दिन शोर-शराबे में वे उसका जिक्र यहां नहीं कर पायीं, लेकिन रिकॉर्ड पर उन्होंने किया, उसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं भागलपुर से सांसद हूं और वह अंग प्रदेश माना जाता है। वहां अंगिका की भाषा बोली जाती है, हमने इस विषय को कई बार पार्लियामेंट में उठाया है। मैं माननीया रेल मंत्री जी से मिला था और मैंने उनसे कहा था कि वहां विक्रमशिला के नाम पर तो विक्रमशिला एक्सप्रैस है, लेकिन अंगिका के नाम की पहचान भी होनी चाहिए। हमारे मित्र निशिकांत दुबे जी वहीं के रहने वाले हैं और वहां पर बड़ी संख्या में लोग अंगिका बोलते हैं। मैं फिर से धन्यवाद के साथ अपनी बात की शुरूआत करता हूं कि जब मैंने इनसे मांग की तो इन्होंने जो भागलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस जो भागलपुर से बंगलौर जाती है, उसका नाम इन्होंने अंग एक्सप्रेस कर दिया है। यह इसी 24 मार्च से शुरू हो गया है और उसका नाम अब अंग एक्सप्रेस है।

इसके लिए मैं पूरे अंग प्रदेश की तरफ से भागलपुर की जनता की तरफ से दीदी को धन्यवाद देता हूँ। जैसे हमारी विपक्ष की नेता और हम सब लोगों की तरफ से यह धन्यवाद हम उनको पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। ...(व्यवधान) धन्यवाद कर दिया है। अब वे एक्सैप्ट करेंगी तब ठीक होगा। ...(व्यवधान)

मुझे इस बात की खुशी है कि मंत्री जी ईस्टर्न रीजन की हैं। पहले तो बंगाल और बिहार में बहुत नज़दीकी रिश्ता है और उस रिश्ते को हम बराबर निभाते हैं। कोलकाता में कभी भी हम लोग जाते हैं तो ऐसा नहीं लगता कि हम बिहार से अलग किसी राज्य में आए हैं। हमें लगता है कि हम अपने ही प्रदेश में आए हैं। मैं पहले भी जब किशनगंज से सांसद था तो देखता था कि वहाँ रोड के इस पार बिहार और रोड के उस पार बंगाल होता था। अब भी जब मैं भागलपुर से सांसद हूँ तो बड़ी तादाद में बंगाली समाज हमारे यहाँ रहता है। शरत् चन्द्र जी भागलपुर के थे, देवदास वहीं लिखी गई। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपना पूरा समय भागलपुर में गुज़ारा। गीतांजलि उन्होंने वहीं लिखी और इस नाते बंगाल के लोगों से मेरा बहुत अपनापन रहता है। लेकिन दीदी ट्रैज़री बैंच पर बैठी हैं और हम उनके सामने बैठे हैं। इसलिए हमारी जो विपक्ष की ज़िम्मेदारी है, उसको शालीनता से आपके सामने रखने का पूरा प्रयास मैं करूँगा। मैं जानता हूँ कि वे मेरे साथ मंत्री रही हैं और हम लोगों ने साथ काम किया है। इसलिए जब भी मैं संसद में बोलने के लिए खड़ा होता हूँ तो शब्दों का चयन ज्यादा तीखा नहीं करता हूँ लेकिन अपनी बात को गंभीरता से रखने का प्रयास करता हूँ। मेरी नेता सुषमा स्वराज जी ने मुझे रेलवे के विषय पर बोलने का अवसर दिया है, मैं इसके लिए उनको धन्यवाद देता हूँ। इसके साथ ही साथ मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस बार ममता जी ने रेल बजट रखा, पहले यूपीए-1 के रेल मंत्री ने बजट रखा था। सरकार में कलैक्टिव रिस्पॉनिसबिलिटी होती है, सरकार में एक मंत्री का बजट नहीं होता है। आप जब भी कोई बजट बनाकर लाते हैं तो कैबिनेट से उसका अपूवल होता है। जब उस पर कैबिनेट मुहर लगा देता है तो इसका मतलब होता है पूरी सरकार का बजट। अगर यूपीए-1 के रेल मंत्री ने कुछ घोषणाएँ कीं तो उसको यूपीए-2 की रेल मंत्री को अपूव करना चाहिए, ऐसा हमारा मानना है। क्योंकि सरकार बदली नहीं है, सरकार यूपीए-1 से यूपीए-2 हो गई है। लेकिन जो हमें उम्मीद थी, वैसा नहीं हुआ। बहुत सारी घोषणाएँ चुनावों से पहले हुई। जब चुनावों का माहौल था तो लालू जी बिहार में घूम रहे थे और इलैक्शन का समय था। संसद में तो हम लोग मिलते जुलते हैं लेकिन वहाँ पर लालू जी जब कभी शिलान्यास या उद्घाटन करने आते थे तो इतनी भीड़ होती थी, ऐसा माहौल होता था कि उसमें जाएँ या न जाएँ, कैसे जाएँ, हम यह सोचते थे। वहाँ बड़ी घोषणाएँ हुई। मंत्री की घोषणा मतलब सरकार की घोषणा होता है। हम लोगों ने उसको मान लिया। हम लोगों ने कहा कि हम मानते हैं। लेकिन जब सरकार बदल गई तो हमें मालूम नहीं था, लोगों ने हमें मिठाई खिला दी, हमारे यहाँ भागलपुर में डीआरएम कार्यालय खुल गया। बहुत बड़ा बोर्ड लग गया, रेलवे का काफी पैसा खर्च हुआ। एक ओएसडी वहाँ बैठा दिया गया जो वर्किंग डीआरएम के तौर पर काम कर रहा है। हम तो विपक्ष में थे। हम तो यह नहीं कह सकते थे कि इंटरिम बजट में प्रणव दा ने कोई घोषणा नहीं की, लालू जी ने कैसे की, इस बजट का कोई मतलब नहीं है। यदि हम ऐसा कहते तो पब्लिक हमसे और नाराज़ होती। एक तो वह डीआरएम कार्यालय दे रहे हैं, आपको सब कुछ दे रहे हैं और आप सांसद होने के नाते, स्वागत करने की जगह छोटा दिल दिखा रहे हैं। हमने भी अपनी ज़िम्मेदारी और दायित्व का निर्वाह किया और बड़ा स्वागत किया कि डीआरएम कार्यालय भागलपुर को मिला है। कभी तो वह अंग प्रदेश की राजधानी होता था। अब अगर वहाँ डीआरएम कार्यालय मिला तो वह भागलपुर के लोगों का अधिकार था। उसके बाद एक घोषणा हुई कि भागलपुर से अजमेर एक ट्रेन जाएगी। उस घोषणा के बाद वह ट्रेन भी वहाँ से चली, बाजाफ़्ता झंडी दिखाई गई, भले ही सांसद के नाते हमें उसमें रिज़र्वेशन नहीं मिला। उसमें कुछ खास दल के लोग वहाँ से अजमेर शरीफ़ गए, Hवाजा के दरवाज़े पर गए, वहाँ हाज़िरी दी। मैं उस ट्रेन से नहीं गया, लेकिन मैं भी चुनाव से पहले हाज़िरी देने Hवाजा गरीब नवाज़ के दरवाज़े पर गया था।

लेकिन आज मैं बड़े दुख से कह रहा हूं कि वह ट्रेन नहीं है। आप जिस समय रेल बजट पढ़ रही थीं तो उस समय आपने कहा कि किशनगंज से अजमेर के लिए मैं शाहनवाज़ के लिए ट्रेन चला रही हूं। मैं जब अपने क्षेत्र में गया तो लोग कह रहे थे कि आप एमपी भागलपुर से हैं, लेकिन ममता जी तो कह रही थीं कि आप किशनगंज से ट्रेन मांग रहे थे। मैंने कहा कि दीदी ने मुझे बाद में कहा कि मुझे भागलपुर भूल गई और किशनगंज याद रहा, मैंने समझा कि तुम्हारा क्षेत्र वही है। वहां से तो आपने ट्रेन चला दी, लेकिन अजमेर की ट्रेन भागलपुर से जो चलनी थी, वह उससे महरूम हो गया। एक दिन राजधानी की भी घोषणा हुई थी। हमारा गुज़ारा बंगाल के बिना नहीं हो सकता है, क्योंकि राजधानी यदि दिल्ली से चलती तो भागलपुर होते हुए कलकत्ता जाती। इससे कलकत्ता के लोगों को फायदा होता। जब हम कलकत्ता और बंगाल की बात करते हैं, जब कोई बिहार का व्यक्ति करे तो आप यह मानिए कि हम यह बात बायस होकर नहीं करते हैं, हम इस बात को मानकर चलते हैं कि वह हमारा पड़ोसी राज्य है। आप जितनी ट्रेन बंगाल के लिए चलाएंगी, उसका लाभ हम लोग स्वयं उठा लेंगे, यदि आप स्टॉपेज देती रहेंगी। इन्होंने राजधानी की घोषणा की, वह भी नहीं हुई। मैं आपसे गुज़ारिश करना चाहता हूं, आपकी सरकार है, आप काफी ताकतवर मंत्री हैं, आपकी बात का प्रभाव है, आपकी

बात का रसूख है, आपकी वजह से यह सरकार है। आपके कुछ बोलने पर यह सरकार वजन में आती है। आप जिस सरकार में मंत्री हैं, उस सरकार में सत्ता का इतना जबरदस्त उबाल है, सत्ता के मद में सराबोर मंत्री दिखते हैं। जब हम उनसे बात करना चाहें तो हमारी क्या बात है, उन्हें तो बहुमत मिल गया है। आपको तो लगता है कि आपको बहुमत आ गया है, लेकिन आपको बहुमत नहीं मिला है, आपको केवल 206 एमपी मिले हैं, लेकिन आप इस तरह से व्यवहार कर रहे हैं, जैसे स्वर्गीय राजीव गांधी के ज़माने में आपको तीन चौथाई बहुमत मिला था, 206 की जगह, शायद आप इस आंकड़े से 412 वाला व्यवहार कर रहे हैं। आप इसे डबल मान रहे हैं, आपको सहयोगी की भी चिन्ता नहीं है।...(व्यवधान)

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी.नारायणसामी): आप रेल बजट पर भाषण दीजिए।...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, यह मुझ से यह उम्र में बड़े हैं और यह अभी राज्य मंत्री हैं, जबकि मैं कैबिनेट मंत्री रहा हूं। जब इन्हें कैबिनेट मंत्री बना दें, तब मुझे सलाह देंगे, मैं इनकी सलाह को हमेशा स्वीकार करूंगा, क्योंकि यह योग्य व्यक्ति हैं। लेकिन इनके साथ अन्याय हो रहा है। यह अन्याय की वजह से ही ऐसा बोल रहे हैं। हम छोटे-छोटे थे, तब से हम इन्हें पार्लियामेंट में देखते आ रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, I don't need his support. I am very much happy about it. ...(*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य आप विषय पर बोलिए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, राजनीति में ट्रेनिंग नहीं होती है। यह संसद ही ट्रेनिंग है। हम लोग यहीं से सीखते हैं कि कौन कैसे बोलता है? जब हमारे सीनियर बोलते हैं तो हम उन्हें बड़े ध्यान से सुनते हैं।

श्रीमती अन्नू टण्डन (उन्नाव): हम आपको सुन रहे हैं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आप तो सुनने आयी हैं। आप पहली बार सुन रही हैं, और लोगों ने तो सुना हुआ है।

महोदय, मैं तीसरी बार सांसद चुनकर आया हूं और पिछली लोक सभा में भी मुझे बहुत से विषयों पर बोलने का अवसर मिलता था और मैं बड़ा सीखता हूं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शांत रहें और बोलने दीजिए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, जब टोकाटोकी होती है तो मेरी ऊर्जा बढ़ जाती है, जो पुराने लोग हैं, वह इस बात को जानते हैं कि शाहनवाज़ को टोकना नहीं, यदि टोकेंगे तो ज्यादा दिक्कत देगा, इसलिए मैं कहता हूं कि आराम से सुनिए। स्वामी जी, जब मैं इधर बोलता था तो आप उस हाउस में थे, अब आप आए हैं तो आप मेरा भाषण ध्यान से सुनिएगा तो आपको बाद में अच्छा लगेगा। हम आपको कोई तीखा कहने वाले नहीं हैं।

महोदय, हम यह उम्मीद करते हैं कि रेल मंत्री चिन्ता करेंगी। लेकिन मैं जानता हूं कि दीदी आप लोगों से खुश नहीं हैं, आप जिस तरह से मंत्रालय चला रहे हैं, उसमें कोई विभाग ठीक नहीं चल रहा है, उस नाते हेल्थ मिनिस्ट्री की चिंता भी दीदी को करनी पड़ रही है, क्योंकि अस्पताल भी खोल रही हैं। दीदी सपोर्ट्स मिनिस्ट्री की भी चिन्ता कर रही हैं। जब दीदी सपोर्ट्स मिनिस्टर थीं तो बड़ी सक्सेसफुल मिनिस्टर जानी जाती थीं। मैं भी खेल मंत्री रहा हूं, मैं जानता हूं कि उनका ट्रेक रिकार्ड अच्छा है। वह खेल और बिजली की भी चिन्ता कर रही हैं। आज संसद में भी पावर कट हो रही थी, हम गिन रहे थे 15 बार लाइट गई। हम यह चर्चा नहीं कर सकते कि ए.सी. नहीं चल रहा था, क्योंकि हम लोग तो फील्ड के आदमी हैं। हर शनिवार और रविवार को लू की लपटें भी चलती रहें तो भी हम अपनी कांस्टीट्यूंसी में जाते हैं, लेकिन आज हालत यह है कि संसद में भी बिजली का यह हाल है। अब रेलवे से भी एक हजार मेगावाट बनाने की बात कही है,। मैं यह देख रहा हूं कि उन्होंने बीस अरबन डेवलपमेंट और स्कूलों की भी चिन्ता की है। सिब्बल साहब क्या करेंगे, पूरे देश के अंदर लोग शंका में हैं कि सिब्बल साहब क्या करने वाले हैं। इतने काबिल आदमी को बनाया है कि क्या सब को काबिल बना देंगे, यही पता नहीं लग रहा है। अभी तक वह एजेंडा चल रहा है। दीदी ने होस्टल्स की भी चिन्ता की है, 381 डायग्नेस्टिक सेंटर भी खोलने वाली हैं। रेलवे के अंदर आपका विज़न बड़ा है। मैं यह समझ सकता हूं कि आज रेलवे में जितनी पैसे की जरूरत है, मैं जानता हूं कि आपको नाराज करने की रूलिंग पार्टी की हिम्मत नहीं है, वे ऐसा रिस्क नहीं ले सकते। आपने जो पैसा मांगा है, सिर्फ हम लोग नहीं, पूरा देश आपके साथ है, वह पैसा आपको रेलवे के लिए मिलना चाहिए। प्रणव दा भी बंगाल के ईस्टर्न इंडिया हैं, ईस्टर्न इंडिया से जो अन्याय हुआ है, उसे न्याय में बदलने के लिए आपको मदद करेंगे, लेकिन आज हालत क्या है। हम यहां आलोचना के लिए खड़े नहीं हुए, लेकिन वेकअप अलार्म बजाने का अधिकार किस को है, विपक्ष को है। हमारा लोकतंत्र में यह हक है कि सोती हुई सरकार को हम जगाएं। हम जानते हैं कि आप बड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन आज हालत क्या है। रेल को विश्वस्तरीय बनाने की बहुत जरूरत है। करीब एक करोड़ अस्सी लाख से ज्यादा यात्री प्रतिदिन रेल में चलते हैं और 8700 ट्रेनें हैं, 5700 मालगाड़ियां हैं। भारतीय रेल विश्व में मशहूर है, लेकिन पटरी बिछाने में जितने भी सांसद इनसे सहमत होंगे, हम लोग रेल मंत्री जी के यहां कागज लेकर जाते हैं। मैं जानता हूं कि आप रेल लाईन बिछाने में बहुत तेजी से काम कर रही हैं। आप एक रेल लाईन कोलकत्ता होते हुए राइटर बिल्डिंग तक बिछा रही हैं। हमें पता है कि आप जो राइटर बिल्डिंग की तरफ रेल लाईन बिछा रही हैं, उसमें भी आपको काफी मेहनत करनी पड़ रही है। हम चाहते हैं कि राइटर बिल्डिंग खाली हो और उसके अंदर नयी चेतना जगे। हम चाहते हैं कि आप देश के लिए काम करें। आप मंत्री हैं, हम आपका यश नहीं चाहते, आपको सीमित करना नहीं चाहते, हम नहीं चाहते कि आप बंगाल की मंत्री जानी जाएं, हम यह आरोप आप पर नहीं लगाएंगे। हम यह भी नहीं चाहेंगे कि आप ईस्टर्न इंडिया की मंत्री जानी जाएं। हम आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि आप पूरे देश की मंत्री जानी जाएं, आपका पूरे विश्व में नाम हो। लालू जी ने क्या किया, क्या नहीं किया। इनका नाम तो हार्वर्ड में पढ़ाने के लिए आ रहा था, आज कल नहीं आ रहा है।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद (सारण): सभी लोग आपकी बात को समझ रहे हैं। अगर आपका कोई काम अधूरा है तो पूरा करवा लीजिए।...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : लालू जी आप लोगों को उकसा रहे हैं, आप उस चक्कर में मत पड़ें। जब लालू जी का अंतरिम बजट था तो लास्ट बजट में मेरी पार्टी ने मुझे भी खड़ा किया था और तब कोई झगड़ा हो गया था, इसलिए मैं आज कोई झगड़ा करने के मूड में नहीं हूं। आज उधर से मुझे कितना ही कोई उकसाने की कोशिश करे, मैं संयम रखने वाला हूं।

हम चाहते हैं कि आपका यश बढ़े। आपने वाइट पेपर की बात कही थी। इसकी बिहार एवं पूरे देश में बड़ी चर्चा हुई और जब आप वाइट पेपर लाई तो उसका बीच का पेपर चला गया, कौन सा पेज गायब हो गया, किस ने गायब कर दिया, उसमें किस का प्रभाव पड़ गया, आप तो किसी के प्रभाव में आने वाली नहीं हैं। आज आपने जो 20-ट्वंटी का विज़न दिया, अब तो यहां खाली क्रिकेट की बात हो रही है। यहां 20-ट्वंटी सिर पर खड़ा है, आईपीएल 20-ट्वंटी की बात हो रही है, लेकिन रेल का जो 20-ट्वंटी है, उसकी चर्चा नहीं हो रही है। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं आपसे यह जरूर कहना चाहता हूं कि आज दिक्कत है कि रेलवे एक बहुत बड़ा इफ्रास्ट्रक्चर है।

उपाध्यक्ष महोदय, हम रोल की पटरियां ज्यादा नहीं बिछा रहे हैं, जो रेल लाइनें बननी चाहिए, जहां जरूरत है, वहां रेल लाइनें बनाई नहीं जा रही हैं। ठीक है, जब श्री लालू प्रसाद जी, रेल मंत्री थे, तब उन्होंने बिहार में कुछ रेल लाइनें बिछाई। हम लोगों की रेल लाइन तो अधूरी ही रह गई। फोरबिसगंज से गलगलियां और गलगलिया से अररिया थी, वह अधूरी ही रह गई। श्री लालू प्रसाद जी के घर से, श्रीमती राबड़ी देवी के घर तक रेल लाइन बन गई। उसमें हमें कोई ऐतराज नहीं है। हां, ठीक है, वह देवरिया तक बनी है। वे बिहार की मुख्य मंत्री रही हैं, यदि उनके घर तक रेल लाइन बनाई गई है, तो उसमें हमें कोई ऐतराज नहीं है। हम लोगों को तो बहुत खुशी है। लालू प्रसाद जी का ही ससुराल जाने हक नहीं है, हमें भी उस रूट पर जा सकते हैं, हमें भी ससुराल जाने का हक है। वे हमारे बड़े भाई हैं। हम उनके यहां भी जा सकते हैं।

महोदय, माननीय लालू प्रसाद जी ने बिहार में रेलों के निर्माण की बहुत घोषणाएं की थीं, उनमें से अनेक रेल लाइनें अभी तक अधूरी हैं। जो घोषणाएं नीतीश जी के टाइम में हुई, उन पर भी काम नहीं हो रहा है। रेलवे बहुत बड़ा इफ्रास्ट्रक्चर है। इसलिए हमारी अपेक्षा है कि आपको रेलवे में बहुत काम करने की जरूरत है। यह मंत्रालय कांटों का ताज है। यह कोई आसान काम नहीं है। इसमें बहुत मेहनत की जरूरत है। इस नाते हमें यह उम्मीद है कि आप रेलवे इफ्रास्ट्रक्चर को और अच्छा करने वाली हैं, लेकिन मुझे आज बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जो आधुनिकीकरण होना चाहिए और जिस प्रकार से रेलों का विकास होना चाहिए, जो बचे हुए काम पूरे होने चाहिए, वे पूरे नहीं हो रहे हैं।

महोदय, पार्लियामेंट एक ऐसा स्थान बन गया है, जहां सिर्फ घोषणाएं होती हैं। पहले सामान्य बजट और रेल बजट से लोगों को बहुत उम्मीद होती थी और लोग रेडियो

पर इन्हें सुनते थे और टेलीविजन पर दिन भर चर्चा होती थी, लेकिन इस बार रेल बजट आया, कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। लोगों को यह लग रहा है कि अरे साहब यह घोषणा तो हो गई, अब यह होगा या नहीं, किसे पता है। पहले पार्लियामेंट में जो घोषणा होती थी, उसका बहुत वजन होता था। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि रेलवे के अंदर आज मॉडर्नाइजेशन की जरूरत है। रेलवे के ट्रैक को मजबूत करने की जरूरत है और रेलवे के ट्रैक के विस्तार की जरूरत है। आज भी दुनिया के विकसित और विकासशील देशों की तुलना में हम ट्रैक बिछाने में बहुत पीछे हैं। आज चीन हमसे बहुत आगे है। वह तो अरुणाचल के बॉर्डर तक रेल बिछा रहा है। हम लोग बिहार में, बंगाल में, उड़ीसा में, राजस्थान में, तामिलनाडु में, गुजरात में और देश के सभी प्रदेशों में रेलवे ट्रैक बिछाने में हम बहुत पीछे हैं। मैं जानता हूं कि एम.पी. के ऊपर बहुत दबाव होता है, लेकिन आज उस बारे में कुछ नहीं हो रहा है।

महोदय, कश्मीर में, श्री अटल बिहारी वाजपेयीजी जी के नेतृत्व में, हम लोगों ने रेल लाइन बिछाई, ट्रैक बनाया और लालू जी वहां गए, नारियल फोड़ दिया और फीता काट दिया। काम हम ही लोगों का था, लेकिन रेलवे के काम में टाइम लगता है। आप जो काम कश्मीर में आज करेंगे, पांच साल बाद, जब वह काम पूरा होगा, तो फीता कोई और काटेगा। अभी जितना भी काम नजर आया है, श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में, जब नीतीश कुमार जी, रेल मंत्री थे, तब अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी, तब रेल और हवाई जहाज के बहुत काम शुरू किए गए, जो अब जाकर पूरे हुए और आप लोगों को फीता काटने का मौका मिला। रेलवे और हवाई जहाज के कामों में बहुत समय लगता है। यह एक दिन का काम नहीं है। यह प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना नहीं है।

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू): महोदय, मैं माननीय सदस्य से जानना चाहता हूं कि वे कभी कश्मीर गए, यदि गए थे, तो कब?

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अभी भी गए थे। आप वहां नहीं थे। आप दिल्ली में ही थे। आजकल आप कश्मीर में कम रह रहे हैं। हमने पता किया था, आप वहां नहीं थे। हमने आपको खबर देने की कोशिश भी की, लेकिन आपको हमारे बारे में सूचना नहीं मिल पाई।

महोदय, आज जरूरत है कि रेलवे के ट्रैक को और अच्छा किया जाए। बहुत बार ऊंचे-ऊंचे ख्वाब दिखाए गए। आज कोई नॉर्मल ट्रेन में अपने क्षेत्र से संसद आए, तो वह यहां टाइम पर पहुंचेगा ही नहीं और मीडिया वाले दिखाते हैं कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर संसद खाली रही। हमें रेलवे के लगभग 40 टिकिट एक वर्ष में मिलते हैं। हम अपनी कांस्टीट्यूंसी जाते हैं, तो दो महीने में ही हमारी हवाई यात्रा के टिकिट खत्म हो जाते हैं। जब हमारी हवाई यात्रा के टिकिट खत्म हो जाते हैं, तो हम रेलवे से सफर करते हैं। कोई भी सांसद टाइम पर नहीं पहुंच सकता है। आजकल तो आपकी सरकार में जहाज से भी कोई टाइम पर नहीं पहुंच सकता है। यहां जितने भी सांसद हैं, यदि वे रेल से अपनी कांस्टीट्यूंसी से चलें, तो दो दिन से पहले यहां कोई भी नहीं पहुंच सकता है। आज भी हमें अपनी कांस्टीट्यूंसी से यहां आने में दो-दो दिन लग रहे हैं। आपने उच्च गति के जिन रेल गलियारों को बनाने की बात कही थी कि 250 से 350 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आप रेल चलाएंगे, लेकिन उस पर कोई काम नहीं हुआ।

अब साल बीता जा रहा है। पांच साल तो लालू जी ने यूपीए वन का बिता दिया और एक साल आपका हो गया। पहले तो आप लोगों ने कहा था कि सौ दिन-सौ दिन, अब तो साल पूरा हो गया, कोई फंक्शन आपका नहीं होगा। यह हम भविष्यवाणी कर रहे हैं। आपने वादा कर लिया लेकिन आज हम आपसे जानना चाहते हैं कि आप जो साढ़े तीन सौ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन चलाने वाले हैं, उसमें खर्च कितना होगा? क्या यह सिर्फ आश्वासन है या सिर्फ भाषण है? तकदीर से तो लोगों को ट्रेन मिलने वाली नहीं है, काम से ट्रेन मिलेगी। हम लोगों को आप जो कहती हैं, वही जाकर हम कांस्टीट्यूंसी में बता देते हैं। जब आप रेल बजट पढ़ती हैं, तो हर एमपी आपसे अपेक्षा करता है, लेकिन दिक्कत यह है कि आज मुझे इसे बात का विश्वास हो गया है कि जो सपोर्ट आपको मिलना चाहिए, गवर्नमेंट से उतना पैसा नहीं मिल रहा है। रेलवे आधुनिकीकरण के लिए जितना काम करना चाहिए, उतना काम नहीं हो रहा है। आज रेलवे के ट्रैक की मजबूती के लिए कोई काम नहीं हो रहा है। जब वाजपेयी जी की सरकार थी तो रेल ट्रैक को मजबूत करने के लिए नीतीश कुमार जी ने ट्रैक के लिए पैसा दिया था। उस समय सतूह हजार करोड़ रूपए दिया था, तब आप भी मंत्री थीं। आज उस पर कोई काम नहीं हो रहा है।

उपाध्यक्ष जी, जो सिविल एविएशन मिनिस्टर होता है, कमिश्नर रेलवे सेफ्टी उसके अंडर में होता है। जब मैं सिविल एविएशन मिनिस्टर था, तो कमिश्नर रेलवे सेफ्टी का डिपार्टमेंट मैं देखता था और इस नाते मैं आपसे कह सकता हूं कि आज सेफ्टी पर कोई काम नहीं हो रहा है। आप ही के यहां बंगाल में किशनगंज से आगे ट्रेन की टक्कर हुयी थी और सब लोगों ने जाकर, तब नीतीश जी रेलमंत्री थे, उनसे इस्तीफा मांगा था। एकदम तुंत, नैतिकता के आधार पर नीतीश जी ने रेलमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन आज टक्करयेाी चंतू पर कोई काम नहीं हो रहा है। सेफ्टी की बात कहें, तो उसके अंदर कोई प्रोग्रेस नहीं हुयी है।

आज विश्व स्तरीय स्टेशन की बात हो रही है। कैसा होता है विश्व स्तरीय स्टेशन? मैं तो यह सोच रहा हूं कि आप कहिए कि फर्स्ट क्लास में जा रहे हैं और वहां पर कोई ए.सी. न हो, वहां कोई व्यवस्था न हो, तो क्या केवल नाम का फर्स्ट क्लास होगा? विश्व स्तरीय स्टेशन में लालू जी ने पहले 18 स्टेशंस की घोषणा की। वह घोषणा तीन साल पहले की थी। लालू जी को सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ कि वह विश्व स्तरीय स्टेशन का उद्घाटन कर पाएं। अब आप इस पद पर आ गयी हैं। लालू जी की यूपीए को सपोर्ट की चिट्ठी अभी भी राष्ट्रपति जी के पास ही है। ...(<u>व्यवधान</u>) आपने जो विश्व स्तरीय स्टेशन की घोषणा की थी। हम सब बातें याद नहीं दिलाना चाहते, हम पुराने जमाने में नहीं जाना चाहते हैं। यह सोचकर हमें और भी चिंता होने लगेगी। आपके यूपीए वन के कार्यकाल में कुल्हड़ की बात हुयी थी, वह भी नहीं हो रहा है। यह तय हुआ था कि खादी की चादर उसके अंदर होगी, लेकिन वह भी नहीं है। खादी से तो कांग्रेस के लोगों का बड़ा पुराना लगाव रहा है, लेकिन आजकल तो खादी पहनकर नेता ही नहीं आ रहे हैं, तो इसके बारे में चर्चा करना भी ठीक नहीं है। मैं समझता हूं कि जो विश्व स्तरीय स्टेशन की बात है, उसको बढ़ाकर आपने पच्चीस कर दिया है, फिर पचास भी कर दिया गया, लेकिन मैं आपसे जानना चाहता हूं कि इसमें बिहार का भी कुछ हक है या नहीं? केवल पटना का नाम आया, पटना तो पहले ही हो गया था। बिहार के लोगों ने कोई अन्याय नहीं किया। हम भी इस देश के वासी हैं। हम लोग थोड़ा टैलेंटेड होते हैं, कंपटीशन में एग्जाम देते हैं और ज्यादा संख्या में पास कर जाते हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि हम लोगों पर एकदम रेड टेप लगा दिया जाए। बिहार से रेल मंत्री ज्यादा रहे, तो इसका मतलब अब बिहार में रेल का काम ही छोड़ दिया जाए। बिहार के अंदर भागलपुर के बाद कोई विश्वस्तरीय स्टेशन दीजिए। कहीं नहीं देना हो तो नालंदा, विक्रमशिला, तक्षशिला में ...(<u>व्यवधान</u>) मैंने कहा कि ये तीन संस्कृति इस पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में जानी जाती हैं। तक्षशिला तो चला गया पाकिस्तान में और अब हमारे पास धरोहर क्या बची? नालंदा, जहां के हमारे नीतीश बाबू हैं और विक्रमशिला के हमारे मित्र निशिकांत दुबे जी यहां बैठे हुए हैं। उदय सिंह जी और कीर्ति आजाद जी भी वहीं से आते हैं।

उपाध्यक्ष जी, मुझे सौभाग्य कि मैं विक्रमशिला का सांसद हूं। वहां से पूरी दुनिया को शिक्षा दी जाती थी। अगर वहां अंतराष्ट्रीय स्तर का स्टेशन ...(<u>व्यवधान</u>) उपाध्यक्ष जी, इतनी जल्दी घंटी बजा दी, अभी तो मैंने शुरू किया है। हमारी 116 एमपीज की पार्टी है।

उपाध्यक्ष महोदय : आपको आधा घंटा हो गया है। आपके सामने घड़ी है और आपकी पार्टी से 6 सदस्य बोलने वाले हैं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : उपाध्यक्ष जी, अभी तो हमने शुरू किया है।...(<u>व्यवधान</u>)

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने आपको बता दिया है, बाकी आप देखिए।

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : रेलवे का इंजन जब स्टार्ट होता है, उसके तुंत बाद सीटी बज जाए तो दिक्कत हो जाती है।...(<u>व्यवधान</u>)

उपाध्यक्ष महोदय : आजकल बिजली से चलने वाली ट्रेन हैं। दबाने से स्पीड और बढ़ती है।

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : विक्रमशिला में पालवंश का शासन था, जो बंगाल के थे। इसलिए मैं कहता हूं कि आपको भागलपुर में विश्वस्तरीय स्टेशन बनाना चाहिए। उपाध्यक्ष जी, मेरी आपके माध्यम से गुजारिश है कि आखिर रेलवे के अंदर कब सुधार होगा। हम ट्रेन में जाते हैं, हमारे यहां एयरपोर्ट नहीं है। हर हफ्ते शुक्रवार को जब हम जाते हैं तो बंगाल के सारे सांसद मिल जाते हैं। वे कहते हैं कि आप कोलकाता इतना क्यों आते हैं। मैंने कहा, हम कोलकाता आते नहीं हैं बल्कि यहां से होकर भागलपुर जाते हैं। वहां फ्लाइट से जाते हैं, फिर हावड़ा-जमालपुर ट्रेन, मुंगेर वाले मोनाजिर साहब के क्षेत्र की ट्रेन पकड़ते हैं। हालत ऐसी है कि कई बार हमारे कोलकाता के कार्यकर्ता हमें खाना देते हैं। एक दिन उन्होंने हमें खाना दिया। हमने उसे नीचे रख दिया। हमारी आंख लग गई और जब सोकर उठे तो देखा कि वह खाना चूहा खा गया था। ट्रेन में मच्छर काटते हैं, उसे बर्दाश्त कर लेंगे, क्योंकि बिहार में बहुत दिनों तक बिजली नहीं होती थी तो मच्छर काटते थे। इसलिए थोड़ी आदत है। लेकिन ट्रेन में बदन पर तिलचट्टा भी चलता है। इससे बड़ी दिक्कत होती है। ट्रेन में जो बैड-रोल मिलता है, उसका जो कम्बल है, शायद दीदी को और किसी ने भी कम्प्लेंट की होगी, वह इतना गंदा होता है कि उस पर पेंटिंग बनी हुई होती है। हमें लगता है कि उसमें मार्डन आर्ट बना हुआ है। उसे ओढ़ने में दिक्कत होती है।...(<u>व्यवधान</u>) निशिकांत जी ने कल ही कम्प्लेंट दी है। कम्बल में से बदबू आती है, खुशबू नहीं आती। इस तरह की कई चीजें मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं। मेरे खड़े होने का मतलब वेक-अप अलार्म है। आज भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में है। हम पॉज़िटिव एप्रोच के विपक्ष हैं, हम सिर्फ नेगेटिव लाइन पर ही नहीं

चलते, जैसे सरकार के लोग सत्ता के मद में चूर होकर चल रहे हैं। हमारा काम आपको जगाते रहना है। आपने रेलवे में निजी क्षेत्र की भूमिका की तैयारी की है। मैं उसके बारे में लम्बा नहीं बोलूंगा। उस विषय को मैं अपने दूसरे साथियों के लिए छोड़ता हूं।

सेफ्टी और सिक्युरिटी के हाइजीन पर ध्यान देना चाहिए। आप विश्वस्तरीय स्टेशन बनाएंगी। रेलवे में टूरिज़्म पर डैवलपमैंट होना चाहिए। उस पर कोई ध्यान नहीं है। आप जयपुर से ट्रेन चलाएंगी, कोलकाता से चलाएंगी, दिल्ली से चलाएंगी। इन जगहों से बहुत ट्रेन चल रही हैं, लेकिन ऐसे क्षेत्र जो उपेक्षित हैं, उन पर आपको काम करना चाहिए। उपाध्यक्ष जी, हम आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहते हैं। दीदी, आप जब से रेल मंत्री बनी हैं, हम देख रहे हैं सैंट्रल हाल के खान-पान में थोड़ा सुधार हुआ है। हमने एक दिन देखा कि शत्रुघ्न जी भी यहीं खाना खा रहे थे। इन्होंने कहा कि बहुत बढ़िया खान-पान हो गया है। लेकिन रेलवे में जो खाना मिलता है, आप उसे एक-आध बार चैक करके देखिए। वह एकदम हाइजीनिक नहीं होता, कहीं से भी कुछ चढ़ा देते हैं। उसे खाकर लोग बीमार होने लगे हैं। हम गुजारिश करना चाहते हैं कि यूटीएस सिस्टम, आपने पोस्ट ऑफिस में भी आरक्षण की व्यवस्था कर दी है। इसको और बढ़ाना चाहिए और यूनीवर्सिटीज में ले जाना चाहिए। इसे ऐसे स्थान पर ले जाना चाहिए जहां पर ज्यादा लोग आते हैं ताकि टिकट की व्यवस्था जल्दी हो जाये। आपके उस विषय को भी ध्यान में लाना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि आज आरक्षण नहीं होता।

उपाध्यक्ष जी, आप हम लोगों के कस्टोडियन हैं। हम आपके जरिये यह गुजारिश करना चाहते हैं कि कई बार एम.पी, का भी रिजर्वेशन नहीं होता। अब आपने डीआरएम या डीसीएम को पावर दे दी जब उसका रिश्तेदार जाये, तो फट से सीट रिलीज कर देता है और एम.पी. साहब आये, तो टी.टी. से वह सैटिंग किये रहता है। वह कहता है कि सर, आज सीट ही नहीं है। अब हमें पार्लियामैंट में आना है। आप ऐसी व्यवस्था कीजिए कि अगर संसद सत्र चल रहा है और एम.पी. अगर पार्लियामैंट आना चाहता है, तो आप उसके लिए गाड़ी में एक सीट रखिये। आप टी.टी. के लिए सीट रख रहे हैं, लेकिन एक एम.पी. पार्लियामैंट नहीं आ सकता। आज रिजर्वेशन में इतनी दिक्कत आ रही है जिसका मैं जिक्र नहीं कर सकता।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने घंटी बजा दी है, इसलिए मैं बहुत लम्बा विषय न रखते हुए बिहार की तरफ आता हूं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि बिहार के लोग कोई समुद्र के किनारे नहीं रहते हैं। समुद्र के किनारे जो राज्य हैं, वहां व्यापार बहुत पहले शुरू हुआ था। अब बंगाल, महाराष्ट्र और गुजरात समुद्र के किनारे स्थित राज्य हैं। वहां ट्रांसपोटेशन का काम वह वहां होता है। वहां व्यापारी आते थे। जब जॉइंट बिहार था, तो हमारे यहां कोयला, बाक्साइट आदि सब कुछ था। इन सबको निकालकर अलग राज्य कर दिया। कभी बिहार में इस बात के लिए आंदोलन नहीं हुआ कि यह बिहार का सामान है, इसलिए इसे नहीं ले जाना चाहिए। आज हम डेवलप नहीं हुए। हमारे पास भारत सरकार से भी छोटी-मोटी चीजें हैं। बिहार, यू.पी. पूरे ईस्टर्न इंडिया के अंदर पिछड़ गये हैं। आज एक भारत हो गया है और एक इंडिया हो गया है। हम सब पिछड़े लोग हो गये हैं। हमारे बीच में जो उत्तर के राज्य हैं, वे भारत कहला रहे हैं और कुछ राज्य तरक्की कर गये हैं। हम शुभकामना देते हैं कि सब राज्यों को तरक्की करनी चाहिए और गणतंत्र पूरा मजबूत होना चाहिए। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन आज बिहार के साथ क्यों अन्याय हो रहा है? आज बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने आपको चिट्ठी लिखी थी। हमें लगा कि उन्होंने आपको चिट्ठी लिखी है, तो उनकी सब बात आप मान लेंगे, लेकिन हमारी कोई भी बात मानी नहीं गयी। आज नतेश्वर से सितलामपुर, नरेरा से शिवपुरा लाइन, हरनौत वाला वर्कशाप, पटना-गंगा रेल कम ओवरब्रिज है, उसका काम सुस्त है। रेल कम ओवरब्रिज जो मुंगेर में है, मोनाजिर साहब मुंगेर के रहने वाले हैं। ...(व्यवधान) जब हम बच्चे थे, तब से देख रहे हैं कि वह ब्रिज बन रहा है। अब बड़े हो गये हैं। थोड़े दिन में हम कहेंगे कि बुजुर्ग हो गये, तब भी वह रेल ब्रिज नहीं बनेगा। अगर वह बन जाये, तो उससे पूरे बंगाल को फायदा होगा। वहां बहुत स्लो काम चल रहा है।

दीदी, मेरी आपसे दरख्वास्त है, हम जान रहे हैं कि आप मिशन बंगाल पर लगी हुई हैं। लेकिन थोड़ा बिहार भी आइये। हम आपका ऐसा स्वागत करेंगे जैसा बंगाल में भी नहीं होता। आप एक बार जरा टाइम दीजिए। आप मुंगेर का पुल का विजिट कीजिए। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में हम लोग गये थे। श्री नीतीश कुमार जी ने छः महासेतु बनाये थे। कोसी में एक महासेतु बनाया। हम लोग वहां गये थे। मैं कोसी का हूं। उस समय हुक्मदेव बाबू भी गये थे। उन्होंने मखाने की माला श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को पहनायी। हम लोगों को बड़ी अपेक्षा थी। लालू जी के समय में वह काम कैसे स्लो हो गया, इस बात पर हमें बडी चिन्ता हुई। अब इनके लोग समझते हैं कि बिहार में बहुत काम हो गया। एक आम इप्रेशन संसद में होता है कि स्वाती बिहार के रेल मंत्री हुए और वहां सब काम हो गया। लेकिन आप हमारे यहां फील्ड में विजिट कीजिए। बिहार में कुछ नहीं हुआ है। आज कोसी ब्रिज अधूरा है। आज पटना-गया जो डबलिंग का काम है, वह अधूरा है। सकरी हसनपुर का काम अधूरा है। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी का काम नहीं हो रहा। हाजीपुर-सिगौली का काम नहीं हो रहा। महाराजगंज-मसरक का काम नहीं हो रहा। मैं आपके जरिये यह कहना चाहता हूं कि अररिया से गलगलिया का था, उसका सर्वे लालू जी के समय में हुआ था। वह काम अधूरा है। आज कोसी के खुद दिनेश यादव जी, सहरसा के हमारे एम.पी. बैठे हुए हैं। आज वहां रेल लाइन तो बड़ी हो गयी, लेकिन ट्रेन के नाम पर कुछ नहीं है।

क्या हमें अधिकार नहीं है? सिर्फ पटना में गाड़ी चली जाएगी, पटना हमारी राजधानी है, हमें गर्व है इस बात का। पटना के माननीय सांसद बैठे हुए हैं, इनके यहां सब कुछ दीजिए, अच्छी बात है। हम लोग इनसे कोई झगड़ा करने नहीं आए हैं। पटना पर सभी लोगों का अधिकार है। लालू जी का डेरा वहीं है, भले सांसद छपरा से हैं। सकरी लोखहा वाला काम नहीं हुआ। चुनाव से पहले आपने छपरा में जो व्हील प्लांट लगाया था, हर ब्लॉक में फैक्टरी खोल दी, लोगों को लगा अब बहुत कुछ मिलेगा, लेकिन जैसे ही आप आए, सब काम बंद हो गया है। ...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : आपको पूरी जानकारी नहीं है। व्हील फैक्टरी का 90 प्रतिशत काम पूर्णति पर है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आपने पिछले बजट में मधेपुरा के बारे में जो एनाउंस किया, उसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। चम्पारण के बारे में माननीय रमा देवी जी ने पिपैरिया, ढाका, पताही, मधुवन, शिवहर लाइन की बात कही है, उस पर ध्यान देना चाहिए।

दीदी, हम लोगों को बहुत दिक्कत होती है, जैसे आपको बंगाल में दिक्कत होती है, जनता के प्रति जवाबदेही होती है, उसी तरह भागलपुर में लोग जवाब मांगते हैं। लोग कहते हैं कि आप भारत सरकार में मंत्री रहे हैं, आप यहां सामने की बेंच पर बैठते हैं, आपका क्या प्रभाव है जो वहां डीआरएम कार्यालय नहीं बन पा रहा है। आप इसे थोड़ा देर से कीजिए, लेकिन कर दीजिए। उसमें कोई दिक्कत नहीं है। पहले वाला जो एनाउंसमेंट हुआ है, उसी को कर दीजिए। राजधानी की जो बात हुई है, उसे भी कर दीजिए। इसके अलावा तिनपहाड़-भागलपुर लाइन है, उसको कर दीजिए। मंदार पर्वत जिससे समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें अमृत मिला था, वह हमारे यहां भागलपुर में है, वहां बहुत से पर्यटक आते हैं और देवघर जहां लोग सुल्तानगंज से जल लेकर जाते हैं। उपाध्यक्ष जी, आप भी वहां गए हैं। वहां पर बहुत बड़ा टूरिस्ट सर्किट डेवलप कर सकते हैं। उसकी नई रेल लाइन शुरू करनी चाहिए। आज भागलपुर से गोरखपुर और लखनऊ के लिए कोई ट्रेन नहीं है। आपकी लखनऊ-बर्रौनी ट्रेन है, आपको उसे भागलपुर तक एक्सटेंड कर देना चाहिए, वह गाड़ी दिन भर वहां खड़ी रहती है। मैं यह बात दीदी को बार-बार कह चुका हूं, दीदी मेरी बात सुन-सुनकर ऊब गयी होंगी। जिस तरह कलकत्ता में हावड़ा और सियालदह, दो स्टेशन हैं, उसी तरह भागलपुर में गंगा के उस पार नौगछिया है और गंगा के इस पार भागलपुर है। जब पुल नहीं बना था तो जो कटिहार-बर्रौनी लाइन पर ट्रेन जाती थी, वह वहां नहीं रूकती थी, छोटा स्टेशन था। आपने उसे मॉडल स्टेशन बना दिया, बहुत अच्छा काम हो रहा है। नौगछिया के लोग बहुत खुश हैं। उनकी तरफ से मैं आपको धन्यवाद देता हूं, लेकिन स्टेशन अच्छा करा देंगी और वहां से ट्रेन हम लोगों को चिढ़ाते हुए निकल जाती है कि इतनी बड़ी आबादी, भागलपुर, जो अंग की राजधानी रह चुका है, विक्रमशिला, जहां का सांसद शाहनवाज हो, वहां ट्रेन नहीं रूकेगी। इससे लोगों को बहुत दिक्कत होती है। खगड़िया जंक्शन में जितना रेवेन्यु है, उतना ही रेवेन्यु नौगछिया में है।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : आप तो भागलपुर में प्लेन ले जा रहे थे।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : प्लेन वाला मामला अभी चल रहा है, ले जा रहे हैं। सरकार नहीं बनी नहीं तो अब तक प्लेन वहां उतार ही देते। आपके गया में हमने किया या नहीं? गया में उद्घाटन के समय आपको ले गए थे। आप उद्घाटन करते थे, तो हम लोगो की फोटो नहीं देते थे, लेकिन उस समय आप एमपी थे, आपको गया ले गए, आपकी और राबड़ी जी की फोटो लगवाई थी।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके संरक्षण में एक और बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। जिस तरह से कोलकाता में सियालदाह और हावड़ा दो रेलवे स्टेशंस हैं, उसी तरह आप भागलपुर रूट पर मुंगेर पुल बनेगा तो हमें काफी सुविधा हो जाएगी। आज भागलपुर स्टेशन का नाम नौगछिया (भागलपुर) है। मेरा इस संदर्भ में दीदी से निवेदन है कि आप वहां से गुजरने वाली रेलगाड़ियों का वहां पर एक-एक मिनट का ठहराव कर दें। ...(व्यवधान) अगर खगड़िया से कम रेवेन्यू आपको वहां मिले तो फिर भले ही उनका स्टापेज वहां न रखें। मैं यह कोई बात कम्पीटिशन की हैसियत से नहीं कह रहा हूं। मेरा कहने का मतलब है कि खगड़िया में रेलगाड़ी रुकती है, आप वहां भी रोक दें। आपको खगड़िया जितना ही रेवन्यू वहां से भी मिलेगा। वैसे मैं खुद उस एरिया का हूं और भागलपुर से चुनाव लड़ा हूं।

श्री लालू प्रसाद : आप बोल रहे हैं कि भागलपुर में पैसेंजर को उतार दें, अगर उसने टिकट आगे का लिया है तो क्या उसे वहीं उतार देंगे?

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मेरे कहने का यह मतलब नहीं है। नौगछिया को भागलपुर का स्टेशन मानकर आप भागलपुर में नौगछिया को भागलपुर का स्टेशन मानकर वहां भी रेलगाड़ियों का ठहराव दे दें तो वहां के लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी। नौगछिया अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सिटी है, बाबा धाम लोग जाते हैं तो वहीं सब लोग उतरेंगे और उन्हें काफी सहूलियत हो जाएगी। अगर रेल मंत्री जी ऐसा कर देंगी तो आपको बहुत यश मिलेगा, आपका बहुत नाम होगा और रायटर बिल्डिंग

की तरफ आप तेजी से बढ़ेंगी।

भागलपुर-यशंतपुर एक्सप्रेस एक दिन चलती है और बाकी समय खड़ी रहती है। उस ट्रेन को तीन दिन चलाने का काम करें। पटना में भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय राजेन्द्र बाबू जी की मूर्ति पटना रेलवे स्टेशन के बाहर लगनी चाहिए। वैसे आपने वहां एक रेलवे स्टेशन का नाम नाम राजेन्द्र नगर स्टेशन किया है, लेकिन उनकी मूर्ति वहां नहीं लगाई गई है।

श्री लालू प्रसाद : राजेन्द्र नगर स्टेशन पर मैंने राजेन्द्र बाबू का स्टेच्यू लगवा दिया था।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं पटना रेलवे स्टेशन की बात कर रहा हूं, क्योंकि राजेन्द्र नगर स्टेशन पर ज्यादा यात्री चढ़ते-उतरते नहीं हैं। जब मैं सिविल एविएशन मिनिस्टर था तो मैंने कोलकाता एयरपोर्ट पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का स्टेच्यू लगाया था। इसलिए हमारा आपसे निवेदन है कि राजेन्द्र बाबू की एक बड़ी मूर्ति राजेन्द्र नगर स्टेशन के बाहर लगनी चाहिए।

श्री शत्रुघ्न सिन्हा (पटना साहिब): मैंने इसकी मांग की हुई है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : पटना के सांसद और मेरे साथी शत्रुघ्न सिन्हा जी भी मेरी इस बात से सहमत हैं और इन्होंने भी इसकी मांग की हुई है।

मैं रेल मंत्री जी को शुभकामनाएं देता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं दीदी आपको डरने की जरूरत नहीं है। हम सबका सहयोग आपके साथ है। आप अच्छा काम करेंगी तो हम अपना सहयोग आपको देंगे। इस बार जितना पोजिटिव विपक्ष इस सरकार को मिला है, आपके भाग्य से, ऐसा पोजिटिव विपक्ष पहले किसी सरकार को नहीं मिला है। नारायण स्वामी जी मेरी इस बात को याद रख लें। हम आप लोगों को सहयोग कर रहे हैं, तो ज्यादा सत्ता के अहंकार में चूर होकर चलेंगे तो आपका भी थरूर की तरह विकेट गिर जाएगा। इसलिए थोड़ा सा नार्मल रहें। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बराबर की जिम्मेदारी होती है। देश चलाने का कांट्रेक्ट सिर्फ आपका ही नहीं है, हमारा भी है, क्योंकि लोकतंत्र में विपक्ष की भी अहम् भूमिका होती है। आप काफी दिनों तक सत्ता में हैं, अगर अच्छा काम नहीं करेंगे तो फिर हम लोग आपको इधर बिठा देंगे और हम उधर चले जाएंगे।

CUT MOTIONS

डॉ. निर्मल खत्री (फ़रीदाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, वर्ष 2010-2011 के रेलवे की अनुदानों की मांगों के संदर्भ में चल रही चर्चा पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। यूपीए की चेयरपर्सन माननीय सोनिया गांधी जी के मार्गदर्शन में, प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के कुशल नेतृत्व में और कंर्तिकारी तथा जुझारू व्यक्तित्व वाली रेल मंत्री ममता जी के कुशल मार्गदर्शन में रेल मंत्रालय से जो अपेक्षाएं हम लोगों ने रखी हैं।

हम देख रहे हैं कि रेलवे की गति उसी दिशा की ओर अग्रसर है। रेलवे का विस्तार, जनता पर कम से कम बोझ, यात्री सुविधाओं का विस्तार और सुरक्षा, रेलवे विभाग और मंत्री की कोशिश यही होनी चाहिए। किस तरह से कुशल सामंजस्य इन चीजों में बैठाकर काम चलाया जा सके, यही रेलवे की सफलता का मापदंड होना चाहिए। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हमारी माननीय मंत्री ममता बनर्जी रेलवे को गति देने के लिए, उसके विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सच्चे मन, सच्चे हृदय, सच्ची निष्ठा के साथ आगे बढ़ते हुए हमें दिखाई दे रही हैं। विश्व में भारत के रेलवे नेटवर्क का महत्वपूर्ण स्थान है। हम देखें तो सन् 1950 में ट्रेनों के चलने के लिए जो नेटवर्क मौजूद था, उसे बढ़ाने की कोशिशें पिछली सरकारों के द्वारा होती रही हैं, अपने सीमिति संसाधनों के द्वारा, लेकिन उसे रफ्तार देने का काम आज रेल मंत्रालय और माननीय ममता जी ने शुरू किया है। रेलवे नेटवर्क के विस्तार का एवरेज हम देखें तो 150 किलोमीटर के आस-पास का जो पिछले दिनों 230 किलोमीटर के आस-पास दिखाई दिया, उसका लक्ष्य वर्तमान रेल मंत्री ने 1000 किलोमीटर प्रतिवर्ष का निर्धारित किया है। यह उसी प्रकार है, जिस प्रकार छुक-छुक चलने वाली ट्रेन को माननीय ममता जी ने अपने बजट और अपनी घोषणाओं के माध्यम से दुंतो का रूप दिया है। मैं उनको इसके लिए बधाई देता हूं।

हम अगर आने वाले कल का कोई लक्ष्य रखते हैं, हम अगर आने वाले कल की सोचेंगे तो हम कल के रास्त पर चल सकेंगे और अगर हमारे पास आने वाले कल की सोच नहीं होगी, हमारे पास आने वाले कल का कोई नक्शा नहीं होगा कि हमें उसमें क्या काम करना है, किस रास्ते पर चलना है तो यकीनन हम अपनी योजनाओं को मूर्त रूप नहीं दे पाएंगे। एक सराहनीय पहल रेल मंत्रालय के द्वारा हुई है। विज़न-2020 में इस बात का संकल्प लिया है कि हमें अपने नेटवर्क के विस्तार को 25000 किलोमीटर तक बढ़ाना है। इस लक्ष्य को हमें प्राप्त करना है तो रेल मंत्रालय की यह अग्नि परीक्षा भी है कि जो इस वर्ष का उसका लक्ष्य है, उसे वह प्राप्त करके दिखाए ताकि लोगों को यकीन हो कि जो उसकी 25000 किलोमीटर की दूरदृष्टि है, रेल मंत्रालय और यह विभाग उसे प्राप्त कर सकेगा।

प्रतिदिन 17000 ट्रेनें चलती हैं, 64000 किलोमीटर के सफर को काश्मीर से कन्याकुमारी तक तय करती हैं। बहुत से दुर्गम क्षेत्र जो अछूते थे, वहां तक पहुंचने की कोशिशें हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में कोढ़ी नामक स्थान पर एक पुल रेलवे ट्रेक पर बन रहा है जो शायद विश्व में अपना एक स्थान रखेगा। उत्तरांचल में, उत्तराखंड में, नार्थ-ईस्ट में, हिमाचल में, हर जगह पर रेलवे नेटवर्क को पहुंचाने की योजना, इस बात को साबित कर रही है कि जो दुर्गम क्षेत्र हैं, पहाड़ी क्षेत्र हैं, दुरूह क्षेत्र हैं, रेलवे का काम वहां तक भी पहुंचे और यकीनन यह ममता जी, उनका नेतृत्व और उनकी टीम की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है।

बंगाल के प्रति ममता जी के लगाव का शाहनवाज जी जिक्र कर रहे थे। मैं आज इस मौके पर, इस सर्वोच्च सदन के सामने अपनी बातों को रखने के लिए खड़ा हुआ हूं

15.00 hrs.

मुम्बई और कोलकाता, ये महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के केवल शहर ही नहीं हैं, ये मिनी भारत हैं। यहां देश के विभिन्न अंचलों से लोग जा कर बस रहे हैं, उनकी सुविधाओं को विस्तारित करने के लिए रेल मंत्री द्वारा कुछ अलग से भी प्रयास किए जा रहे हों, तो वे प्रयास केवल बंगाल के लिए ही या महाराष्ट्र के लिए ही नहीं माने जाने चाहिए, बल्कि वे प्रयास मिनी भारत के स्वरूप कोलकाता और मुम्बई के लिए मानने चाहिए। जिन इलाकों के श्रम ने इन शहरों को आगे बढ़ाया है, वे पूर्वांचल के लोग, बिहार के लोग हैं और अगर मुम्बई या कोलकाता में ट्रेनें बढ़ती हैं, तो यकीनन पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को ही सहूलियत मिलेगी। बजट में अगर घोषणा होती है कि रविन्द्र नाथ ठाकुर के 150वें जन्म दिवस के अवसर पर हावड़ा में रविन्द्र संग्रहालय और बोलोपुर में गीतांजलि संग्रहालय की स्थापना की जाए, तो क्या बुराई है? क्या ये संग्रहालय कहीं अन्यत्र स्थापित होने के लिए तर्कसंगत रूप ले सकते हैं? मैं समझता हूं कि इनका तर्कसंगत स्वरूप वही है, जिसकी घोषणा ममता जी ने अपने बजट भाषण में अपने उल्लेख के जरिए सामने रखी है। रेलवे के विस्तार में हमारे आने वाले कल के लिए जो दूरदृष्टि है, यही कांग्रेस पार्टी की भी सोच रही है कि कल के भारत की आवश्यकता और उस आवश्यकता को हम कैसे प्राप्त करेंगे और उस मंजिल तक हम कैसे पहुंचेंगे, यह सोच आज हमारे अंदर पैठा हो, उसी को वीजन 2020 के संदर्भ में ममता जी ने अपने पहले बजट भाषण के माध्यम से पहल की है। यकीनन यह पहला बजट सारी चीजों को सामने नहीं रख सकता, लेकिन उस रास्ते पर बढ़ता हुआ, एक बहुत बड़ा कदम है, ऐसा मेरा विश्वास है।

15.02 hrs (Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

रेल मंत्री जी को पांच हजार सुझाव प्राप्त हुए और अगर हम जनता की सुविधाओं के लिए उनका आकलन करें, तो हम देखेंगे कि चाहे 16 विभिन्न मार्गों पर भारत तीर्थ ट्रेनों की बात हो, चाहे महिला मातृभूमि एक्सप्रेस की बात हो, कर्मभूमि की बात हो, संस्कृत एक्सप्रेस की बात हो, दुंतु ट्रेन की बात हो, तमाम गाड़ियों को बढ़ाने की बात हो, ममता जी ने दिखाया है कि एक तरफ अगर नेटवर्क को बढ़ाने की मंशा है, जिस पर ट्रेनें रफ्तार से दौड़ सकें, उसके लिए भी अगर उनके दिमाग में योजना है, तो दूसरी तरफ हम जनता को और ट्रेनें भी मुहैया करा सकें, जिससे कि जनता आराम से ट्रेनों में सफर कर सके। मल्टी फंक्शनल स्टेशंस, विश्व स्तरीय स्टेशंस, मॉडल स्टेशंस, स्टेशंस पर चार सौ अस्पताल और डायग्नोस्टिक सैंटर्स, रेलकर्मियों के बच्चों के लिए अच्छे स्कूल, खेल-कूद एकाडमी, महिला रेल कर्मचारियों के लिए शिशु सदन, हॉस्टल, कुलियों के लिए राष्ट्र बीमा योजना का विस्तार, जब इन चीजों का जिक्र हो रहा था, शाहनवाज़ साहब भाषण देने खड़े हुए और उन्होंने व्यंग्य किया कि ममता जी को अस्पताल की चिंता है, खेलकूद की चिंता है, शिक्षा की चिंता है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मेरा नाम लिया है, इसलिए मैं बोलना चाहता हूं कि मैंने कोई व्यंग्य नहीं किया, बल्कि किसी और मंत्रालय ने बढ़िया काम नहीं किया, इसलिए दीदी कर रही हैं।

डॉ. निर्मल खत्री : एक नारी माँ के रूप में होती है और उसे अपने परिवार को चलाना है, परिवार को खुशहाल बनाना है। अगर एक तरफ नई ट्रेनों को मुहैया कराना है, तो दूसरी तरफ उन ट्रेनों को चलाने वाले लोग और उनके परिवार की सुविधाओं को भी ध्यान में रखना होगा। और यह भी देखना होगा कि रेलकर्मी जो देश के एक कोने से दूसरे कोने तक ट्रेनों को चला रहे हैं, उनके बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें, उन्हें अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल सके। यदि उनमें स्पोर्ट्स के क्षेत्र में आगे बढ़ने का टेलेन्ट हैं तो उन्हें अच्छी एकेडमी में रखा जा सके और यदि ये तमाम सुविधाएं अगर वह उपलब्ध करा रही हैं तो एक मां का जो स्वरूप होता है अपने परिवार की चारों दिशाओं को खुशहाल बनाने का, मैं समझता हूं कि उस स्वरूप में आगे बढ़कर उन्होंने इस काम को किया है।

महोदय, यात्री सुविधा के नाम पर रेल मंत्री की निगाह कितनी मानवीय है, यह आज उस मद में रखी गई इस राशि को देखकर पता लगता है। इस मद में 1302 करोड़ रुपये के रिकार्ड खर्च का अनुमान हम देख रहे हैं। इतनी बड़ी राशि को उस दिशा में खर्च करने की बात की गई है। हम अगर सुरक्षा की बात लें तो एक बहुत बड़ा अहम् फैसला उनके द्वारा लिया गया है कि जितने मानव रहित समपार हैं, आने वाले पांच वर्षों में हम उन समपारों पर, लैवल क्रासिंग पर चौकीदारों की नियुक्ति करके दिखायेंगे और इसी वर्ष एक हजार कर्मचारियों की नियुक्ति करने का वचन उन्होंने दिया है। इन सारी चीजों को करने के लिए राजस्व की जो आवश्यकता पड़ेगी, उसके लिए जनता पर बोझ न पड़े, टिकट का दाम न बढ़े, ढुलाई का दाम ऐसी चीजों पर न बढ़े, जिससे लोग प्रभावित हों। हमने इस रेल बजट में रेल मंत्री जी को देखा कि माल ढुलाई के संदर्भ में उन्होंने एक तरफ राजस्व बढ़ाने के लिए उन्होंने डोर टू डोर सर्विस और तत्काल सेवा की बात की तो दूसरी तरफ केरोसिन ऑयल और खाद्यान्न पर ढुलाई की दरों में कमी करने का भी ऐलान किया. ताकि महंगाई पर इसका असर न पड़े।

रेलवे का निजीकरण न होने की स्पष्ट घोषणा और दूसरे रेलवे की जो अतिरिक्त भूमि है, उसका किस तरीके से हम सदुपयोग कर सकते हैं, उसके लिए पीपीपी के आधार पर लोगों के सहयोग की अपेक्षा और उसका ऐलान नःसंदेह राजस्व को बढ़ाने वाला, जनता पर बोझ को घटाने वाला और रेलवे को बेहतर दिशा की तरफ ले जाना वाला होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

कर्मचारियों के हित में भविष्य निधि में अंशदान साढ़े तीन सौ से बढ़ाकर पांच सौ करने की घोषणा, सकल यातायात रिशीट में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि और इस वर्ष 2009-10 की तुलना में 6490 करोड़ रुपये अधिक रहने का अनुमान ये सारी चीजें रेलवे की सही दिशा को इंगित करती हैं। अभी तक सर्वाधिक योजनागत परिव्यय 41,426 करोड़ रुपये जो रखा गया है, वह हमें यह दिखा रहा है कि रेलवे की आने वाली कल की दिशा क्या होगी। आठ सौ किलोमीटर का आमान परिवर्तन, 700 किलोमीटर के दोहरीकरण का लक्ष्य और 1021 किलोमीटर की नई लाइनों को पूरी करने का लक्ष्य यकीनन हम सबको मजबूती दे रहा है कि आने वाले दिनों में रेलवे का जो स्वरूप हम देखना चाहते हैं, उस दिशा में काम तेजी से आगे बढ़ चला है। इतने सारे काम, वह भी जनता पर बिना बोझ डाले, रेल टिकट के दाम को बिना बढ़ाये करने की बात बहुत सराहनीय है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है।

लेकिन इसी के साथ हमें कुछ उन बिन्दुओं की तरफ भी सोचना होगा, जो आज कहीं न कहीं से सोचने की दिशा में हम सबके लिए मुख्य बिन्दु के तौर पर हैं। कोहरे का दौर चलता है, रेलवे की चाल धीमी पड़ जाती है। हम उस कोहरे के दौर में कैसे ट्रेनों की रफ्तार पर लगाम न लगने दें, इस बारे में रेलवे को सोचना होगा। ट्रेनों की कोचों और प्लेटफार्मों की सफाई की व्यवस्था को हम किस तरीके से बेहतर कर सकें, इस बारे में रेलवे को सोचना होगा। माननीय ममता जी, आप एक कर्मठ, निर्भीक और ईमानदार नेता हैं। आप तेजी के साथ रेलवे को आगे बढ़ाना चाहती हैं। लेकिन मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आपकी घोषणाओं को मूर्तरूप देने में रेलवे विभाग का जो उच्चाधिकारी वर्ग है, वह कहीं से आपकी चाल के साथ चाल मिलाकर चलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

आज उसे भी पेंच कसने की आवश्यकता है। तमाम घोषणाएं जो पिछले अन्तरिम बजट और इस बजट में आपके द्वारा की गयीं, आज वे मुंह बांये खड़ी हुई हैं, उन पर आगे कुछ प्रयास नहीं हो पाये हैं। मेरे कहने का तात्पर्य सिर्फ यह है कि आपकी तेज रफ्तार के साथ रेलवे, रेलवे बोर्ड के अधिकारी उस रफ्तार से चलें और अगर वे नहीं चल सकते तो आप उसका विकल्प ढूंढें। मैं आपसे यह निवेदन करूंगा और आपसे यह चाहूंगा। हमने देखा है और मैं यह बात एक छोटे से उदाहरण से आपके सामने रख रहा हूं। आपने मल्टी फंक्शनल स्टेशनों को बनाने की घोषणा की। अयोध्या भी उसमें एक था, लेकिन अभी उस पर क्या कार्रवाई शुरू हुई है, मैं नहीं जानता हूं? आपने सहृदय महिला के रूप में, अयोध्या की महत्ता को मानते हुए आगे बढ़कर उसका ऐलान तो कर दिया, लेकिन अधिकारी उस तेज चाल को नहीं समझ पा रहा है, आपकी मंशा को नहीं समझ पा रहा है और आज उसकी आवश्यकता है। यह जो टक्कर रोधी उपकरण है, एसीडी, हम किस तरीके से इसका उपयोग हर जगह कर सकें, आज इसकी भी आवश्यकता है। मैं कुछ ऐसी बातें जो उत्तर प्रदेश से जुड़ी हुई हैं, मेरे क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं, मैं उनका उल्लेख करूं, उसके पहले मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने इस रेल बजट में दिल्ली-फैजाबाद एक ट्रेन जो फैजाबाद और दिल्ली को जोड़ती है, वह सप्ताह में चार दिन चलती थी, उसे आपने सातों दिन करने का ऐलान किया और वह आपने हमें उपलब्ध करायी। सांसदों को मिलने वाली सुविधा, एक पीआरएस जिस स्टेशन पर वे चाहें, मैंने आचार्य नरेन्द्र देव नगर की ट्वाइस दी थी, अभी तीन दिन पहले संसद का सत्र शुरू होने के समय उसकी मशीन और अन्य सारे उपकरण वहां पहुंच गये, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इसी के साथ पूर्वांचल, पूर्वी उत्तर प्रदेश की पीड़ा और अपनी कुछ पीड़ा का जिक्र भी मैं करना चाहूंगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के मजदूरों के बल पर कोलकाता और मुंबई बढ़ा, पंजाब की हरियाली में चमक आयी। आज जिस तरीके से रेलवे को इस दिशा पर अपना ध्यान देना चाहिए था, उसमें कुछ कमी दिखा रही है। बहुत बड़ी लागत से एक बड़ा रेलवे पुल अयोध्या में करोड़ों रूपए खर्च करके बना। एक पैसेंजर और हफ्ते में दो दिन एक एक्सप्रैस ट्रेन उस पर चल रही है। गोरखपुर को अयोध्या के रास्ते दक्षिण भारत से, लखनऊ से इलाहाबाद से जोड़ने का उपक्रम बिना किसी इन्वेस्टमेंट के किया जा सकता था। उसके लिए कोई ट्रैक डालने की जरूरत नहीं है, पुल बनाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन शायद विभाग के अधिकारी इस चीज के लिए तैयार नहीं हैं या उनकी दृष्टि उस कोने पर नहीं है, जहां से मजदूर निकलकर कोलकाता, मुंबई और देश के सुदूर हिस्सों में जाकर अपने श्रम के बल पर उन शहरों को बना रहे हैं, बसा रहे हैं और आगे बढ़ा रहे हैं। उन हिस्सों को भी देखने की आवश्यकता है। बौद्ध परिपथ है, कपिलवस्तु, सारनाथ, लुम्बनी, श्रावस्ती, हमारे जो पूर्वांचल के जनप्रतिनिधि हैं, उन सबकी इच्छा है कि यहां पर रेलवे कनेक्टिविटी हो। यह परिपथ भगवान राम की राजधानी, भगवान राम की नगरी, भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या से जुड़े। लॉर्ड बुद्धा, लॉर्ड राम इन दोनों स्थानों पर जाने वाला यात्री रेलवे में सवार होकर इन सारी जगहों पर श्रद्धा के साथ जा सके, घूम सके। मैं समझता हूं कि हमें इसे महत्व देना चाहिए। आज उन तमाम कामों की आवश्यकता है, जिसका उल्लेख मैंने पिछले रेल बजट में किया, भाषण देने का मौका नहीं मिला था, लेकिन मैंने लिखकर जिक्र किया था। आपने अपने बजट भाषण में कहा था कि मुझे पांच हजार लोगों के सुझाव मिले हैं, सारे सुझावों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है, सारी मांगों को नहीं माना जा सकता, हम यह चाहे कि हर जगह पर दोहरीकरण हो जाये, ऐसा नहीं हो सकता। हर जगह के लिए नयी ट्रेनें मिल जायें, ऐसा नहीं हो सकता, लेकिन मैं समझता हूं कि अगर फैजाबाद और अयोध्या से कोई ट्रेन गुजर रही है तो अयोध्या को महत्वपूर्ण तीर्थस्थल होने के नाते और फैजाबाद को मंडलीय मुख्यालय और अवध की पूर्व राजधानी का गौरव होने के नाते इतना हक जरूर है कि वहां से गुजरने वाली ट्रेनें कम से कम एक मिनट के लिए फैजाबाद और अयोध्या में रूक जायें।

मैंने यह अनुरोध पहले भी किया था। न नई ट्रेन की आवश्यकता है, न ट्रेन की पटरी की आवश्यकता है, न किसी और काम को करने की आवश्यकता है। तीन ट्रेन ऐसी हैं जो वहाँ से गुज़रती हैं -ओखा-गोहाटी, सूरत-मुज़फ़्फ़रपुर और गांधीधाम-कामाख्या, लेकिन अयोध्या में नहीं रुकतीं, फैज़ाबाद में नहीं रुकतीं। कोई अतिरिक्त खर्च नहीं है। आसानी से इस काम को कराया जा सकता है। गरीब नवाज़ ट्रेन अजमेर शरीफ़ को जोड़ने के लिए चल रही है। रुदौली और दरियाबाद मुस्लिम बाहुल्य इलाका है। अक्सरियत में बहुत बड़ी तादाद में इन दोनों जगह मुस्लिम हैं। लोग अजमेर जाना चाहते हैं और लखनऊ तक दौड़ लगाते हैं ट्रेन पकड़ने के लिए जबकि उन्हीं के स्टेशन से यह ट्रेन निकल जाती है। यदि एक एक मिनट के लिए वहाँ ट्रेन रोकने की व्यवस्था हो तो यकीनन उनको सुविधा मिल सकेगी।

भारत तीर्थ ट्रेनों की घोषणा हुई। मुझे उन अधिकारियों की समझ पर बड़ा तरस आता है जिन्होंने 16 मार्ग चिह्नित किये। भारत तीर्थ ट्रेनों की घोषणा में 16 मार्ग चिह्नित हुए, इस देश के तमाम तीर्थ स्थलों का चयन हुआ और माननीय मंत्री जी से उसकी घोषणा करा डाली, लेकिन किसी भी मार्ग पर अयोध्या का ज़िक्र मुझे दिखाई नहीं दिया। आज यह आवश्यकता है कि इस योजना को बनाने वाले जो लोग हैं, उनसे आपको पूछना चाहिए कि वे लोग किस आधार पर इन योजनाओं को बनाते हैं, क्या चाहते हैं, किस तरीके से प्रेजेंटेशन देना चाहते हैं? मुझे उम्तमीद है कि आज ये सारी जो हमारी दिक्कतें हैं पूर्वांचल की, जो हमारे पूर्वांचल के लोगों की सोच है, गोरखपुर-गोंडा लूप लाइन के आमान-परिवर्तन की बात अधूरी है। गोरखपुर-आनन्दनगर तक का कार्य पूरा है लेकिन उसको आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कपिलवस्तु से बस्ती तक नई रेल लाइन, बहराइच-श्रावस्ती-खलीलाबाद नई रेल लाइन, बाराबंकी-अयोध्या-फैज़ाबाद-जौनपुर रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण, इन सारी चीजों पर मैं समझता हूँ कि इन पर धन के खर्च की आवश्यकता नहीं है। आपने योजना आयोग को तमाम प्रस्ताव जो भेजे हैं इस बजट के ज़रिये, अगर उसी में इनको शामिल करके भेज दीजिए तो शायद फीज़ीबिलिटी की रिपोर्ट आप तक पहुँच सके कि ये वाकयी में फीज़ीबल हैं या नहीं हैं और फिर उसके बाद हम अपनी मांग आपके समक्ष रख सकेंगे।

मैं इन बातों के साथ एक चीज़ कहना चाहूँगा जो शाहनवाज़ साहब ने बड़ी अच्छी कही थी। शोर में, हमारी मांगों के बीच में वह कहीं गुम न हो जाए इसलिए मैं दोहराना चाहता हूँ। पिछले दिनों अकबरपुर गांधी आश्रम का बहुत बड़ा सैन्टर रहा है। आज वह बरबादी के कगार पर है। वहाँ के लोग मुझसे मिले। वे कहने लगे कि रेलवे के लोग पहले गांधी आश्रम से रेलवे की चादरें लेते थे और बिछाते थे। इस बहाने कुछ हम लोगों का काम-धाम चल जाता था। आज अगर फिर से वह गांधी आश्रण जो मिशन के रूप में स्थापित हुआ, उसको ज़िन्दा रखने के लिए अगर रेलवे महकमा कुछ कर सके तो बहुत अच्छा काम होगा। मैं फिर से ममता जी की सराहना करता हूँ, उनकी दूरदृष्टि की कद्र करता हूँ। वे जिस तरह से रेलवे में आमूल-चूल परिवर्तन करना चाहती हैं, बदलना चाहती हैं, मैं उसकी कद्र करता हूँ।

जिस ईमानदारी और निष्ठा के साथ आपने रेलवे को गति दी है उसकी मैं कद्र करता हूँ। आवश्यकता है कि उसी रफ्तार के साथ रेलवे भी दौड़ती दिखाई दे, उन् घोषणाओं को मूर्त रूप देती दिखाई दे। इन्हीं बातों साथ मैं अपनी चर्चा को विराम देता हूँ।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): आदरणीय सभापति महोदय, आज सुबह से ही लाइट की थोड़ी प्राबलम है और एसी भी नहीं चल रहा है। इसको ज़रा दिखवा लें क्योंकि तमाम नेताओं को दिक्कत हो रही है।

श्री लालू प्रसाद : ऐसा लगता है हीटर चला दिया है। ...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : सभापति महोदय, आज सुबह से लाइट की प्रोब्लम है, जिसकी वजह से एसी भी नहीं चल रहा है, इसको दिखवा लें, क्योंकि तमाम नेताओं को दिक्कत हो रही है।

महोदय, आपने रेलवे की अनुदान मांगों पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। यह सत्य है कि 17 हजार ट्रेनें 64 हजार किलोमीटर का सफर तय करती हैं और प्रतिदिन करोड़ों लोग यात्रा करते हैं, जो कि बहुत बड़ी बात है। इसकी मशाल को लेकर आदरणीय ममता बेनर्जी जी चल रही हैं, ईश्वर उन्हें शक्ति दे, ताकि वे इस मशाल को लेकर आगे बढ़ें और रेल विभाग विकास करे, यह मेरी हार्दिक शुभकामनाएं हैं।

महोदय, हम इन अनुदान की मांगों का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के कुछ सुझाव दीदी तक पहुंचाना चाहता हूं। हमने कई बार इस बात का जिक्र किया है कि हमारे यहां का नवसृजित जनपद कौशाम्बी है, जो मेरा निर्वाचन क्षेत्र भी है। यह इलाहाबाद से सटा हुआ है और इलाहाबाद से टूटकर नया जिला बना है। वहां तीन व्यवसायिक केन्द्र हैं और तीन टाउन एरिया हैं, भरवारी, सिराथू और कुण्डा, यहां रेलवे क्रासिंग हैं, यहां रेलवे ओवर ब्रिज बनाना बहुत आवश्यक है। इहालाबाद से जब लखनऊ जाते हैं तो कुण्डा पड़ता है और जब अपने जनपद को जब जीटी रोड़ से जाते हैं तो भरवारी और सिराथू रेलवे स्टेशन हैं, जहां फ्लाईओवर बनना बहुत आवश्यक है। दूसरी बात कौशाम्बी, भरवारी, सिराथू और कुण्डा रेलवे स्टेशनों पर तमाम गाड़ियां चलती हैं। हम यह मांग नहीं करते हैं कि आप कोई नई गाड़ी चलाएं, लेकिन जो गाड़ियां चलती हैं, यदि उनका एक-दो मिनट का स्टॉपेज हो जाए तो मेरे ख्याल से वहां के यात्रियों को सुविधा होगी।

महोदय, कौशाम्बी धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। भरवारी और सिराथू को जंक्शन स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भी विभाग ने भेजा है। मैं चाहूंगा कि या भरवारी या सिराथू में से एक को जनपद का मुख्य स्टेशन बना दिया जाए तो मेरे ख्याल से बहुत सारी सुविधाएं हो सकेंगी और रेल स्टॉपेज होने से यात्रियों को भी इसमें सुविधाएं होंगी। इलाहाबाद से लखनऊ यदि हम रोड़ से जाते हैं तो तीन घण्टे लगते हैं, लेकिन ट्रेन से पांच-छः घण्टे लगते हैं। मैं चाहूंगा कि इस लाइन का दोहरीकरण और इलैक्ट्रीफिकेशन किया जाए, जिससे इस सफर में लगने वाले समय को कम किया जा सके।

महोदय, भरवारी और सिराथू टाउन एरिया और व्यवसायिक केन्द्र हैं। यहां से लोग व्यवसाय करने के लिए लोग कानपुर, दिल्ली, कलकत्ता और मुम्बई तक जाते हैं। यहां की बहुत पहले से मुम्बई के ट्रेन चलाने की मांग है या जो ट्रेन मुम्बई के लिए चलती है, उसका स्टॉपेज यदि यहां दे दिया जाए तो इससे यात्रियों को काफी सुविधा होगी। भरवारी, सिराथू और कुण्डा स्टेशनों पर कम्प्यूटर आरक्षण केन्द्र खोलने की मांग की गई थी, दो जगह तो यह पूरी हो रही है, लेकिन मेरी मांग है कि जो ट्रेनें चलती हैं, उनमें कुछ कोटा उन स्टेशनों का निर्धारित हो जाए तो मेरे ख्याल से सभी यात्रियों को अच्छी सुविधाएं मिलेंगी और जो व्यवसाय करने वाले लोगों को भी सुविधा होगी।

महोदय, आदरणीय बहन जी ने दुरान्तो ट्रेन की घोषणा इलाहाबाद से दिल्ली के लिए की थी, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि आपने न तो दिल्ली से और न ही इलाहाबाद से झण्डी दिखाई। हमारे श्रीप्रकाश जायसवाल जी आपको कानपुर हाईजैक करके ले गए और वहां से उद्घाटन करवा दिया।

यह तो इलाहाबाद का बहुत बड़ा अपमान हुआ। आदरणीय सोनिया गांधी जी यहां बैठी हुई हैं, मैं चाहूंगा कि आप इलाहाबाद पर विशेष ध्यान दें, आपका ससुराल है, घर है। इसलिए इस पर विशेष ध्यान दें, उस महत्व को कम न करें। अगर आपने ट्रेन चलाई थी तो आदरणीय सोनिया जी, आप वहां आतीं, इलाहाबाद से अगर करतीं तो मेरे ख्याल से उसका अच्छा प्रभाव पड़ता और जो रेलवे डिपार्टमेंट से संबंधित खामियां थीं, वे दूर हो जातीं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण बात बताना चाहूंगा कि दीदी, हम लोग पत्र माननीय रेल मंत्री जी, भारत सरकार, नई दिल्ली को लिखते हैं, लेकिन जब हमारे पास जवाब राज्य मंत्री का आता है तो हमें बड़ा दुख होता है कि पता नहीं हमारे पत्र को आप पढ़ती हैं, उस पर गौर करती है, ध्यान देती हैं या नहीं। जब जवाब राज्य मंत्री का आ जाता है कि आपका पत्र मिला, आवश्यक कार्यवाही के लिए देखा जा रहा है तो बड़ा दुख होता है। मैं चाहूंगा कि अगर हम रेल राज्य मंत्री जी को पत्र लिखें तो रेल राज्य मंत्री का जवाब आए और अगर आपको पत्र लिखें तो आपका जवाब आए, इससे हम लोगों की थोड़ी सी हिम्मत बढ़ती है कि यह काम हो जाएगा, फिर चाहे काम हो या न हो, लेकिन एक सम्मान की बात होती है।

सभापति महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

रेल मंत्री (कुमारी ममता बनर्जी): हमारे दो कुलिग हैं, उन्हें भी तो कुछ काम करना है। हम मिलजुल कर सब काम करते हैं, डिस्ट्रीब्यूट करके करते हैं। अभी मैं यहां बैठे-बैठे भी देख रही हूं।...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : मेरा इसमें एक भी पत्र नहीं है।...(व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी: सभी माननीय सदस्यों का है। राज्य मंत्री को भी थोड़ा काम करना है।...(व्यवधान)

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, आपने मुझे सन् 2010-11 के रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। रेल देश की जीवन रेखा है, रेल बजट में माननीया रेल मंत्री जी ने बहुत सारी घोषणाएं की हैं। देश में रेलवे के विकास के लिए और नयी ट्रेनें चलाने के लिए, उनके आधुनिकीकरण के लिए तथा विश्वस्तरीय स्टेशन, प्लेटफॉर्म बनाने के लिए घोषणाएं की गई हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीया रेल मंत्री जी का ध्यान इलाहाबाद और बनारस, जो उत्तर प्रदेश में है, वह बल्कि विश्व स्तर का सबसे बढी पवित्र नगरी और पर्यटन एवं ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है, उधर मैं मंत्री जी का ध्यान ले जाना चाहूंगा। सन् 2013 में प्रयाग में महाकुंभ लगने वाला है। वहां करोड़ों-करोड़ लोग देश के प्रत्येक जनपदों एवं ग्रामीण अंचलों से आते हैं, विश्वस्तर के लोग भी वहां इकट्ठे होते हैं। आज भी इलाहाबाद स्टेशन बहुत सारी सुविधाओं से वंचित है। वहां विश्व स्तर के रेलवे स्टेशन बनाने की मांग है, मेरी भी मंत्री जी से मांग है कि इस बजट में इलाहाबाद को भी उसमें जोड़ने का प्रावधान करें। यू.पी.ए. की चेयरपरसन सोनिया गांधी जी का भी हमेशा वहां से लगाव रहा है, इस परिवार के लोग हमेशा उस क्षेत्र को कुछ न कुछ देते रहे हैं और वहां से इन्हें सम्मान मिलता रहा है, उधर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। वहां कुछ छोटे-छोटे स्टेशंस हैं। जब कुंभ का समय आता है और देश की जनता उमड़ती है तो उन स्टेशनों में इतनी भीड़ हो जाती है कि ट्रेक पार करते समय बहुत सारे एक्सीडेंट्स हो जाते हैं। जैसे सलोरी, बयाड़ा, कालिंदीपुरम, झूंसी आदि छोटे-छोटे स्टेशंस हैं,

वहां ओवर ब्रिज की जरूरत है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मंत्री जी से हमने पिछले बजट में भी आग्रह किया था, आपका ध्यान भी इस तरफ आकृष्ट किया था और आपसे निवेदन भी किया था कि इलाहाबाद और बनारस के बीच सिंगल ट्रेक है, उसके दोहरीकरण के लिए हमने मांग की थी। आपने व्यक्तिगत रूप से कहा था कि इसे लिया जाएगा, लेकिन शायद इस बजट में उसे लिया गया या नहीं, इसका मुझे ठीक से पता नहीं है। प्रयाग और काशी, बनारस और इलाहाबाद के बीच में दो ऐसे धर्मस्थान पड़ते हैं - एक विंध्याचल है।

जो लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ शक्तिपीठ है और दूसरा सीता-समाहित स्थल है, जहां हजारों की संख्या में विदेशी तथा देश के कोने-कोने से प्रति दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। काशी और प्रयाग के बीच में, एक भदोही जनपद है, जहां से मैं चुनकर आता हूं। वह मेरा लोक सभा क्षेत्र भी है। लोग कहते हैं कि जहां इतनी सारी घोषणाएं हुई हैं, आप भी इस क्षेत्र से चुनकर गए हैं, क्या आप हमारी छोटी-मोटी मांग भी माननीया रेल मंत्री जी से पूरी नहीं करा सकते? जब मैं क्षेत्र में जाता हूं, तो जो मांग वर्षों से लोग उठाते रहे हैं और मेरे सामने भी रखते हैं, जिसे पिछले बजट के समय भी मैंने उठाया था, मैं उसी की ओर आज फिर आपके माध्यम से माननीया मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वह भदोही, जो हजारों करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा, कालीन-व्यवसाय के माध्यम से अर्जित करता रहा है, जो कालीन-व्यवसाय, वहां रोजी-रोटी के साथ-साथ विदेशी-मुद्रा तो अर्जित करता ही रहा, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले गरीबों को रोजगार भी देता रहा है और आज भी वह गांव-गांव में फैला हुआ है और केवल भदोही ही नहीं, बल्कि मिर्जापुर, जौनपुर, बनारस, इलाहाबाद और पूर्वान्चल के अन्य दर्जनों ऐसे जनपद हैं, जिनमें गांवों में रहने वाले झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले वे व्यक्ति अभी भी कालीन-व्यवसाय में लगे हैं और उनकी रोजी-रोटी भी चलती है और विदेशी मुद्रा भी अर्जन होता है। उस भदोही नगर में, विदेशी बायर आते हैं, लेकिन भदोही के बीच से होकर रेलवे ट्रैक जाता है, वहां पर ओवरब्रिज की मांग बरसों से चल रही है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई भी प्रगति नहीं हुई है। मैंने पिछली बार भी आपका ध्यान इस ओर आकर्षित किया था, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भी उसकी जो अर्हताएं हैं, वे पूरी की गई हैं। वहां ओवरब्रिज की आवश्यकता है, क्योंकि घंटों जाम लगा रहता है। जो विदेशी बायर एक बार उस जाम में फंस जाता है, वह दुबारा भदोही आने का नाम नहीं लेता है। वहां का जो रोजमर्रा का संकट है, वह तो है ही, लेकिन वहां से जो हमारा कालीन का एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट चल रहा है, वह भी प्रभावित हो रहा है। इसलिए वहां ओवरब्रिज बनाने की नितान्त आवश्यकता है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से, दो मांगें माननीया रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं। आपने जहां रेलवे में बहुत सी व्यवस्थाएं दी हैं, जहां आपने नई रेलगाड़ियां चलाने की बात रखी है, वहीं हमने पिछली बार भी आपसे मांग की थी कि बनारस से इलाहाबाद होते हुए, दिल्ली और नई दिल्ली के लिए एक ट्रेन चलती है। वहाँ एक जनपद या मुख्यालय है, कालीन नगरी है। इसलिए एक मिनिट का शिवगंगा एक्सप्रैस का ठहराव, जो ज्ञानपुर जनपद का मुख्यालय है, वहां सीता-समाहित स्थल है, जो विश्वस्तरीय पर्यटक स्थल है, जहां हजारों-हजार पर्यटक प्रति दिन आते हैं, वे भी वहां रुकना चाहते हैं, लेकिन कोई ऐसी ट्रेन नहीं है, जिसका वहां एक मिनट का ठहराव हो सके। वह ट्रेन वहां पिछले दिनों रुकती थी, लेकिन पता नहीं किस कारण से अब वह वहां नहीं रुक पा रही है। वहां की जनता की व्यवस्था की दृष्टि से वहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की दृष्टि से पुरजोर मांग है कि ज्ञानपुर रोड स्टेशन जो ज्ञानपुर जनपद का मुख्यालय है, वहां एक मिनट के लिए शिवगंगा एक्सप्रैस का ठहराव दिया जाए। इस बारे में पिछली बार जब मैंने यह बात रखी थी, तब माननीय रेल मंत्री महोदया ने आश्वासन भी दिया था और कहा था कि इस बारे में जरूर कार्रवाई की जाएगी। शायद मेरी यह मांग उनके डिमाग से स्लिप हो गई है। मैं पुनः मांग करता हूं कि एक मिनट का ठहराव, शिवगंगा एक्सप्रैस ट्रेन का ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर दिया जाए। इससे क्षेत्र की जनता को तो सुविधा मिलेगी ही, साथ-साथ सीता-समाहित स्थल, जो वहां का पर्यटन केन्द्र है, उस ठहराव से लोगों को लाभ होगा।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से, माननीया रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि आपकी बजट व्यवस्था में योजना है कि पांच सालों में आप कोई भी मानव-रहित रेलवे क्रॉसिंग को यों ही नहीं रहने देंगी, उसे समपार व्यवस्था देंगी, लेकिन काशी और प्रयाग के बीच से, इतना घना एरिया है, ग्रामीण अंचल है, वहां गरीब लोग रहते हैं, उन स्टेशनों पर जहां समपार नहीं हैं, जहां मानव-रहित क्रॉसिंग हैं, वहां हर वर्ष हजारों की संख्या में एक्सीडेंट्स होते हैं। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि काशी और प्रयाग का मध्य, काशी-बनारस-इलाहाबाद का मध्य, जहां ऐसे समपार नहीं हैं, वहां समपारों की व्यवस्था भी आपके माध्यम से होनी चाहिए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से एक-दो बातें और रखना चाहूंगा कि दूरन्तो रेलगाड़ियां आपने देश के विभिन्न स्थलों में चलाई, लेकिन वे दो स्थल, जिनका मैं बार-बार जिक्र कर रहा हूं, काशी, प्रयाग, इलाहाद और बनारस, वहां से रोजाना हजारों की संख्या में लोग बड़े नगरों की ओर जाते हैं, विशेषरूप से मुम्बई और कोलकाता की ओर जाते हैं।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि कोई दूरन्तो एक्सप्रेस बनारस से इलाहाबाद होते हुए, मुंबई को जोड़ने के लिए जो कि एक क्षेत्रीय मांग है और सुविधा की दृष्टि से, व्यवस्था की दृष्टि से इस मांग को मैं भी आपके माध्यम से रखना चाहता हूं।

महोदय, कुछ ऐसे स्टेशन हैं, जहां विस्तारीकरण की मांग है और वहां अभी तक वही पुराना सिस्टम है। वहां छोटे प्लेटफार्म्स है। लोगों के चढ़ते-उतरते वक्त आएदिन एक्सीडेंट्स हमें देखने को मिलते हैं। ऐसे स्टेशन जहां आप इतनी सारी व्यवस्थायें दे रही हैं, वहां हम छोटी-मोटी मांग की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहेंगे। काशी और प्रयाग के बीच में झूंसी, हड़िया, ज्ञानपुर रोड, जंघई, फूलपुर ऐसे स्टेशन हैं, जिनके प्लेटफार्म के विस्तारीकरण की आवश्यकता है। जहां आपने विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने की व्यवस्था दी है, जहां बहुत सारी योजनाएं बनायी हैं, वहां इन स्टेशंस को थोड़ा विस्तार करके आधुनिक बना दिया

जाए, ताकि आए दिन जो दुर्घटनाएं होती हैं, उन पर विराम लग सके। मैं पुनः शिवगंगा एक्सप्रैस को ज्ञानपुर रोड पर रोकने के लिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं। यह जनहित में, क्षेत्रहित में और लोगों की विशेष पुरजोर मांग है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): सभापति महोदय, मैं वर्ष 2010-11 के लिए रेल की अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेने के लिए खड़ा हुआ हूं। जब-जब रेल का बजट लोकसभा में आता है, बिहार के सांसद, बिहार की समस्याओं के बारे में बार-बार उल्लेख करते हैं। लेकिन जिस तरह से वे अपनी बात, राज्य के बारे में और अपने क्षेत्र के बारे में ये रखते हैं, हम समझते हैं कि उसकी अनदेखी की जाती है और उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। लेकिन हम लोगों का कर्तव्य है, हम सांसद हैं तो अपने क्षेत्र की बात उठाएंगे ही।

महोदय, हम छोटा सा उदाहरण देना चाहते हैं माननीय रेल मंत्री जी ने 8.7.2009 को जो रेल बजट पूस्तुत किया था, उसमें उन्होंने कहा था कि प्रत्येक सांसद की अनुशंसा पर एक-एक स्टेशन पर जो उनका सुझाव होगा, उनको कंप्यूटरीकृत किया जाएगा और आरक्षण की सुविधा दी जाएगी। मैंने दो-दो बार रेल मंत्री से मिलकर पत्र भी दिया, उन्होंने वृतादेश भी उस पर लिखा लेकिन आज तक उक्त स्टेशन पर आरक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। हम जहां से सांसद हैं, वह बिहार का खगड़िया लोकसभा क्षेत्र है, इससे पहले सहरसा लोकसभा से सांसद होते थे। यह पिछड़ा हुआ बाढ़ प्रभावित इलाका है। पहले तो अमान परिवर्तन नहीं होने से सहरसा छोटी रेल लाइन से जुड़ा हुआ था। वहां छोटी रेल लाइन थी, लेकिन अब अमान परिवर्तन हो गया। अब बड़ी रेल लाइन से सहरसा जुड़ गया, लेकिन वहां से गाड़ियों की बहुत कम संख्या है, जबकि यात्री बहुत अधिक हैं। समस्तीपुर डिवीजन में सबसे अधिक आय सहरसा स्टेशन से ही होती है, लेकिन वहां गाड़ी की कमी के कारण लोगों को भारी कठिनाई होती है। हमने माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह किया था कि एक गाड़ी समस्तीपुर से आती है, गाड़ी संख्या 364 डाउन, समस्तीपुर-खगड़िया पैसेंजर, जो खगड़िया स्टेशन पर 11.15 बजे पहुंचती है और लगभग पांच घंटे गाड़ी का रैक और इंजन वहीं रूका हुआ रहता है। हमने आग्रह किया था कि उस गाड़ी को, पचास किलोमीटर दूरी पर सहरसा है, वहां तक उसका विस्तार कर देने से कोई अलग से व्यवस्था भी नहीं करनी पड़ेगी, लेकिन वह व्यवस्था नहीं गयी। वहां के लोगों को जो दिक्कत होती थी, उसी तरह से अभी भी उनको उसका सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, इस देश में 22 दूरन्तो गाड़ी चलायी गयीं, लेकिन बिहार का दुर्भाग्य कहिए या सौभाग्य कि बिहार से एक भी ऐसी गाड़ी नहीं चली। पहले भी हमने मांग की थी, बिहार के सभी सांसदों ने मांग की थी, लेकिन उस पर रेल मंत्री जी का ध्यान बिल्कुल नहीं गया। पिछले रेल बजट में पिछड़े क्षेत्रों को जोड़ने के लिए सामाजिक रूप से वांछनीय परियोजना के सर्वेक्षण को अद्यतन करने की 114 योजनाएं ली गयीं।

उसमें बिहार से एक भी योजना का उल्लेख नहीं है। मेरा आग्रह है कि सिमरी-बख्तियारपुर से बिहारीगंज एवं सहरसा से कुशेश्वर स्थान के सर्वेक्षण को भी अद्यतन करवाकर उस रेल लाइन का निर्माण करवाया जाए। उसी तरह पिछले रेल बजट में नई रेल लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण, अन्य सर्वेक्षण के 69 रेल खंडों को लिया गया, लेकिन उसमें बिहार का सिर्फ एक दोहरीकरण का सर्वेक्षण किऊल से गया है। इसलिए मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि सहरसा जो अत्यंत

पिछड़ा हुआ इलाका है, सहरसा से मानसी रेल खंड के दोहरीकरण का सर्वेक्षण करवाकर उसका निर्माण करवाया जाए।

रेल मंत्री जी ने रेल बजट में अच्छी-अच्छी व्यवस्थाएं भी करवाई हैं, जैसे बाह्य रोगी के लिए 383 डायग्नोस्टिक केन्द्र खोले गए। हमारा आग्रह है कि हमारे संसदीय क्षेत्र के हसनपुर रोड, खगड़िया, मानसी एवं सहरसा में भी बाह्य रोगी डायग्नोस्टिक केन्द्र खोला जाए।

उसी तरह द्वितीय स्तर के सामान्य विशेषता वाले अस्पताल भी खगड़िया एवं मानसी में खोले जाएं। तृतीय स्तरीय बहु-विशेषता अस्पताल जो सिर्फ बिहार के कटिहार में खोला गया, सहरसा में भी उसी तरह का अस्पताल खुले, यह रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहते हैं। खगड़िया जहां से हम सांसद हैं, वह उत्तर बिहार का मुख्य स्टेशन है। वहां से लम्बी दूरी की कई गाड़ियां गुजरती हैं जो कटिहार में रुकती है, बरौनी में नहीं रुकती है। इसलिए हम मांग करते हैं कि जिस खगड़िया स्टेशन से उसके अगल-बगल के सात जिले के रेल यात्री सफर करते हैं, उस स्टेशन पर गाड़ी संख्या 5631, 5632 बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 2501, 2502 दिल्ली-गुवाहाटी सम्पर्क क्रान्ति, गाड़ी संख्या 5715, 5716 गरीब नवाज एक्सप्रेस का ठहराव खगड़िया जंक्शन पर दिया जाए । एवं राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव भी खगड़िया स्टेशन पर किया जाए।

उसी तरह सहरसा जंक्शन का पहले जो उल्लेख किया, वह काफी महत्वपूर्ण स्टेशन है। आमान परिवर्तन होने के बाद उसकी महत्ता और बढ़ गई है। लेकिन सहरसा से पटना आने-जाने के लिए रात्रि में एक्सप्रेस गाड़ी नहीं रहने से यात्रियों को भारी कठिनाई होती है। इसलिए रात की गाड़ी सहरसा-पटना के बीच चलाई जाए। सहरसा से मद्रास के बीच सीधी गाड़ी चलाने की व्यवस्था भी की जाए। सहरसा-पटना के बीच चलने वाली कोशी एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त 6-6 सवारी डिब्बों को जोड़ा जाए, क्योंकि अभी उसमें जितने कोच लगाए गए हैं, उनसे रेल यात्रियों को भारी दिक्कत होती है। इसलिए यह व्यवस्था करवाना आवश्यक है।

उत्तर बिहार के जिन इलाकों में जो रेल परियोजना चल रही थी, जो काफी महत्वपूर्ण है, जो बहुत दिनों से चल रही थी, लेकिन आज तक वह पूरी नहीं हो रही है, सभापति जी हम उसका उल्लेख आपके माध्यम से रेल मंत्री जी के विचार के लिए करना चाहते हैं। खगड़िया से कुशेश्वर स्थान मात्र 44 कि.मी. का रेल खंड है। उसके निर्माण की स्वीकृति 1996 में हुई थी। उस पर 162 करोड़ रुपये अनुमानित खर्च था। आज तक उस पर 68 करोड़ 2 लोख रुपये खर्च हो चुके हैं। पिछले बजट में मात्र 5 करोड़ रुपये दिए गए। जब इसमें इतनी राशि खर्च की गई है तो माननीय रेल मंत्री जी जो प्रॉयरिटी तय कर रही थीं, उसमें इसे भी रखा जाना चाहिए और इसके निर्माण को भी पूरा करवाया जाना चाहिए। इसी तरह सकरी से हसनपुर लगभग 80 कि.मी. का रेल खंड है। उसके निर्माण की अनुमानित लागत 175 करोड़ रुपये थी। आज तक उस पर 128 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। पिछले बजट में उसके लिए 20 करोड़ रुपये की राशि दी गई। जब इतनी राशि दी गई तो हम समझते हैं कि उसकी प्राथमिकता भी तय होनी चाहिए कि उसे कब तक पूरा करवा दिया जाएगा। वह नहीं किया गया है। मानसी से सहरसा, सहरसा से दौरम मधेपुरा तक आमान परिवर्तन के कार्य पूरे हो गए। कुछ दिन पहले सहरसा से दौरम मधेपुरा के गेज कन्वर्जन का काम पूरा हो गया। बिना उद्घाटन के गाड़ी चल गई। इससे लोगों को काफी खुशी हुई। लेकिन मधेपुरा से पूर्णिया तक का जो रेल खंड है, उस पर लगभग 298 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, 20 करोड़ रुपये का पिछले रेल बजट में प्रोवीजन किया गया। अब मात्र 30 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। हम रेल मंत्री जी से आग्रह करते हैं कि इसे भी प्राथमिकता में लेकर निर्माण पूरा करवाना चाहिए ।

बॉर्डर इलाके से एक बहुत महत्वपूर्ण रेल लाइन है। सकरी से लौकहा-बाजार-निर्मली व सहरसा से फॉरबिसगंज 206 किलोमीटर का रेल खंड है, जिस पर 355 करोड़ रुपया खर्च होता है। लेकिन उसके निर्माण का कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है, जबकि यह नेपाल से सटा हुआ रेल खंड है। पिछले बजट में मात्र पांच करोड़ रुपया दिया गया और प्राथमिकता की सूची जो हमने पिंक बुक में देखी, उस प्राथमिकता की सूची में लिखा हुआ है कि 31.3. 2012 तक इस काम को कर देंगे।

सभापति महोदय, जब काम ही शुरू नहीं होगा, तो प्राथमिकता सूची कैसे पूरी होगी। इसलिए हमारा आग्रह है कि इसमें राशि देकर उस काम को पूरा कराना चाहिए। एक महत्वकांक्षी प्रोजैक्ट --रेल महासेतु कोसी नदी पर पुल बन रहा है जिसका शिलान्यास तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किया था, वह 341 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट था। पिछली सरकार में भी इस पर बहुत काम हुआ, लेकिन आज काम की गति बहुत धीमी हो गयी है। अब यह काम कब पूरा होगा, यह समझ में नहीं आता। लेकिन इसकी भी प्राथमिकता 31.3.2012 तक तय है। इसलिए हम रेल मंत्री जी से आग्रह करते हैं कि इसमें राशि दिलाने के अलावा आप पदाधिकारियों को नियंत्रित कीजिए। आप पदाधिकारियों को कहिए कि वे इस काम को शीघ्र गति दें और उसे पूरा करायें। हम माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहते हैं कि जिस परियोजना की शुरुआत माननीय लालू प्रसाद जी ने की थी- उस मधेपुरा ग्रीन फील्ड विद्युत रेल इंजन विनिर्माण कारखाने की स्थापना, जो मधेपुरा में होनी थी और जिस पर 1960 करोड़ रुपया खर्च होता, पिछले बजट में माननीय रेल मंत्री जी ने 115 करोड़ रुपया उसके लिए दिया, इसके लिए हम उनको धन्यवाद देते हैं। हमें ऐसा विश्वास है कि जो पिछड़ा हुआ इलाका है, उसमें इस प्रौजेक्ट को वह अवश्य पूरा करा देंगी। सहरसा में बड़ी रेल लाइन की सवारी, डिब्बा अनुरक्षण की सुविधा का निर्माण बहुत दिनों से हो रहा है। एक प्रश्न के जवाब में माननीय रेल राज्य मंत्री ने कहा था कि इसी वित्तीय वर्ष में हम उसे पूरा करा देंगे। लेकिन मार्च बीत गया, पता नहीं रेल का वित्तीय वर्ष कब खत्म होगा। आज तक उसका काम पूरा नहीं हुआ। उसी तरह से चुकती ढाला पर एक ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा था, उस पर भी रेल राज्य मंत्री जी ने सदन में आश्वासन दिया था कि हम इसी वित्तीय वर्ष में इसे पूरा करा देंगे। लेकिन आज तक उसका काम पूरा नहीं हुआ। वहां सामान जरूर रखा हुआ है, लेकिन वह काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इसलिए सभापति जी हमने आपके माध्यम से अपनी पीड़ा और वेदना माननीय रेल मंत्री जी को बतायी। हम लोग जिस इलाके से आते हैं, वह अत्यंत पिछड़ा हुआ इलाका है। उस इलाके में बहुत दिनों से जो योजना चल रही है, उसका निर्माण शीघ्र हो, हम यह आग्रह करना चाहते हैं।

सभापति महोदय, हमारे साथी भूदेव चौधरी माननीय सांसद 8.4. 2010 को भागलपुर से पटना फरक्का एक्सप्रैस से आ रहे थे। वह अपने पूरे परिवार के साथ द्वितीय श्रेणी में सफर कर रहे थे। पता नहीं आज के दिन सुरक्षा की कोई व्यवस्था ट्रेन में है या नहीं, इनके तीन मोबाइल और इनकी बच्ची का पर्स चोर उचक कर ले गये। इन्होंने उसकी शिकायत भी की और माननीय रेल मंत्री जी से भी मिलकर घटना की जानकारी दी है। हम चाहते हैं कि ऐसी घटनाओं की जांच होनी चाहिए। रेल में सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए, यह हम आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहते हैं।

MR.CHAIRMAN : Hon. Members, I have a list of more than twenty-five Members to speak on the Demands for Grants (Railways). Those hon. Members who want to lay their written speeches, may do so on the Table of the House.

Shri Sudip Bandyopadhyay to speak now.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Hon. Chairman, I rise to support the Railway Budget 2010-11.

Uptil now, no hon. Member, either from the Government side or from the Opposition, has made any major criticism against the Railway Budget presented by the hon. Railway Minister, Kumari Mamata Banerjee.

The Indian Railways is the world's third largest railway network under a single management. It has near about 17, 000 trains run every day with 18 million passengers travelling. It has a 14-lakh strong railway family. Naturally, the Department is huge and its task is also equally huge. ...(*Interruptions*)

Sir, the hon. Railway Minister should very broadly receive appreciations for two reasons, at least. One, passenger fares of

any class have not been increased; two, no increase of freight tariff has taken place in this Budget. Naturally, the common people would be benefited by this Budget. When the price rise is affecting us, when the fuel price rise is affecting us, these two major decisions will certainly give a major feeling of relief to the common people. This measure of the UPA Government has broadly been appreciated by the downtrodden people of the country because, normally, people who cannot afford more money for their travel expenses, they use the trains. So, naturally, this is a best decision which the hon. Railway Minister has taken.

There are Plan Outlays in the Budget for the year 2010-11. This time, the Annual Plan outlay has been proposed at Rs.41,426 crore which is the ever highest Plan estimate. It is to be acknowledged by the Members from all sides of this House. Some Members questioned from where the money will come. It has already been made very clear in the Explanatory Memorandum of the Budget Speech from where the money will come.

I would like to keep it on record that the Gross Budgetary Support this year is Rs.15,875 crore; the Diesel Cess is Rs.877 crore; the internal resources is Rs.14,523 crore; the EBR is Rs. 10,151 crore; the market borrowing through the IRFC is Rs.9120 crore. So, the proposed Budgetary allocation and the total Budgetary Support through these processes have given a sense that there was not given any false assurance in the Budget Proposals.

What are the major proposals that have been tabled this time? I would mention a few of them; my colleague Shri Elangovan will possibly mention a few and Shrimati Supriya Sule will mention a few. So, in different ways, when we are discussing amongst ourselves, we find that 140 socially-desirable railway connectivity proposals are there; 97 more stations have been announced as Adarsh Stations; 10 more stations are to be converted into world-class station. So, we must appreciate that the hon. Railway Minister has appreciated the feelings and sentiments of all the Members who are asking for new trains which is their demand. In her speech, she is saying:

> "I appreciate the hon. Members for their high expectations from the Railways. This is quite natural, because Railways is the lifeline of the nation and a major catalyst that triggers socio-economic growth.
> I want to help everybody within limited infrastructure facilities. I believe that in everyone's right to demand. India is a democratic country. Every voice should be respected. Our dilemma is that we have received more than 5,000 requests."

So, naturally, after only one year of the Budget, 5000 requests cannot be implemented. Hence, priority has to be given.

What is our feeling? After the Independence, there were regional imbalances equally for which Eastern India was broadly affected. So, naturally, a few more trains were given. Whether it is Shri Lalu Prasad or Shri Nitish Kumar

or before that, Bihar had been represented in the Railway Ministry by somebody or like Shri ABA Ghani Khan Chowdhury or now our hon. Minister Kumari Mamata Banerjee, sometimes, they ought to pay attention to the Eastern Region of the country keeping the entire nation in mind. If somebody goes into the details of the Budget proposals, more or less, every section of the country has been broadly covered. The Indian Railways have already proposed the network expansion which includes new lines; gauge conversions, doubling of lines; railway electrification, safety and others.

Some more trains have been launched with new names and those are, Sanskriti Express, Matribhumi Express, Karmabhumi Express, Janmabhumi Express, Duranto Service Trains and sub-urban trains for Mumbai and Chennai. So, naturally major demands have been reflected in the budgetary proposals and all positive announcements have been made. What are those announcements? They are, modernisation of locomotive works, Centre for Railway Research, Loco Pilot and Advance Track Training Centre, coach production factories, wagon repairing shops, rail axle factory, wagon manufacturing factory, refrigerated container factory, Kisan Mission Project and Dedicated Freight Corridor which is the Prime Minister's dream project. Now, a sense of work culture has to be inculcated into the Railways by which all these ideas can be implemented successfully.

Sir, we should not forget the State of Jammu and Kashmir. Our hon. Prime Minister and Shrimati Sonia Gandhi had been there recently where the Railway Minister has fulfilled a longstanding demand of the people of that area. So they are very happy now.

Sir, I would like to say a few words about Izzat Ticket. Normally MPs do not find any way to give relief to the common and poor people of the country. At Rs. 25, any person can travel within a range of 100 kms. through this Izzat Ticket.

So, Izzat Ticket has at least given the poorest of the poor to move in trains by keeping their heads high. Another pro-people decision announced in this year's Railway Budget is 100 per cent concession to cancer patients along with their companions at a low cost which has been praised by the countrymen. Another thing is the reduction of Rs. 100 per wagon on freight charges on food grains meant for domestic use and kerosene oil. These are very positive announcements.

Sir, a new concept of PPP has been proposed in the Railway Budget which is the need of the hour. Many people try to criticise by saying that ultimately Railway is going to be privatised. But the hon. Railway Minister has very categorically stated on the floor of the House that PPP is a very positive idea, it has a proper base, this idea has a proper identity, it is very transparent, this idea has a typical managerial efficiency and naturally this PPP concept can be implemented successfully but the Railway will never be privatised. I want to place this on record because our CPI (M) friends, who are present here, always try to make a campaign that the Railways are going to be privatised in the name of PPP which the Railway Minister has very categorically stated that it is far from the truth.

Then, we are very much for safety and security of passengers, cleanliness of compartments and toilets, availability of clean drinking water at cheaper rate and good food. Then, running of trains in time has to be looked at. So, I think, the hon. Railway Minister has given attention to all these areas very minutely and very positively and we think that these things have been broadly accepted by the people. Now, the poor people are getting Janata Aahar at only Rs. 10. They are getting

Dum Aloo and Poori Baji in railway stations at Rs. 10. यह आम जनता की सरकार है। That has properly been reflected in this Railway Budget. It is our firm belief that the prestige of the UPA Government in their second term has been considerably enhanced by the performance of the Railway Ministry.

Sir, you have rung the bell, I will be concluding shortly. I must say that funds constraints sometimes cost to implement the Railway projects in reality. The sum of Rs.15,000 crore has gone up to Rs.17,000 crore. In 2001 H.R. Khanna Commission was there which recommended for one time assistance to the Railway Department. It is 2010-11 now and the price have gone sky rocketing. So, I would appeal to all the political parties of the Parliament with a request to the hon. Finance Minister to extend more financial assistance and a one-time budgetary support may be given to the Railway Ministry for implementation of this pro-people Railway Budget.

Sir, I would positively say that Railways security is also an important and necessary step. We feel that the Railway security management be brought under one umbrella, that is, the Railways. Now, GRP is there, which is controlled by the State Police and the RPF is there, which is controlled by the Ministry of Railways. So, let RPF and GRP be taken under one umbrella.

Then, there is a problem of unmanned level crossing. I think it is to be taken care that unmanned level crossings are properly manned. Sir, it is also important to mention that the Railways has become a soft target by the extremist group. Whenever the Maoists are targeting the Government, they are targeting the Indian Railways. On 15th April we had our Bengali New Year Day, we could not come to the House. In Rajya Sabha, Mr. Arun Jaitley and in Lok Sabha, Mr. Basudeb Acharia started accusing the hon. Railway Minister, Kumari Mamta Banerjee of her political party for being hand in gloves with Maoists. But I would like to ask them which Department these Maoists are targeting. They are targeting Railways. They have made Railways as a soft target. All sorts of reflections and ideas they had ventilated against us, we will give them reply at proper time.

We are always serious to see that occurrence of Railways accidents become zero. The Railways accidents sometimes cause maximum losses to the common people. So, naturally, our recommendations to the House would be that more monetary and budgetary support be extended to the Railway Ministry. Kumari Mamta Banerjee, the way she is marching ahead with her dedication and commitment, is trying to see that the common people of this country can be benefited through the Railway system. That support has to be extended by all the political parties.

I would also appreciate the sentiments up till now expressed from different .corners of this House. We are on the ruling side, but the way the Opposition side has also extended support proves that the most successful Railway Minister's name in the country is Kumari Mamta Banerjee.

* **DR. PRASANNA KUMAR PATASANI (BHUBANESWAR) :** I like to draw kind attention of the Hon'ble Minister of Railway through you. What about the allocation to my State Orissa ever demanded by the State Govt? I have been reminding you for the allocation to the only railway linking in between West and East of the State i.e. Khurdha-Balange. Despite of my repeated requests you have sanctioned 120 crores only. this money may be adjusted in compensation that will be rendered to the poor land holders but there is no money to start the railway line. We need more than 1000 crores to complete the project. In every year that you are budgeting that the sanctioned amount which is very less to complete the same. It may take another 20 years for completion. Therefore, my honest request in your budget please do allot 500 crores to start the work at war footing. It is the only linkage and it goes from Khurdha road to Balange through Nayagarh, Phulbani via some poor, downtrodden districts to Balanger. These areas are highly backward and they are below poverty line. This would also be viable to KBK districts which is the most neglected, highly below poverty line areas and the area of downtrodden, proliteriate, adivasis, harijans and girijans. The step mother attitude must be forgotten in promoting those areas. The number one places of the country would be developed. If this railway line is linking in between West-East of Orissa. How long you can neglect which can damage your popularity as a whole and weaken the Central Govt? Therefore, this is my extreme personal request for immediate allocation without delay on priority.

What about the world class station in capital of the State Bhubaneswar is selected? This place is highly educated and culturally overdeveloped. In the country and the place you have selected in Bhubaneswar and Cuttack, the highly populated area of the State. Mancheswar is the suitable place and the national natural garden Nandankanan is located nearby. It can correlate Bhubaneswar to Cuttack, the highly commercial capital to give more income. It will not only promote the tourism, the economical condition of the railway would grow up. This is my earnest request, the work should be started immediately for the greater interest of the public.

Why the Double Line work from Khurdha road to Puri is highly neglected? Puri is famous international place and a religious holy place for great Lord, the Lord of Universe i.e. Jagannath. Kindly convert Puri station as an international station which is having very good income which is promoting high income when the railway budget is concerned. In my last speech on Budget, I have already conveyed you the platform work and other adjacent development work of Bhubaneswar and Puri to be stated on war footing.

The famous Konark comes under world heritage. A railway line from Bhubaneswar to Konark to be surveyed immediately. It

can earn maximum money to promote the tourism of the country. I have been also approaching you Madam Minister from some 5 years back i.e. from Shaheed Nagar, Satya Nagar, Surendra Sahay Nagar, Poukhariput Railway Crossing etc. to start the work immediately to save the life of common passengers that very often the accident is occurred. To avoid the traffic congestion of the city these flyover and overbridge work to be started as you have declared on my request. Under my Jatni constituency which comes under my Parliamentary segment near to Khurdha road railway junction, the Seetaram Kesari Crossing Overbridge should be started on war footing. In rainy season the rural people are suffering because of the water logging in the high raining the road is blocked. This overbridge and road may solve the problem and the road condition would be developed and this special road leading to Puri from Khurdha should be developed immediately. The other developmental work relating to other railway lines of my State Orissa needs good sum of amount to be allotted in the Budget.

I have been raising many times from the beginning relating to East Coast Zone. The development of this zone may promote the development of the railway property can inspire the prosperity of the State as a whole. Necessary Govt. quarters roads, special office for the convenience of passengers to be initiated if more money is allocated in favour of East Coast Zone to promote more linking railway lines to serve the people's interest which is highly demanded.

***SHRIMATI PRIYA DUTT (MUMBAI NORTH-CENTRAL) :**I thank you for giving me this opportunity to express my thoughts on the Railway Budget. Firstly, I want to congratulate the Railway Minister for choosing 'social responsibility' over 'economic viability' as the key guiding factor for development of Railways.

As I have been elected from Mumbai I would like to highlights some of the problems faced by the residents of Mumbai. Mumbai, the commercial hub of India, is the capital of the State of Maharashtra and has a population of over 10 million people. The suburban railway system of the city is crucial to its daily functioning because of the geographical configuration of the city. It is estimated that 7.4 million passenger –trips per day are made on the suburban railway at an average distance of 25km per trip. Railways is the life line of Mumbai. Approximately 6 to 9 lakh people travel by trains everyday. The passengers in trains have doubled and tripled but the capacity had not increased. The cases of accidents have increased drastically. We want to make commuting easier, safe and comfortable for the common people.

Despite generating a net revenue surplus (unlike suburban networks in other Metros) and contributing nearly half of the daily load of passengers carried by the entire Indian Railway network, Mumbai commuters face innumerable hardships year after year. There is insufficient interest in their problems among policy and decision-makers.

We wholeheartedly agree with the 'Vision-2020 Statement' of Indian Railways that "the main challengers are the creation of adequate capapcity, segregation of commuter lines and long distance lines and expansion of services to ensure comfort of commuters."

We endorse for speedy implementation the suggestion in the White Paper to create a separate administrative unit for the Mumbai Metropolitan Region(MMR). A world Bank team has made the same recommendation. Considering the complexities involved in suggestions (2) and (3) above, we suggest that a high level Task Force be constituted at once to formulate and recommend a time bound plan for implementation.

Besides the foregoing, we believe that the areas where urgent steps need to be taken at a macro level are :

(i) All ongoing as well as sanctioned works under MUTP should be completed within their planned time frame. Requisite fund allocation and administrative support should be provided to all the implementing agencies. The tie up with the World Bank for assistance for MUTP projects, wherever required should be finalized at the earliest.

(ii)Establishing connectivity *inter se* of Central, Western and Harbour Line suburban services and further with Navi Mumbai and extended connections to Konkan Railway Line.

(iii)Revival of abandoned or dormant proposals such as the commissioning the 5 kilometers of railway line from Bandra to Kurla station, in view of urgent need of the 5 kilometers of railway line from Bandra to Kurla station, in view the urgent need of cross connectivity in the changed circumstances.

(iv)Looking at the magnitude of commuter traffic, number of trains overcrowding etc. remodeling and redeveloping of all suburban railway stations except the heritage stations by grant of adequate additional FSI to be commercially

exploited so as to make their maintenance and upkeep financially viable. A detailed action plan for remodeling of stations should be undertaken by employing competent consultants. We understand that the Mumbai Railway Vikas Corporation (MRVC) has already initiated steps in this regard. These steps should be urgently pursued. A wholly inadequate number of stations are planned as ideal stations (just two or three). This is resulting in fatal accidents.

(v)All lands belonging to Indian Railways must be brought under their operational control in practice and freed from all encroachments. Litigation, if any, involving such lands should be fast tracked.

(vi)The two security agencies, the Railway Security Force and the State Railway Police must be brought under one roof and controlled by the Railways.

Apart from macro level remedies suggested above, immediate corrective measures at the micro level are necessary and feasible in these areas to begin with:

(i) Making train travel safer and less threatening to life and limb by reducing peak hour congestion through introducing new services and increasing the frequency of the existing services.

(ii) Dispersing commuter traffic through separate outlets/exits wherever local and outstation lines converge. Guidance can be derived by studying the success of such methods in cities life New York.

(iii) Providing hygienic toilets for commuters and toilets for ladies at all railway station. Most of the toilets are mostly dirty and badly maintained. Railways must provide safe drinking water facilities, once available at stations.

(iv) A positive sign is that number of women commuters have increased yet some stations have no lady toilets or the toilets are very unhygienic.

(v) Ensuring that all machines and mechanical gadgets installed by Railways for coupon/ticket vending or smart cards are in working condition at all times and that adequate replacements are always available.

(vi) Providing ramps and escalators for all subways and skywalks to encourage use of them by all commuters including disabled and old persons.

(vii) The present daily load is 7 millions approx on a daily basis on Central and Western Railways. Conversation of 9 coach to 12 coach rakes is on. It has to be expedited and 15 coach rakes introduced at least during peak hours to reduce over crowding.

(viii) Western Railway has started 15 coach rakes on Dadar-Virar Section. In those, 4 EMU units are provided. There is heavy over-crowing in the ladies first class ladies coaches. A bigger first class coach in the one of the 4 units is vital.

(ix) Providing adequate facilities for emergency medical treatment at every railway station, including availability of ambulance services with trained para-medical staff. Timely help and assistance to accident victim will save a life.

(x) There is anomaly in discounts to senior citizens for distance travel : 50% for women and only 30% for men who travel more frequently. This must be rectified.

(xi) The recent facility "IZZAT" of person with an income of less than Rs.1500/- is eligible of a season pass of Rs.25/-. In the city of Mumbai this facility of income of Rs.1500/- is not adequate for the people of Mumbai. Person with a salary of Rs.1500/- will never be able to live in Mumbai. It is suggested that the amount be raised from Rs.1500/- to Rs.2000/- as this will greatly benefit the poor.

The vast majority of the city's commuters use the railways. There are three suburban rail lines in Mumbai. Central, Western and Harbour. Each of these has a very large number of people living in slums within 30 feet of the railway track. The Central line from Victoria Terminus to Thane has about 3,900 families living alongside the track, the Western line from Churchgate to Dahisar has 2,800 families and the Harbour line from Victoria Terminus to Mankhurd 11,400 families. These families have been living along the tracks for more than two decades. The presence of these settlement has a considerable impact on the speed of trains. The Commissioner of Railway Safety has laid down that trains must not travel at more than 15 km per hour when traveling through these densely inhabited sections. This seriously impact upon the capacity of the railway system and significantly increases passenger transit times.

In 1989, the Railway Slum Dwellers Federation was able to demonstrate when it worked in collaboration with the State Government to assist in relocating a slum of 900 households in order to lay a railway line which linked the city to Vashi or New Bombay.

I would like to draw the attention of the Minister to a very important point regarding allocation of funds to projects in Maharashtra. Kasara-Extension of receipt and dispatch lines anticipated cost is Rs.1,105 lakh, however, only Rs.19.45 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Karjat-Extension of receipt and dispatch lines, addl. line connecting up yard to Karjat-Panvel and 4th line between Karjat-Palasdari anticipated cost is Rs.2,015 lakh, only Rs.36.11 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Bhivandi Road-New loop line to deal full rake parcel anticipated cost is Rs.369 lakh, only Rs.5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Mumbai-replacing of 250 mt steel structure –Mumbai Division anticipated cost is Rs.609 lakh, only Rs.5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Mumbai -replacing of 242 sq mm centenary wire-Mumbai Division anticipated cost is Rs.280 lakh, only Rs. 5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Thakurli-Igatpuri and Thakurli-Lonavla-Rehabilitation of 110 kv transmission line-Mumbai Division anticipated cost is Rs.300 lakh, only Rs.5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Kalyan-Igatpur-Borethambe-replacing of non standard bracket tube & associated fitting-Mumbai Division anticipated cost is Rs.284.97 lakh, only Rs.5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Dadar New foot overbridge (6m wide) with elevators cum starecases at Chhatrapati Shivaji Terminus Mumbai end connecting all platforms-Mumbai Division anticipated cost is Rs.258 lakh, only Rs. 5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

Parel-Additional douoble discharge platform(No.1) – Mumbai Division anticipated cost is Rs.333.89 lakh, only Rs.5 lakh has been sanctioned for 2010-11.

The financial sanction for the year 2010-11 for these projects are very meagerand if the financial sanction is not increased immediately these projects would never see the light of the day. I, therefore, request the Railway Minister to look into the matter and raise the financial sanctions for these projects.

*श्री देवेन्द्र नागपाल (अमरोहा): सर्वप्रथम मैं माननीय रेलवे मंत्री "ममता जी" को बधाई देना चाहूंगा कि उन्होंने सभी वर्गों के लिए "प्रो गरीब लोग, आम आदमी" एक आम बजट पेश किया है जिसके फलस्वरूप मालभाड़ा व यात्री भाड़े में वृद्धि नहीं की गयी हे और रेल यात्रा की सुरक्षा और विशेषकर किसानों, महिलाओं, युवाओं और आम आदमी की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है । आपके द्वारा पहली बार सामाजिक दायित्व को प्राथमिकता देते हुए रेल संपर्क/बुनियादी ढांचे संबंधित परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी हे । साथ ही साथ यह सच है कि जो आज सक्षम नहीं है वह आने वाले कल में सक्षम हो जाएगा । इस बजट के माध्यम से भविष्य में अधूरी पड़ी परियोजना जो कि विजन 2020 के अंतर्गत आती हैं के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकते हैं ।

It is interesting to note that the target of Gross Traffic Receipts during 2008-09 was Rs.82,393 crore but actual receipt was Rs.79,861.85 crore. When it was enquired from the Ministry the cause of the shortfall, the stock answer was quite similar that was given always. As against the revised estimates of Gross Traffic Receipts of Rs.88,355.91 crore for the year 2009-10, the receipt stood at Rs.70,086.68 crore by end of January this year and by end of March it is still short of target. Why? Explanations are many but the curious one was dished out by South-East Railways blaming the Odissa Government which had stopped loading of iron-ore from Barbil, Keonjhar areas as illegally ore was being transported by Railways. This was happening with full connivances of the Railway authorities. Will the Minister enquire into it?

The target fixed for the Fiscal is Rs.94,764.95 crore. What steps are you taking to reach that target? There is an urgent need for rationalization of freight structure and goods traffic to achieve the target in this respect. Can't the wagon turn around time be reduced?

Another point of issue is the Passenger earnings which was budgeted at Rs.24,309 crore during 2009-10 and were revised downward to Rs.24,057 crore. There is a shortfall of Rs.764 crore too. Has the Railways examined the cause for passenger dissatisfaction with the services available? I have a pointed question to ask the Minister. Is it true that the Tat-Kal percentage has been brought down and more berths are available in non-Tatkal category? Is it true, that particular part of earning has come down? By the way, how much do you expect growth of passengers this year? Do you apprehend shortfall this year too?

While going through the Vision 2020, the Railways have targeted to add 25 thousand kilometers of new lines in the next ten years. The Minister has declared this year 2010-11 as the year of new lines and a target is fixed to construct 1000 route kilometers during this year. This is no doubt an ambitious target but try to ensure to fulfill the target. Since independence the Railways annual average of constructing new rail lines was 180 kms and it was only last year Railways could construct 250 kms. I fail to understand how a 1000 km rail route be completed with an outlay of only Rs.7193 crore when during 2009-10 with Rs.4271.65 crore were allocated for 250kms. How would the Railways in 2010-11 achieve the target of 1000 kms which is four time high? If this is not bad budgeting than what else is? My apprehension is, the physical target would later be revised downward. There is need to enhance the financial outlay suitably so that physical achievement do not lag behind the targets.

Here I am reminded of Khurda Road-Bolangir new rail line which was sanctioned in 1995 but not much progress has been made. I urge upon the Minister to see that the rail line is made functional atleast from Khurda Road to Nayagarh in this fiscal.

Saturation of existing routes have slowed movement of passenger and freight trains and has also made it difficult to provide adequate number of services to the evergrowing demand in passenger and freight traffic. Cuttack is a glaring example. Second bridge construction over river Kathajodi river is taking years for completion and doubling of Baranga-Raj-Athagarh rail line under East-Coast Zone need no explanation. These are examples of slow pace in which Railways work.

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Sir, I stand here in support of the Demands for Grants of the Railways. The performance of this entire Ministry has been exemplary ever since *didi* has taken over. She truly comes from our kind of school of thought because she is still an activist and a social worker, before she is a Minister.

The good governance; the imagination; the transparency of the Ministry; and the work culture has been exemplary. There are a lot of demands, which we have all made. Unfortunately, we did not have a chance to deliberate and discuss the Budget because of whatever reasons at that time. So, most of us had to table all our demands. Even today, since the hon. Minister is not here and due to the time constraint, I would like to table all my demands for the entire State. Many of my colleagues including Mr. Anand have already put forth some of them, and I would like to table the rest for the State of Maharashtra.

There are just two major points, which I would like to make. One is about our Mumbai Railways. As Mr. Anand mentioned in his speech that about 50-60 lakh travellers travel Railways everyday only in the city of Mumbai, and you all will be appalled to know that 21,000 people have died in the last five years in various accidents. Even after making a lot of High Court judgements, somehow the Railways have not reacted the way we would have liked them to and hence, I would like to bring these points in front of hon. Didi.

The High Court in 2004 had told the Railways that there have to be paramedics at every station and there has to be an Ambulance at every station, which was a PIL 50 of 2008, which was replied on 15 January 2009 and the golden period has to be considered. Even today, the number has not changed as there are no Ambulance services. I definitely welcome her project of 550 hospitals worldwide. But what about Mumbai, which gives the maximum revenue to the Railways and has the maximum number of people travelling?

Under section 57, a train can take only about 1,500 seats and that much number of tickets should be sold. But today, you will be appalled to know that about 8,500 people travel, and that is exactly why so many accidents take place. The problem is that the validity of the ticket is only for one hour. So, most people are always rushing to finish that and get back on to the train. So, if the validity of the ticket is increased to 3 hours or 4 hours, then I am sure that the pressure will definitely decrease. Even the World Bank has said to a reply to a PIL that the World Bank has shown reservation on giving Rs. 6,000 crore more to the Railways because of the accidents that are happening in Mumbai, which is a serious issue. I think that we must all address that issue. This is what we have read, and the hon. Minister can clarify in case this information is not correct.

There is also the issue of unclaimed bodies. About 2,000 bodies are in the morgues of the Railways every three months and there is nobody to claim it because they are people from the entire country. If the photographs that are available with the Police are put on the website, then I think that things will change and people will be able to claim the bodies and the entire pressure of these unclaimed bodies will not be there on the Railways.

The other issue that was brought out by my colleague Mr. Sudip was about the Railway Protection Force (RPF). This is what happens every time there is an accident in Mumbai. People go to the RPF and the RPF says that it is not our jurisdiction and they say that it is probably a robbery, which it is not. It is an accident in the Railways. So, there is a huge gap between the CRF and RPF. If they come under one roof, then I think that things will definitely change.

I would say that we should look at terrorism as a serious issue. There are so many illegal hawkers and we are talking about increasing security. But unless all these illegal hawkers are removed from all our stations, I do not think mobility and sensitivity of the Police can be cleared. So, I think that this is something that the Railway Ministry has to look in to reduce the pressure on all our Railway stations.

One more point that I would like to mention is regarding compensation. The GM salary in the last 10 years has been increased from Rs. 9,600 to a lakh of rupees. We compliment the Ministry for it, but at the same time looking at the number of accidents that are happening and with no fault of the travellers the compensation has been increased only from Rs. 1 lakh to Rs. 4 lakh. So, we would demand that if the Ministry can afford it, then this definitely needs to be increased because these are all very poor people with no fault of theirs having lost their lives.

Lastly, the Central Railway, Mumbai Division has a safety charge that is charged from various tickets and passes of the sub-urban passengers, which is about Rs. 45 crore. There was an RTI by Mr. Praveen Tripathi on 19 October 2009, and the reply to that RTI was that -- not the Ministry directly but the DRM in Mumbai for that Region said -- they had no clue where this money was spent. I think that we all want better infrastructure, and I do not have any doubt in my mind that the Minister herself is very keen on this. But Mumbai has to be looked at a far more serious level and not just macro-planning but micro-planning for Mumbai sub-urban has to be there from where thousands of families get on the trains in the morning not knowing whether they would come home again.

I appeal to the hon. Minister to look at safety and security of this entire thing. My colleague from Thane thanked her for the intervention she made in making Thane a world heritage station. We just would appreciate that the team from the Railways came much sooner and we could get the work going. I thank her for everything that she has done for us. I fully understand that all of us MPs are always extremely demanding on the Rail Ministry, but I think it is the lifeline of this country. The *aam admi* that we all keep talking about is totally dependent on their service. We must all join in together to improve the services and make a difference to every man who wants to join in the development of this country. Thank you very much.

MR. CHAIRMAN : Madam, if you want to give anything in writing to the Minister, you can give it to the Minister. Initially, you said that you wanted to lay a part of your speech, which cannot be done. So, you can handover that portion to the Minister, who can take it directly from you. That is why I am suggesting that you can handover whatever written suggestions you have to the hon. Minister.

*SHRI O.S. MANIAN (MAYILADUTHURAI): Mr. Chairman, Sir, let me thank you for giving me an opportunity to speak on the Demands for Grants of the Railways for the year 2010-11.

I would like to point out to the hon. Railway Minister the gauge conversion project carried on between Viluppuram and Mayiladuthurai at a snail's pace consuming more than five years and taking more time even now for inauguration much after its completion. The inauguration is being postponed on the plea that it would be done tomorrow, next week, next month and so on. This is waiting to be inaugurated even after obtaining safety and security clearance certificate. It is reported that they are awaiting for the nod from the Railway Minister who is yet to give a date to be present there. I would like to remind the hon. Railway Minister that the people of this area are waiting for a long number of years now. Not only the people of my constituency but also the people from the constituency of our hon. Minister of State for Parliamentary Affairs Shri V. Narayanasamy are demanding that the services be commenced at the earliest. It is also a demand of the people belonging to the place of our Minister of Shipping Shri G.K. Vasan who is also present in this House.

I would like to draw the attention of the hon. Minister to a sad incident that happened when the trading community of Mayiladuthurai town resorted to a peaceful 'dharna'. Due to the scorching heat that affected the agitators, the hon. President of the Traders' Association collapsed and died on the spot. It was all because they were demanding early resumption of train service in this section. I wish and expect the hon. Railway Minister to announce in her reply the date on which the operation of train service between Viluppuram and Mayiladuthurai would be commenced. Similarly, the 38 km. stretch of railway line between Mayiladuthurai and Tiruvarur is lying idle due to the non-completion of gauge

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

conversion work which is still remaining on paper and yet to be translated into action. Adequate allocations have not been apportioned and hence there is a stagnation in the completion of this project for the past five years.. Hence I urge upon the Railway Minister to allocate sufficient funds to complete this project at the earliest.

Tiruvarur-Karaikudi gauge conversion work must also be completed by setting apart adequate funds. Tiruthuraipoondi-Agasthiampalli railway line project has also not taken off due to non-availability of funds. Nagappattinam-Velankanni railway line laying work has been completed. It needs to be put into operation with running of trains.

Karur-Salem gauge conversion work is also pending for long. The funds that have been allocated for this project this year is insufficient. About Rs. 300 crore must be pumped in immediately to complete this project. Puducherry-Bengaluru railway line work must be taken up immediately. This route must go through Viluppuram, Jolarpet, Krishnagiri and Hosur. I urge upon the Railway Minister to issue suitable instructions in this regard.

Tiruppur town in Tamil Nadu is known for knitting industry. There is a need and demand to run a daily train between Tiruppur and Chennai. I urge upon the Railway Ministry to introduce an Express Train connecting Chennai directly with Tiruppur.

Mettuppalayam-Chennai Nilgiri Express is running for a long time. This traditional train is now running without First Class Non-A/c coaches. I urge upon the Railway Ministry to reconsider and introduce them again.

Salem Division was created recently and its Headquarters' office is yet to be established fully. I urge upon the Railway Ministry to allocate more funds and see that it is completed at the earliest. Salem Station needs additional tracks and more trains must be run from there to southern districts of Tamil Nadu.

The Planning Commission has approved five new railway lines for Tamil Nadu. But only two railway line projects have been taken up by the Railways. It is said that the other three railway projects have not been taken up for want of matching contribution from the State Government. Shri Elangovan himself has stated in this House that the State Government is not in a position to set apart the required funds. Hence I urge upon the Union Railway Ministry to fund these projects fully and complete them at the earliest.

The hon. Railway Minister announced that computerization at railway stations recommended by Members of Parliament would be taken up. But the recommendation from my end is still pending and hence I request her to computerize the station for which I have recommended.

Nagappattinam-Kollam train must be given a stoppage at Boodalur to facilitate the pilgrims visiting the shrine of our Lady of Health in Poondi. I request the Railway Minister to look into it.

Morappur-Dharmapuri-Tiruvannamalai-Jolarpet-Thanjavur-Ariyalur railway line must be laid on a priority basis to give an economic boost to these places. Chennai-Puducherry new coastal railway line may be taken up by the Railways.

A new Shatabti Express linking Chennai-Viluppuram-Tiruchy-Dindigul-Madurai-Virudhunagar-Tirunelveli may be introduced. The entire stretch of Chennai-Kanyakumari railway line must be doubled and electrified and I hope the Railway Ministry will look into our request in this regard. New sub-urban stations with modern facilities must be created in the outskirts of both Coimbatore and Madurai. This will help ease the congestion and problems faced by the traveling public. Coimbatore-Erode, Coimbatore-Pollachi, Madurai-Virudhunagar, Madurai-Dindigul sub-urban train services may also be contemplated and introduced. This will help the Railways to serve better and earn still better.

Accidents at the unmanned level crossings, which are more in number in Tamil Nadu, are on the increase. I urge upon the hon. Railway Minister to bring down the number of deaths occurring there and see that those level crossings are converted to be manned level crossings with commensurate recruitment of personnel in this regard at the earliest. I also urge upon the Railway Minister to augment the number of personnel in the Railway Protection Force and ensure safety and security in all the trains in the interest of public.

With these words, I conclude.

MR. CHAIRMAN : May I request all the Members to be silent because so many discussions at different places are going on. It is embarrassing for me also to go on requesting the Members to be silent because it is giving some kind of a problem to the Member who wants to express his ideas. Please cooperate with the Chair. There are many sessions that are going on, it is not one session. I am sorry for that.

Shri Ganesh Singh, please be brief and take only five minutes as the hon. Minister has to reply.

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं अपनी पार्टी से बोलने वाला दूसरा वक्ता ही हूं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Your Party has already taken more than one hour. Therefore, the allotted time of your Party is over.

श्री गणेश सिंह : सभापति महोदय, मैं रेलवे की वर्ष 2010-11 की अनुदान मांगों पर चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूं। रेल मंत्री जी ने अपने दूसरे बजट भाषण के दौरान मिशन 2020 की घोषणा की है। उनका विश्वस्तरीय रेल बनाने का सपना है। मैं एक सवाल माननीय रेल मंत्री जी से करना चाहता हूं कि वर्ष 2020 के मिशन को पूरा करने के लिए लगभग 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जरूरत पड़ेगी।

वर्तमान में रेलवे की जो आमदनी है, मुझे नहीं लगता है कि उससे इस लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। हर वर्ष इनको सवा लाख करोड़ रूपए की बचत करनी होगी। कहां से आएगा पैसा, मैं नहीं समझ पा रहा हूं। विश्वस्तरीय रेलवे बनाने का सपना है। यह बात अलग है कि वर्ष 1950 में हमको जो रेल लाइनें मिली थीं, उनकी लंबाई 53,596 किलोमीटर थी और 60 वर्षों की आजादी के बाद हम मात्र 10419 किलोमीटर रेल लाइनें बना पाए हैं, इस तरह हमारा औसत 180 किलोमीटर प्रति वर्ष का आ रहा है। कैसे वर्ष 2020 में यह विश्वस्तरीय रेलवे बनेगी, यह सवाल मैं करना चाहता हूं। आज सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की है कि हर रोज एक करोड़ आठ लाख से अधिक यात्री ट्रेनों में यात्रा करते हैं, उनको दो चीजों की सर्वाधिक आवश्यकता होती है - एक तो उनको सुविधाओं की जरूरत है और दूसरे उनको सुरक्षा की जरूरत है। मुझे खुशी है कि रेल मंत्री जी ने जीएम लेवल की बैठक में इस बात के कड़े निर्देश दिए हैं, सभी महाप्रबंधकों को कहा है कि रेलवे स्टेशन्स और गाड़ियों की सफाई का विशेष ख्याल रखें। मैं उनका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि आज मैं जिस ट्रेन में आया हूं, रीवां-दिल्ली एक्सप्रेस, वह ट्रेन सुबह छः बजे दिल्ली पहुंचती है। अभी न तो कहीं कोहरा हो रहा है, न कहीं पावर फेल हुआ, न कहीं डिरेलमेंट हुआ, फिर भी वह ट्रेन आज आठ घंटे लेट पहुंची, दोपहर दो बजे यहां पहुंची। उस ट्रेन में पीने का पानी नहीं, गाड़ी की सफाई की हालत पूछने लायक नहीं है। बहुत खराब स्थिति में ट्रेन्स चल रही हैं। मैं इस बात की जानकारी इसलिए दे रहा हूं कि आपने कुछ ही दिन पहले जीएम लेवल के अधिकारियों की बैठक की थी। यह हालत एक्सप्रेस गाड़ियों की है।

इसी तरह से सुरक्षा की स्थिति है। 15 तारीख को मानिकपुर से चलने वाली उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस में महोबा में यह देखा गया कि एक जीवित बम रखा हुआ है। वह बम ट्रेन में मानिकपुर से रखा गया था, लगभग दो-ढाई घंटे ट्रेन चलती गयी, तब तक रेलवे के कर्मचारी इस बात का पता नहीं लगा सके कि आखिर डिब्बे में ऐसी कौन सी वस्तु रखी हुई है। जब उसका परीक्षण हुआ, तो पाया गया कि वह जीवित बम था जिसे सुबह साढ़े छः बजे के आस-पास फटना था, तब वह ट्रेन संभवतः दिल्ली पहुंचने वाली होती है। इस तरह की स्थिति है। मैं रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं।

पूरे देश में 17,000 से अधिक ऐसे रेलवे फाटक हैं, जहां पर चौकीदार नहीं हैं। पुराने एक्सपायरी डेट के डिब्बे ट्रेनों में चल रहे हैं। बेडशीट्स की हालत इतनी खराब है कि कुछ कह नहीं सकते। आपने खान-पान की नई नीति बनाने की घोषणा की है। कितनी भी नई नीति आप बना डालें, लेकिन रेलवे का जो खाना है, सिर्फ राजधानी या अन्य एक दो गाड़ियों को छोड़ दीजिए, बाकी गाड़ियों में जो भोजन की व्यवस्था है, कोई यात्री खाना पसंद नहीं करता है, मजबूरी में भले वह भोजन करे। यह व्यवस्था कब सुधरेगी? लालू जी ने अपने समय में कहा था कि हम बढ़िया मछ्ली देंगे, कहां गया मछ्ली? कहा था बढ़िया कुल्हड़ की चाय देंगे, कहां गया वह कुल्हड़? कहां गए वे खादी के चादर? मैं उन बातों की ओर ध्यान आकृष्ट करा रहा हूं जो वाकई में बहुत जरूरी हैं और रेल मंत्रालय को इन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

सभापति महोदय, जब से यूपीए सरकार बनी है, हर रेल बजट में हमारे मध्य प्रदेश की भयंकर उपेक्षा की गयी है। मजबूर होकर मैं आज आपके माध्यम से सदन को जानकारी देना चाहता हूं और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि 17 अप्रैल से 40 सूत्रीय मांगों को लेकर सतना रेलवे स्टेशन के बाहर हजारों लोगों ने सत्याग्रह शुरू कर दिया है। मैंने उसका ज्ञापन राज्य मंत्री जी को दिया है, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन खुराना साहब को भी ज्ञापन दिया है और मैंने यह आग्रह किया है कि हमारे संसदीय क्षेत्र में जो रेलवे स्टेशन्स हैं, लगभग 18-20 रेलवे स्टेशन्स में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। वहां पीने का पानी नहीं है, बैठने की जगह नहीं है। प्रथम श्रेणी के दो रेलवे स्टेशन बनाए गए- मैहर और सतना। दोनों रेलवे स्टेशनों की स्थिति यह है कि अगर आप आज वहां चले जाएं तो आपको एक बूंद पानी नहीं मिलेगा।

17.00 hrs.

उसे आपने प्रथम श्रेणी का रेलवे स्टेशन बनाने की बात कही है, लेकिन ऐसे कितने ही रेलवे स्टेशंस हैं जो इस हालत में हैं। जैतवारा ऐसा ही एक रेलवे स्टेशन है। वहां मैंने देखा कि प्लेटफार्म पर घास उगी हुई है। क्या अपेक्षा कर रहे हैं आप, आप देखिए कि कहीं शौचालय नहीं हैं, कहीं नलों की टोंटियां नहीं हैं। बिजली की हालत इतनी खराब है कि पूरा स्टेशन अंधेरे में घुप्प रहता है। जबकि वह रेलवे ट्रेक रूट बड़ा ही महत्वपूर्ण है। वह बनारस से मुम्बई तक का रेल ट्रैक रूट है वाया इलाहाबाद-सतना-कटनी-जबलपुर। मैंने लगातार पिछली लोक सभाओं में भी इन सवालों को बार-बार उठाया था, लेकिन उस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब नीतीश जी रेल मंत्री थे, उस समय वह मेरे क्षेत्र में आए थे और उन्होंने बैरावल ट्रेन जो राजकोट जाती है, उसे सतना से शुरू करने घोषणा की थी। लेकिन वह अभी तक सतना नहीं आई। पहले विभाग वालों ने कहा कि वहां 24 डिब्बे खड़े करने की जगह नहीं है, वह भी बन गई। उसके बाद कहा गया कि वाशिंग किट नहीं है, वह भी बना दिया गया। अब एक नई कहानी कही जा रही है कि वहां टर्मिनल की सुविधा नहीं है। अगर यह सुविधा नहीं है तो इसे बनाने में कितना समय लगेगा। इस काम को भी अगर इच्छा हो तो किया जा सकता है।

श्री लालू प्रसाद : जब हम रेल मंत्री थे, तो हमने कुछ किया था।

श्री गणेश सिंह : लालू जी कह रहे हैं कि हमने तो कुछ किया था। मैंने इसी सदन में 26-11-2009 को एक अनुपूरक प्रश्न किया था। रेल मंत्री जी ने घोषणा की थी कि महाकौशल एक्सप्रेस और रीवा-दिल्ली एक्सप्रेस में जो पहले सुविधा उपलब्ध थी, वह रिस्टोर करेंगे। लेकिन आज तक वह काम नहीं हुआ है। अभी रेल मंत्री जी ने घोषणा की कि गरीब रथ को जबलपुर से इलाहाबाद तक पहुंचाएं। मैं इसका स्वागत करता हूं। मैंने मांग की थी कि रीवा और सतना से उसे चलाया जाए, लेकिन आपने इलाहाबाद से चलाने की घोषणा की, तो मुझे उसमें कोई आपत्ति नहीं है। मेरा यह कहना है कि आप अपनी घोषणा पर कायम रहें और उसे लागू करें।

मैं उस आंदोलन की तरफ रेल मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं जो मैंने शुरू किया है। उन 20 रेलवे स्टेशंस के आसपास के तमाम लोगों ने उस आंदोलन को

अपना व्यापक जन समर्थन दिया है। वहां अनिश्चितकालीन सत्याग्रह चल रहा है। वह सत्याग्रह तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक हमारी मांग को पूरा नहीं किया जाएगा। अगर इसके लिए हमें मंत्रालय में भी आकर सत्याग्रह करना पड़ेगा, तो वह भी हम करेंगे। हमने इस बात का अपने ज्ञापन पत्र में भी उल्लेख किया है। हमारी कई बैठकें जीएम लेवल के साथ हुई, लेकिन उनका कोई मतलब नहीं निकला। हमारे सवालों का उन बैठकों में कोई जवाब नहीं दिया गया। मैं वहां से दूसरी बार चुनकर आया हूं, मैंने वहां आंदोलन शुरू किया हुआ है, जनता मेरे साथ है। यह आंदोलन छोटी-छोटी बातों को लेकर हो रहा है, जिनका जिक्र मैं यहां कर रहा हूं। अगर ये बातें भी एक सांसद पूरी नहीं कर सकता तो वह क्या करेगा, वह रेल रोकेगा, आंदोलन करेगा, रेल मंत्रालय का घेराव करेगा, जीएम कार्यालय का घेराव करेगा। इसके अलावा वह और क्या कर सकता है। इसलिए मैं बार-बार निवेदन करना चाहता हूं कि इस तरह से उपेक्षा ठीक नहीं है। रेल मंत्री जी को अपने अधिकारियों से कहना चाहिए कि वे माननीय सांसदों को अपने साथ बिठाएं और उनकी जो समस्याएं हैं, जो उनके स्तर की हैं, वे निपटाने का काम करें। इसके अलावा जो गलत पत्राचार हो रहा है, कभी राज्य मंत्री जी का पत्र आता है, कभी माननीय मंत्री जी का पत्र आता है कि देख रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि कब तक आप देखते रहेंगे। इस तरह देखते-देखते तो 62 साल निकल गए हैं। अब तो कम से कम कुछ करने की बात होनी चाहिए। इसलिए मैं निवेदन करता हूं कि जो समस्याएं मैंने यहां रेल मंत्री जी के सामने रखी हैं, वह उन पर गम्भीरता से विचार करेंगी।

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): सभापति महोदय, सदन में रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर जो चर्चा चल रही है, आपकी अनुमति से मैं उनके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मैडम ने और हमारी सरकार ने बहुत से काम किए हैं। मैं अपनी स्टेट की बात करूं तो मैं कह सकता हूं कि वहां काफी तब्दीली है, लोगों में खुशी है इस बात की कि हर मुश्किल और तकलीफ में विभाग ने काम किया है। जैसे अभी हरिद्वार में कुम्भ का मेला लगा था। मैडम की तरफ से वहां काफी मदद मिली, जिसकी वजह से काफी लोग यात्रा कर पाए। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं।

मेरे क्षेत्र के दो-तीन मसले हैं, जो काफी महत्वपूर्ण हैं, उन्हें मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं। एक तो हमारे राज्य में डीआरएम आफिस नहीं है, डिवीजन नहीं है। उसकी वजह से हमारे इलाके की बड़ी दुर्दशा हो रही है। कहां कश्मीर से लेकर कहां फिरोजपुर है, जहां हमें जाना पड़ता है। सन् 1926 का बना हुआ वह डिवीजन है। तब से लेकर आज तक न जाने कितने जोन बन गए, लेकिन हमारे स्टेट के लिए जिसमें हिमाचल प्रदेश भी है, कोई डिवीजन नहीं है। हमारी मांग है कि जम्मू में एक डिवीजन बनाया जाए, ताकि हमारे राज्य के कामकाज वहीं पूरे हो सकें। मेरा रेल मंत्री जी से सुझाव है कि भारत के प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह साहब, जब लालू प्रसाद जी रेल मंत्री थे।

तो उस समय जब उधमपुर में इनॉगरेशन हुआ, रेल चलाई, उस दिन दो चीजें वहां एनाउंस की गयी थीं। कहा गया कि एक कोच फैक्ट्री बनेगी। शायद डा. फारुख साहब भी इस बात को जानते हैं। डा. फारूख साहब भी वहां थे, मैं भी वहां था और जो बात कही गयी, मैं समझता हूं कि वह एक प्रिंसीपल बनता है, गाइडलाइन बनती है, रास्ता बनता है। वहां उस दिन दो चीजों की एनाउंसमेंट की गयी। एक कोच फैक्ट्री और दूसरी स्लीपर फैक्ट्री, इस तरह से दो फैक्ट्री एनाउंस हुई थीं। वह स्पीच मैंने संभाल कर रखी हुई है। मैंने उसके बाद चिट्ठियां लिखीं कि कोच फैक्ट्री आपने कठुआ में और स्लीपर फैक्ट्री आपने उधमपुर में लगाने की बात कही थी। माननीय फारुख साहब इस बात के गवाह हैं। कितने वर्ष हो गये और हमें इस बात पर शर्म आती है कि अगर प्राइम-मिनिस्टर ऑफ इंडिया और रेल मंत्री दोनों मिलकर बयानबाजी कर दें तो इसके आगे तो खुदा ही है, प्राइम-मिनिस्टर के ऊपर कौन है, खुदा ही है। इसलिए मेरी जनाब से विनती है कि ये दोनों चीजें जो एनाउंस हुई हैं they must be implemented. चिट्ठी का जवाब बड़े मंत्री साहब तो देते नहीं, छोटे मंत्री जी को पता ही नहीं। वे जवाब दे रहे हैं कि यह हमारे प्लॉन में नहीं आता है। तेरे प्लॉन की तो बात ही नहीं है, ये प्लॉन तो प्राइम-मिनिस्टर ऑफ इंडिया का है, तू कहां से आ गया प्लॉन लेकर। इसलिए मेरी जनाब से विनती है। फिर मैंने रिक्वैस्ट की कि मैंने चिट्ठी लिखी थी और दूसरी विनती मेरी यह है कि हमेशा जम्मू-कश्मीर को पूरे हिंदुस्तान ने ऑनर दिया, इज्जत दी और इसी वजह से मैं कह सकता हूं कि मिलिटेंसी में कमी हुई। पिछले दिनों 1100 करोड़ रुपया खर्च करने के बाद, कौड़ी-ब्रिज, जिसकी अभी हमारे एक माननीय सदस्य बात कर रहे थे कि दुनिया में सबसे ऊंचा ब्रिज बनेगा और जिसके पिलर भी बन गये हैं, उसे बंद कर दिया। कटरा से लेकर काजीकुंड-बनहाल तक बंद कर दिया। हमने फिर यहां शोर किया, बात की तो फिर हुआ क्या? कहा गया कि काम शुरू करो, जिसने 6 महीने काम बंद किया, वह आदमी कौन है, उसे सजा क्या दी गयी है। 1100 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद किसी ऑफिसर के मन में आयेगा कि काम बंद कर दो और गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का पॉलिसी मैटर खत्म हो जाएगा। आपकी ट्रेन जाने से वहां लोगों को रोजगार मिला, रोजगार मिलने से वहां का माहौल बदला। माननीय फारूख साहब इस बात को जानते हैं। पहले उस इलाके में कोई आदमी जाने को तैयार नहीं होता था। जो हमारा रियासी का, मोहर का, दरमाड़ी का एरिया है, den of militancy था जो रेल की वजह से नॉर्मल हुआ। मिलिटेंसी ज्यों ही खत्म हुई, इन्होंने काम ही खत्म कर दिया। जो मशीनरी वहां पर आइडल पड़ी है, उसके पड़े रहने के पैसे दिये, लेकिन हमारे जो लोग हैं उन बेचारों को कोई पैसा या रोजगार नहीं है। मेरी आपसे विनती है कि जिन लोगों ने जमीनें दी हैं उन्हें अभी तक रोजगार नहीं मिल पाया है, जबकि 75 परसेंट रोजगार देने की आपकी पॉलिसी है। आप ऊधमपुर चले जाओ तो पैसेंजर, एमिनिटी नाम की चीज नहीं है, पाने का पानी नहीं है। वहां कैंटीन नहीं है, वहां एक ही रास्ता है, उसी रास्ते से घुसना और उसी रास्ते से टिकट लेनी पड़ती है। ...(व्यवधान)मैं आपसे कहना चाहता हूं कि पैसेंजर एमिनिटी इतनी पुअर है, वहां की हालत इतनी बुरी है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : There are another 25 Members who are waiting to speak. I have to accommodate all of them. Please cooperate and try to be brief.

चौधरी लाल सिंह : मेरी विनती है कि हमारे मसले हल होने चाहिए। पिछली सरकार से हमने कठुआ से किश्तवाड़ का सर्वे सैंक्शन करवाया। लालू जी मंत्री थी। अब इसे मैडम ने प्लानिंग में भेजा है। अब सुनने में आ रहा है कि प्लानिंग विभाग की मर्जी है कि इसे मंजूर करे या न करे। अगर मंजूर नहीं करना है, तो आप सर्वे क्यों कराते हैं? मेरी सब्मिशन है कि जम्मू-कश्मीर में सिर्फ 90 किलोमीटर रेल की पटरी है, जबकि पूरे देश में 70 हजार किलोमीटर है। इस हिसाब से हमारे यहां कम से कम दो-तीन हजार किलोमीटर पटरी जरूर होनी चाहिए। मैं नहीं समझता कि पहाड़ी इलाकों को नज़रअंदाज किया जाए। चाहे राजौरी-पुंछ का सर्वे हो, चाहे कठुआ से किश्तवाड़ का सर्वे हो, ये नेशनल प्रोजेक्ट्स बनने चाहिए। इससे रोजगार भी मिलेगा। जो इलाके बैकवर्ड हैं, मैडम ने विशेष तौर पर कहा है कि इन इलाकों को वे देखेंगी। मेरा कहना है कि इन इलाकों से ज्यादा बैकवर्ड इलाके और नहीं हो सकते हैं। मेरे अपने इलाके की बात मैं आपको बताता हूं। एक इंसान की आंख में कीड़े पड़े। पूरी आंख निकली हुई है, उसमें कीड़े पड़े हैं और वे लोग अपनी आंख में से कीड़े नहीं निकलवा सकते हैं। जब तक वहां का विकास नहीं होगा, भारत का विकास नहीं हो सकता है। इसके साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जो दूरंतो ट्रेन चलाई गई है, वह कठुआ जरूर रुकनी चाहिए।

मंत्री महोदया ने अंडर पास वे जंगपुर के लिए कहा कि उसे तुंत बनवा देंगे। वह काम नहीं हो पाया है। अंत में मैं कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर के लिए आपने जो भी फारमैलीटीज करनी हैं, वे करें, लेकिन हमारे मसले तुंत हल होने चाहिए।

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर): सभापति महोदय, मैं रेल के बारे में सिस्टम और सिद्धांत की बात कहना चाहता हूं। एक लांग टर्म पालिसी होती है और एक शार्ट टर्म पालिसी होती है। हम कहना चाहते हैं कि रेल में बहुत कन्जेशन है। जो मेन कोरिडोर्स हैं, उनमें दस-दस या पन्द्रह-पन्द्रह मिनट में ट्रेनें चल रही हैं। हम पूरी स्पीच में समझ नहीं पाए हैं कि कन्जेशन को रिमूव करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। मैं रेल बजट के बारे में जो समझा है, उसके अनुसार यह बात समझ में आई कि जैसे दो कोरिडोर हैं, एक ईस्टर्न कोरिडोर और एक वेस्टर्न कोरिडोर, जो असली समस्या है, वह यह है कि दो लाइन से काम चलने वाला नहीं है। यह कहा गया कि थर्ड लाइन भी बनेगी। जब तक थर्ड लाइन नहीं बनती और जो अर्निंग होर्स, जो गुड्स ट्रेनें हैं, उनका ध्यान नहीं रखा गया, तो ये रोड वेज बस नहीं है या डीटीसी बस नहीं है कि यहां वहां खड़ी कर दो। यह पालिसी बिलकुल गलत है और यह बिलकुल अनप्रोफेशनल डिबेट है। हमेशा जो प्रोफेशनल प्लानिंग होती है, वह नीड बेस्ड होती है। यह बात दूसरी है कि बिहार की किस्मत बहुत अच्छी है कि स्वर्गीय मिश्रा जी वहां से रेल मंत्री हुए। श्री अब्दुल गनी चौधरी जहां से थे, वहां से ट्रेन चली। लालू जी भी मंत्री रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं कि जहां के मंत्री हों, वहीं की रेल हो जाए। रेल किसी की प्राइवेट या स्टेट प्रापर्टी नहीं है। मैं संसद सदस्य हूं, हमीरपुर महुआ, जो खजुराहो मध्यप्रदेश की बेल्ट है। अंग्रेजों ने झांसी को रेल का सेंटर बनाया था। अगर देखा जाए, तो भारतवर्ष का नागपुर या झांसी सेंटर है। वहां कुछ नहीं हुआ।

रेल की कोच फैक्टरी ममता जी ने रायबरेली में बनाई, इसमें हमें कोई परेशानी नहीं है। परंतु आप इसे झांसी में भी बना सकते थे। आज पानी की सबसे ज्यादा किल्लत और दिक्कत बुंदेलखंड में है। लेकिन आपने वाटर प्लान्ट रायबरेली में दे दिया, हो सकता है कि इसके कुछ पोलिटिकल रीजन्स हों या अन्य कुछ बात हो। लेकिन हम कहते हैं कि आप झांसी में छोटा प्लान्ट दे देते तो वहां के लोगों का बहुत भला हो जाता।

दूसरी बात हम कहना चाहते हैं कि जब-जब यह डैवलपमैन्ट हुआ है, वहां खजुराहो है और चित्रकूट का स्टेशन है। यदि मैं वहां से जाता हूं तो जब किसी रेलवे स्टेशन में बाहर से कोई रोशनी न आये तो समझ लीजिए चित्रकूट आ गया। मैं ममता जी से कहना चाहता हूं कि वह लैसन लें कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से राम

का उल्लंघन किया और बाहर हो गये, उसी तरह से यदि आप चित्रकूट का उल्लंघन करेंगी तो भविष्य में आपको परेशानी होगी। भगवान राम जहां 14 सालों तक रहे, तुलसीदास जी ने वहां रामायण लिखी। वहां रेलवे की सिंगल लाइन है और वहां रेलवे स्टेशन पर जनरेटर तक नहीं है। आप सब जानते हैं कि जब किसी पर संकट पड़ता है तो वह चित्रकूट जाता है। मैं कहना चाहता हूं कि आप उपेक्षित क्षेत्रों का भी ध्यान रखें। जैसे यह दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि जहां रेल की पटरी चलती है, वहां विकास दौड़ता है। आज यदि देखा जाए तो उत्तर प्रदेश या उत्तर भारत में सबसे ज्यादा पिछड़ा कोई प्रदेश है तो वह बुंदेलखंड है।

मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है तो ज्युडिशियल कैपिटल इलाहाबाद है। इलाहाबाद से लखनऊ दो सौ किलोमीटर है और रेल का सफर साढ़े पांच घंटे है। चूंकि वहां सिंगल लाइन है। हमारा कहना यह है कि आप इन चीजों पर भी ध्यान दीजिए।

इसके बाद मैं कहना चाहता हूं कि आप चाइना से नसीहत लीजिए। सन् 1950 में उनकी एवरेज स्पीड 40 से 50 किलोमीटर थी। यहां रेल मंत्री, बहन ममता जी बैठी हैं, वह पता लें कि इस समय चाइना में 275 और 300 किलोमीटर की एवरेज स्पीड आ रही है। यदि इस तरफ आप लांग टर्म में कुछ नहीं कर सकते तो जिस तरह से पापुलेशन एक्सप्लोजन होता है, इस रेल से समस्या का हल नहीं होगा। मैं चाहता हूं कि चित्रकूट, महोबा, खजुराहो और बुद्ध वाला कारीडोर अगर बना दें और उसमें डबल लाइन कर दें तो वहां का क्षेत्र चमक जायेगा, वहां विकास हो जायेगा। जैसे महोबा है...(व्यवधान) महोबा से लालू यादव जी के जमाने में खजुराहो कनैक्ट हुआ। मैं कहना चाहता हूं कि यदि आप इन्हें नहीं करेंगे, टूरिज्म डैवलपमैन्ट नहीं करेंगे तो इन क्षेत्रों का विकास कैसे होगा।

आज रेल विभाग में मैम्बर ऑफ पार्लियामैन्ट की बहुत उपेक्षा हो रही है। रिजर्वेशन की कोई बात नहीं, जैसे सब लोगों ने कहा, उसे मैं रिपीट नहीं करूंगा। अगर हम किसी को चिट्ठी भी लिखते हैं तो हमारी चिट्ठी से रिजर्वेशन तभी होता है, जब तक कोई डिपैन्ड न हो। इसके लिए रेलवे से रेलवे बोर्ड को इंस्ट्रक्शंस क्यों नहीं जाती हैं कि यदि हम अपने किसी गैस्ट के लिए रिकमैंड करते हैं तो हम लोगों को भी वेटेज मिलना चाहिए और इफैक्टिव वेटेज मिलना चाहिए। अन्यथा हम लोगों को बता दिया जाए तो हम लोग चिट्ठी ही न लिखें।

आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि यह एनसीआर का मसला है। बहन ममता जी ने दो महिला ट्रेनें बनाई हैं। एक पलवल से जाती है और दूसरी कोलकाता से जाती है। आप एनसीआर खुर्जा से दिल्ली के लिए एक महिला ट्रेन बना दें। यूपीए के लोगों ने महिला रिजर्वेशन के लिए अपनी पूरी जान लगा दी। परंतु यदि आप महिलाओं की तरक्की चाहते हैं तो एक महिला ट्रेन यहां से भी लगवा दें। मैं अपनी बात को

समराइज करते हुए कहना चाहता हूं कि आप अगर थर्ड लाइन, स्पीड और टाइमिंग इन पर ध्यान दें तो बहुत कुछ हो सकता है। जैसे उन्होंने कहा कि जितने अटैन्डैन्ट्स हैं, वे प्राइवेट हो गये। हमें रेल के कई लोगों ने बताया कि जो चोरी हो रही है, वे प्राइवेट अटैंडन्ट कर रहे हैं। इसलिए प्राइवेटाइजेशन भी बदलना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): महोदय, माननीया रेल मंत्री जी जो अनुदान की मांगें वर्ष 2010-11 के लिए लेकर आयी हैं, हम अपनी ओर अपनी पार्टी की ओर से माननीया रेल मंत्री जी की इस मांग का समर्थन करते हैं। आदरणीय ममता जी गरीबों की लड़ाई के लिए जानी जाती हैं। आज मैं इस सदन में कहना चाहता हूं कि माननीया रेल मंत्री जी अगर आपने भी इस समस्या का निदान नहीं किया तो भविष्य में शायद गरीब लोगों की समस्या का निदान होने वाली भी नहीं है। आज रेल के अंदर 20 फीसदी लोगों के लिए 80 फीसदी सीटें रिजर्व हो जाती हैं और 80 फीसदी लोगों को 20 फीसदी रेल डिब्बों में ही यात्रा करनी पड़ती है, विशेषकर लंबी दूरी की रेलों में। आदरणीय रेल मंत्री जी को जानकारी होगी कि जनरल बोगी के डिब्बों का बहुत बुरा हाल हो जाता है। भले ही माननीया मंत्री जी रिजर्वेशन क्लास की कुछ बोगियां कम कर दें, लेकिन आपके माध्यम से मेरी मांग है कि जनरल क्लास की बोगियों की संख्या बढ़ायी जाये, नहीं तो आपके गरीबों के लिए जो तमाम संकल्प हैं, वे कभी पूरे होने वाले नहीं हैं। मैंने पिछले रेल बजट की चर्चा में भी इस बात का जिक्र किया था। साथ ही साथ मैं अपील करना चाहता हूं, आपने तमाम तरह की चर्चाएं कीं, तमाम सुधार की बातें कीं, लेकिन माननीया रेल मंत्री जी रेल के अन्दर खानपान की व्यवस्था में आज भी कोई खास परिवर्तन नहीं है। शताब्दी जैसी ट्रेनों में भी खाने की कोई खास व्यवस्था नहीं है। एक सवाल हमारे तमाम माननीय सदस्यों ने उठाया है, मैं उनकी बात का समर्थन करते हुए माननीया मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि वर्ष 1996-97 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय एच.डी.देवगौडा साहब ने इटावा से मैनपुरी की 57 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन की घोषणा की थी। आज 14 वर्ष बीतने के बाद भी मैं समझता हूं कि उसकी 50 फीसदी प्रोग्रेस भी नहीं हुई है। अभी हमने बजट के कागजात देखे, 55 करोड़ रूपये की आवश्यकता थी, लेकिन माननीया मंत्री जी आपने केवल 15 करोड़ रूपए देने का काम किया है। हमारी अपील है कि इस देश के पूर्व प्रधानमंत्री जी की जो घोषणा है, एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने देश के राष्ट्रपति के रूप में इस योजना का शिलान्यास किया था, आदरणीय नितीश कुमार जी ने रेल मंत्री के रूप में कहा था कि कलाम साहब ही इस योजना का उद्घाटन भी करेंगे। कलाम साहब का तो कार्यकाल समाप्त हो गया है, संभवतः महामहिम प्रतिभा पाटिल जी का कार्यकाल भी समाप्त होने को है। यह आदरणीय नेता जी का क्षेत्र है, मैं भी पहले मैनपुरी से एमपी रहा हूं, यह इटावा और मैनपुरी के बीच का मसला है, हमें उम्मीद है कि माननीया रेल मंत्री जी, नेता जी के सम्मान को देखते हुए, उस क्षेत्र की जनता के सम्मान में इस योजना को पूरा करने का काम करेंगी।

महोदय, एक और मसला है। आदरणीय लालू प्रसाद जी ने रेल मंत्री के रूप में वर्ष 2008-09 के बजट भाषण के जवाब में मैनपुरी से एटा, एटा से बदायूं, बदायूं से सम्भल होते हुए गजरौला तक एक नयी रेल लाइन देने की बात की थी। यह मैनपुरी से शुरू की थी। उसमें माननीया मंत्री जी इस बजट में आपने एटा से कासगंज का हिस्सा लिया है और सम्भल से गजरौला का हिस्सा लिया है, लेकिन इन दोनों ही हिस्सों को लेने से आपका कोई औचित्य सिद्ध होने वाला नहीं है। हमारी आपसे प्रार्थना है कि माननीय लालू जी ने जो घोषणा की थी, उस घोषणा का ही क्रियान्वयन करते हुए अगर आप मैनपुरी से गजरौला तक पूरी लाइन दे देंगी तो जनपद एटा, जनपद कासगंज, जनपद बदायूं, जनपद मुरादाबाद और जनपद अमरोहा, पांच जनपदों के लोग आपके आभारी रहेंगे। हमें विश्वास है कि पिछले रेल मंत्री जी का सम्मान वर्तमान रेल मंत्री जी भी करेंगी। साथ ही साथ आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी ने प्रधानमंत्री के रूप में वर्ष 1997-98 में बदायूं में जाकर घोषणा की थी कि बरेली से कासगंज तक, बदायूं होते हुए इस रेल लाइन का आमान परिवर्तन किया जाएगा। छोटी रेल लाइन से बड़ी रेल लाइन की जाएगी, लेकिन माननीया मंत्री जी बड़े अफसोस की बात है कि अभी तक उस रेल लाइन के आमान परिवर्तन का काम पूरा नहीं हो पाया है। जब अधिकारियों से बात की जाती है तो कहा जाता है कि बदायूं से कासगंज प्राथमिकता में नहीं है। मैं माननीया मंत्री जी आपसे कहना चाहता हूं कि बदायूं सूफी संतों की सरजमीं है, यहां छोटे सरकार, बड़े सरकार से लेकर तमाम सूफी-संत हुए हैं, जिनकी जियारत के लिए करोड़ों लोग देश-विदेश से आते हैं। इसके बाद भी जनपद बदायूं की इस तरह से उपेक्षा हो रही है। माननीया मंत्री जी यह उचित नहीं है। आपका तो नाम भी ममता है, मुझे उम्मीद है कि अपने नाम के अनुरूप आप हमारे जनपद बदायूं पर अपनी ममता को बरसाने का काम करेंगी।...(व्यवधान)

माननीय मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूँ कि नेता जी गुन्नौर से एमएलए रहे हैं। बबराला वहाँ का मुख्य कस्बा है। बबराला से सहसवान, सहसवान से बिल्सी और बिल्सी से बदायूँ होते हुए शाहजहाँपुर तक की एक नई रेलवे लाइन अगर आप दे देंगी तो लखनऊ से दिल्ली की यात्रा बहुत नज़दीक हो जाएगी और मुझे उम्मीद है कि आप ज़रूर यह देने का काम करेंगी। इसी तरह से बदायूँ नगर के रेलवे क्रासिंग नंबर 27 पर आरओबी की अत्यधिक आवश्यकता है। इटावा में भी इटावा नगर के क्रासिंग नंबर 27 के संबंध में हमने तमाम बार मामला उठाया। वहाँ पर आरओबी का जो रेलवे का हिस्सा था, रेलवे लाइन के ऊपर वाला, वह आज तक टूटा पड़ा है। आज तक उस पर काम पूरा नहीं हो पाया। जसवंतनगर के अंदर रेल लाइन 33ए

और 34ए के बीच एक बायपास बनाया गया। यह बायपास बरेली से आगरा का सबसे शार्टेस्ट रास्ता बन रहा है। उस रास्ते पर भी रेलवे के हिस्से का फ्लाइओवर नहीं बन पाया है। बाकी पीडब्लूडी का काम पूरा हो चुका है। मुझे उम्मीद है कि माननीय मंत्री जी इन बातों पर ध्यान देते हुए अपनी मेहरबानी हमारे ऊपर करेंगी।

*__DR. MANDA JAGANNATH (NAGARKURNOOL) :__ First of all let me congratulate Madam Mamata Banerjee for

presenting Burden less Budget on common man to the country. I would also like to thank Madam Sonia Gandhiji and Hon'ble Prime Minister Manmohan Singhji for guiding Railway Minister Mamata Banerjee to present such Welfare oriented Burden less Budget on the all sections of the society.

Railway is the common mode and cheapest mode of transport for the common man under the given circumstances, where the other modes of transport is becoming costlier and costlier every year, though the effect of Rise in oil prices affects Railways also honourable Railway Minister had taken care to not to increase in fares which will go long way in the Railway history and commendable because on the whole the common man is very happy.

The steps proposed for the passenger Amenities. Welfare measures, introduction of Dorantho Express trains, Garib Rath and steps taken to provide Railway facilities to North Eastern States, Jammu and Kashmir and also steps taken to provide Railway transport system to difficult terrain in the country is commendable and this shows the commitment of the UPA government for trying to provide cheapest mode of transport to the poorer sections of the society.

Now coming to my own state of Andhra Pradesh, this year whatever the injustice being meted out to state of Andhra Pradesh, say whether it is in the introduction of new trains, construction of new lines, doubling activity gauge conversion is increased in comparison to previous years. But though in comparison to previous years this time allocations are better, it is not a matter to be over joys, because all the previous years the allocations were very meager which had delayed the completion of Railway Projects many years behind than the schedule and I request the Hon'ble Railway Minister to take necessary steps to Expedite the works, so as to complete the projects in time.

Reorganization of some of the stations in Andhra Pradesh as Class 1 stations, Adarsh Stations Model and Modern stations are very much thankful. But the work has not yet commenced to make them as Modern Stations One such type of station is 'GADWAL' between Mahboob Nagar Âand Kurnol Block Section is named as Modern Station in previous Budget. But no work has started yet. I request the honourable Railway Minister to take UP work in such type of stations so as to give the passengers the good facilities.

I am very much thankful to the honourable Railway Minister for allocation Rs.60 crores for Gadwal-Raichur new line, Rs.50 crores for Munirabad Mahboobnagar line. The new line between Gadwal and Raichur had been sanctioned during 1998-99 though more than ten years passed new line a stretch of 60 km is not yet completed. I request the honourable Railway Minister to take necessary steps for completing the new line between Gadwal and Raichur as early as possible.

I am also very much thankful to the Honourable Railway Minister for including the Gadwal – Macheria new line in the cost sharing basis in the Railway Minister 2010-11 and request the Railway Minister to provide Funds and take up necessary steps to lay the foundation stone at Gadwal Rly station for the construction of new line between Gadwal-Macheria a stretch of 232 kms.

My request for the construction of RoB at Gadwal Railway station at Km 187 is long pending. I request the Hon'ble Railway Minister to sanction one RoB at Gadwal Railway Station in the Secunderabad-Dronachillen sanction.

A new line between Jadchele and Nandayal-via Nagarkurnool-Kollapur and Nandyal was proposed. Survey was done. I request the Hon'ble Railway Minister to sanction the new line between Jadchele and Nandyal.

With above requests once again congratulating the Railway Minister for presenting such a common man Welfare oriented budget. I support for Demands for grants Railway and also supplementary Demands for Grants for the year 2010-2011.

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्मम): माननीय सभापति जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे रेलवे की अनुदानों की मांगों पर बोलने का समय दिया।

माननीय सभापति जी, इस बार के रेलवे बजट में माननीय रेल मंत्री जी ने 114 नए रेल प्रोजैक्ट्स को प्रपोज़ किया है। उन्होंने कहा है कि ये प्रोजैक्ट्स सोशली डिज़ायरेबल प्रोजैक्ट्स हैं। उसमें से 14 प्रोजैक्ट्स आंध्र प्रदेश के हैं। इन 14 प्रोजैक्ट्स में से पाँच प्रोजैक्ट्स हमारे खम्मम डिस्ट्रिक्ट की कांस्टीटुएंसी के हैं। उसमें 40 साल से पड़े हुए भद्राचलम-कोत्तुर, पोट्टेगुडम-कोंडापल्ली, मनुकूर-रामगुंडम, पोंडरंगापुरम से भद्राचलम रोड, भद्राचलम रोड से सत्तिपेल्ली, ये पाँच प्रोजैक्ट्स हमारे

जिले के हैं। इसमें देखें तो जो नई लाइनें प्रपोज़ की हैं, उसके लिए कम से कम एक लाख करोड़ रुपये से ऊपर के फंड की रिक्वायरमैंट है। एक्ज़िस्टिंग प्रोजैक्ट्स को कंप्लीट करने के लिए करीब करीब 80 हजार करोड़ रुपये की रिक्वायरमैंट है। इसमें केवल 10-15 प्रतिशत फंड का ही एलोकेशन हुआ है। अगर इसको देखें तो जो एक्जिस्टिंग प्रोजैक्ट्स कंप्लीट करने के लिए कम से कम 8-10 साल का समय लगेगा और नये प्रोजैक्ट्स के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोजैक्ट्स पीपीपी मॉडल में लगा दिये हैं। आंध्र प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने स्टेट गवर्नमैंट की तरफ से इन प्रोजैक्ट्स को 50 प्रतिशत कंट्रीब्यूशन के लिए लिखा था, जिसका जिक्र बजट में माननीय रेल मंत्री जी ने भी किया है। इसमें मुख्य बिन्दु क्या है कि स्टेट गवर्नमैंट के बजट में एक रुपये भी इस प्रोजैक्ट के लिए नहीं लगे हैं और इधर से नए प्रोजैक्ट्स के लिए, केवल आंध्र प्रदेश के प्रोजैक्ट्स के लिए केवल 10 करोड़ रुपये का बजट रखा है और बाकी सब सर्वे के लिए रखा है। इसके लिए फाइनैंसिंग मॉडल प्रापर वे से देने चाहिए नहीं तो ये प्रोजैक्ट्स कंप्लीट करने में बड़ी दिक्कत होगी।

मेरा निर्वाचन क्षेत्र खम्मम एक पिछड़ा हुआ इलाका है। गृह मंत्री जी ने पूरे देश में जो 33 जिले एक्स्ट्रीमिस्ट अफैक्टेड एरिया घोषित किये थे, उसमें आंध्र प्रदेश का खम्मम डिस्ट्रिक्ट भी एक है। उसके लिए इनफ्रास्ट्रक्चर डैवलपमैंट के लिए कुछ रोड्ज़ के फंड्ज़ भी हैं। हम ऑनरेबल मिनिस्टर को यही रिक्वैस्ट करना चाहते हैं कि डिस्ट्रिक्ट में रेलवे के इनफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी फंड्ज़ बढ़ाकर दें और जो लॉंग पैंडिंग प्रोजैक्ट्स हैं, वे कंप्लीट करें। 90 प्रतिशत ट्राइबल्स ने आज तक ट्रेन नहीं देखी है, वे ट्रेन में नहीं चढ़े हैं। यह नई रेल लाइन जब से आई है, तब से वे बड़ी खुशी में हैं। भद्राचलम लाइन बहुत महत्वपूर्ण रेल लाइन है। इसकी सोशल वायेबिलिटी ही नहीं, बल्कि कामर्शियल वायेबिलिटी भी है। इसका आईआरआरपी करीब 20 प्रतिशत तक है। इसलिए इस प्रोजैक्ट को फास्ट ट्रैक में लेकर इसको शुरू करना चाहिए। हम माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से यह मांग करना चाहते हैं। इसके साथ साथ खम्मम जिले में माइनिंग सैक्टर बहुत बड़ा सैक्टर है। यहाँ कोल माइन्स बहुत ज्यादा हैं। काफी नई कोल माइन्स एलोकेट की गई हैं। सिंगरेनी कोलियरीज़ वाले इसका पैसा शेयर करना चाहते हैं। हाल ही में मैं सिंगरेनी कोलियरीज़ के एमडी से मिला था।

हमने उनसे खम्मम डिस्ट्रिक्ट के विकास के लिए रिक्वैस्ट की है। उनके साथ भी रेलवे का एमओयू फाइनल नहीं हुआ है। मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि उसके एमओयू को फाइनल करके वहां के फण्ड को डायवर्ट किया जाए और खम्मम डिस्ट्रिक्ट के प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।

महोदय, इस साल में 41426 करोड़ रूपये का प्लान इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट किया गया है, लेकिन हमारे आंध्र प्रदेश को इसमें से कम दिया गया है। 25 हजार किलोमीटर रेल लाइन अगले दस साल में बनाने का रेलवे मंत्री जी का सपना है और 2500 किलोमीटर इस साल बनाने और अगले साल एक हजार किलोमीटर कम्पलीट करने का सपना है। लेकिन जनरल बजट में रेलवे पर सर्विस टैक्स लगाया गया है, इससे 6 हजार करोड़ रूपये का प्रभाव रेलवे पर पड़ेगा। मैं वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि रेलवे को फण्ड एलोकेट किया जाए क्योंकि रेलवे कॉमन मैन के लिए है। इसलिए रेलवे को ज्यादा से ज्यादा फण्ड दिया जाए। मैं अंत में ममता जी का ध्यान हमारे क्षेत्र के एससी और एसटी लोगों के विकास की ओर दिलाते हुए उनसे आग्रह करूंगा कि वे उनकी ओर ध्यान दें और रेलवे का विकास करें।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): महोदय, उत्तर प्रदेश के मैनपुरी और बदायूं रेलवे के मामले में सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं। इसे सौभाग्य कहिए या दुर्भाग्य कि दोनों जगहों से हम ही लोक सभा के सदस्य हैं। बदायूं से इस बार श्री धर्मेन्द्र यादव हैं, पहले हम थे और हम इस बार मैनपुरी से हैं। आप इन दोनों जगहों का सर्वे करवा लीजिए। लालू जी के कार्यकाल में मैंने इनसे भी कहा था और इन्होंने प्रयास भी किया था, लेकिन नहीं हो पाया। आप इन दोनों जगहों का सर्वे करवा लीजिए। उत्तर प्रदेश में बदायूं और मैनपुरी रेलवे के मामले में सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं। मैंने पहले भी इस बात को उठाया था। लेकिन आप आज स्वीकार कर लीजिए, यही मेरा निवेदन है।

सभापति महोदय : आप इनका एक्सप्लेनेशन मत दीजिए, केवल पढ़ते जाइये।

श्री सोहन पोटाई : बिलासपुर-पुणे एक्सप्रैस जो सप्ताह में एक दिन चलती है, उसे प्रतिदिन किया जाए। हमारे प्रदेश में दुर्ग-बिलासपुर से जम्मू-कश्मीर तक नई रेल लाइन प्रारम्भ की जाए। क्योंकि हमारे छत्तीसगढ़ क्षेत्र से भी बहुत सारे लोग जम्मू देवी के दर्शन के लिए जाते हैं। इसलिए इस ट्रेन की वहां बहुत आवश्यकता है।

मैं अंतिम बात कहना चाहता हूं कि दुर्ग-गुवाहाटी तक भी रेल लाइन की आवश्यकता है। इसलिए आपके माध्यम से मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरी उक्त सभी मांगों को इस रेल बजट में सम्मिलित करने की कृपा करें।

*SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam, I beg to lay my written speech on Demands for Grants for Railways 2010-11.

I do oppose the Demands for Grants for the following reasons:-

1. The Hon'ble Railway Minister has announced many projects without the sanction of the Planning Commission. Their implementation therefore is highly suspect. Last year in her budget proposal, she has made number of new projects but most of them have not been implemented so far. While the Railway Minister has made tall claims on laying 1000 kms of new railway lines, it is shocking that the action plan allocations for gauge conversion, doubling of railway lines and new rolling stock like wagons and carriages have been cut in nominal terms. In that sense, it is not far from truth to tell that the Budget speech has sought to conceal gross failures through misleading announcements.

2. In Railway travel what is more important is the safety of the passengers. Over 120 railway accidents have taken place so far during this financial year. But what we see that the allocations for the Railway Safety Fund has been cut by Rs.579

crore from last year. Over and above, one lakh seventy thousand railway posts are lying vacant out of which nearly 90000 are posts related to Railway safety.

3. On her Budget speech, the Hon'ble Railway Minister has made an unprecedented thrust towards participation in all areas in the name of P.P.P. which is not at all desirable.

At this backdrop, I would also like to make the following demands:-

1. Need to allocate more funds for early completion of Pending Railway projects, gauge conversion and doubling of lines.
2. Need to increase allocation of funds for better signaling and tele-communications in railway traffic.

---

* Speech was laid on the Table

3. Need to provide stoppage of one Rajdhani Express at Burdwan in West Bengal.
4. Need to introduce a new train between Durgpur and Howrah in E.R.
5. Need to upgrade Katwa-Ahmedpur line from narrow gauge to broad gauge in E.R.
6. Need to extend gauge conversion from Burdwan to Katwa all the line in E.R.
7. Need to install escalator at Durgapur Railway Station in E.R.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER (PONNANI): Sir, thank you very much for giving me this opportunity to make my observations on the Railway Budget. I express my heartfelt congratulations to the hon. Minister; the Ministers of State for Railways; and Indian Railways in general for the commendable performance. I would not hesitate to say that the Indian Railways is really on the fast track.

You have made certain declarations in the Budget speech. I would like to say that previously there was a gap between declaration and implementation. On the other hand, now, we are witnessing that almost all the declarations are translated into actions. Really speaking, we must congratulate the Minister because she really applied a multi-track diplomacy in this. Multi-track diplomacy means there is all-round development activities and there was no other hike in passenger tariff also. It is really a skill. This was achieved without charging any additional tariff. It is really a skill and it is an art. It is like honey bee collecting honey from the flower without giving pain to it. The Minister can deserve all the congratulations for it. There is better employee-employer relations that are maintained, and social commitment is also there in the Railways. She was saying about it in the first speech itself. It is also there that it is a success. Similarly, there are facilities for women passengers; full travel concession for cancer patients; and all these flagship programmes are there.

If we examine the development indicator, the growth in earning is 8.74 per cent; earning through goods is 8.56 per cent; passenger earning is 8.1 per cent; freight traffic growth is 7.44 per cent; and parcel earning is 18 per cent. It is really a record. One thing is there that when we are doing something substantial in the Department, then hyper-critics may say so many things. I suggest that it is better to ignore them. One remark had really hurt me. In the last Budget she was announcing a lot of things, and the next day there was a reaction from our friends on the other side, especially, our CPI (M) colleagues from Bengal. They were saying that Kumari Mamata Banerjee is making political capital out of this.

They were saying that she was aiming for the next elections in West Bengal. These kinds of funny things should not be there. There are two things. One, even if she does something for West Bengal, there is no harm in that because brothers and sisters in that State were suffering for the last 30 years. Let them have some relief through Kumari Mamata Banerjee. Why should you get annoyed on this? Even if she does not do that, you cannot unnecessarily blame a leader who is taking initiative in all kinds of things like these.

I would like to mention one important thing about social justice. When you made an announcement on social justice in employment, it was a new kind of declaration. The entire country was congratulating the Minister, and they were believing that you would be bridging that gap. As you all know, as per the most authentic report, that is, Sachar Commission, the representation of the largest minority in the country in the Railways is just 4.5 per cent; that too, 85 per cent of them are in the lower category. At page 58 and 59 of the Annual Report of the Railways, you have the details of the total number of railway employees and also the details of SC/ST representation. What about the OBCs, I would like to ask. Why there is no mention in that? I am not blaming the Minister. It is not a new thing. It is not her creation. It has been continuing for a long time. This much of discrimination is there. What I am suggesting is that steps should be taken on a war-footing to bridge this gap. I suggest that at least in the next document, you may have a column containing the details relating to the OBCs. Let the whole nation understand what exactly their position is.

Coming to Kerala, we all know that you have given a lot of consideration to this State, like new trains and other things. It is all working very well. All the trains have started running, the last one being the Duronto train. Our congratulations to you because you have given that much of consideration. In respect of dedicated freight corridor, Kerala has been ignored, not exactly ignored.

MR. CHAIRMAN : Will you please conclude now?

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : I hope that you will correct it. We deserve that. Our request is quite genuine. I hope you will consider that. Similar is the case in respect of the announcement of introduction of luxury trains for tourists. Barring Kerala, where is the tourist destination? I am requesting that one luxury tourist train to Kerala should be

introduced. Similar is our genuine demand for a Peninsula Railway Zone. That also deserves due consideration. I hope the hon. Minister and her team will give due consideration to that. Similarly, a triangular railway platform at Shoranur is very much required. A Coach Factory at Palghat and Wagon Factory at Cherthala, Alleppey, should also be established and that also deserves your most important consideration. I hope you will give due consideration for that also.

At the end, I would like to mention one very important thing concerning the physically handicapped people. At page 69 of this Annual Report, it says that you are doing a lot of things for the physically handicapped persons like arrangements at the railway stations and all kinds of concessions. Previously, we had allotted STD booths for the physically handicapped persons at some selected railway stations. Now, with the use of mobiles, those booths have become irrelevant. There is no income from that and they are starving like anything. I humbly request the hon. Minister, who is having that much of compassion for the downtrodden, and for the poor sections of thee society, to find some alternative way to help them.

I do not want to take much time. I am confident that things will become a reality. All the ideas of the Ministry of Railways, I feel that you can translate all those ideas into action.

With these few words, I conclude my speech.

***SHRI A.K.S. VIJAYAN (NAGAPATTINAM) :** On behalf of the Dravida Munnerta Kazhagam and on my own behalf, I support the Demands for grants for the Ministry of Railways. At least to some extent I hope this would help the Railways to go in for completing certain pending projects and add pace to the ongoing projects.

I would like to recall and reiterate what our leader and the Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Kalaignar Karunanidhi had stated about this year's Railway Budget. He had impressed upon the need to allocate more funds and speed up the ongoing schemes and complete the long pending ones at the earliest especially to overcome the cost over run.

I would like to draw the attention of the Hon'ble Railway Minister to the need for the augmentation of train service pertaining to my Parliamentary Constituency. In the Railway Budget for the year 2008, it was announced that an Express Train would be introduced between Nagore and Chennai. The announcement that remains on paper which needs to be translated into action and I urge upon the Railway Minister to introduce this Express Train service immediately.

The railway link between Thiruvarur and Chennai needs to be augmented with increased service by way of introducing both morning and evening trains. Kollam Express train that was running between Nagore and Kollam was stopped when the gauge conversion works were on. Now that the express train is running between Kollam and Madurai, I request the Railway Minister to reintroduce this train to run from Kollam to Nagore.

Similar is the fate of the train running between Nagore and Mysore. This service that was affected by the gauge conversion work needs to be re-introduced. As such, Train No. 6231/6232 is running between Mayiladuthurai and Mysore. Instead of Mayiladuthurai, this train must be originated from Nagore, similarly as it was before the commencement of gauge conversion work. In order to benefit the passengers from Mayiladuthurai and Kumbakonam, a slip coach service may be resorted to by way of giving connectivity at Thanjavir Junction for the passengers from Mayiladuthurai.

In order to benefit the people from Pulivalam Village, Alivalam Village and Mangudi Village, the kacha road between Thiruvavur Old Railway Station and New Railway Office may be renovated and relaid. This may benefit the rail passengers to reach the railway station easily.

In this year's budget, through a new scheme, certain stations have been selected to be converted as Adarsh Stations or Model Stations. Of the 94 stations selected for enhancement of passenger comforts, facilities, ambience and aesthetics, Thiruvarur, one of the ancient towns in Tamil Nadu has been selected. It will go a long way in facilitating the passengers of this Station.

At this juncture, I would like to point out an important town-junction of renowned pilgrim centers of all the three major religions of India. The Thirunallar and Sikkal Temples near Nagapattinam has Shrine Velankanni and world famous Nagore Dargah in their neighbourhood. They draw pilgrims from several parts of the world. Nagapattinam which can boast of this unique conglomeration of pilgrim centers of various religions is also an emerging industrial town with an ancient port and the coming up of modern industrial projects by the ONGC. Hence I urge upon the Railway Minister to consider including Nagapattinam also in the scheme meant for setting up of Adarsh Stations. I wish the Railway Minister concedes to my request to make Nagapattinam Station also an Adarsh Station at the earliest to benefit the people of this area and also the pilgrims thronging from all over.

Even after the safety and security clearance from the authorities concerned about the safety of the completed gauge conversion between Mayiladuthurai and Nagore, the train services are yet to be re-introduced. I understand this long delayed project is still pending even after its completion two years back. Hence I urge upon the Railway Minister to commence rail operation between Mayiladuthurai and Nagore so that we can restore the Main Line operations between Chennai and Southern Districts via Cauvery Delta Region.

A New Railway Line project linking Nagapattinam-Thirukuvalai-Thiruthuraipoondi is still lying on paper and it must be cleared for completion. I urge upon the Minister to allocate sufficient funds and take up the project at the earliest.

Thiruvarurur-Karaikudi gauge conversion work is pending and comes in the way of resuming the traditional main line traffic between Chennai and Rameshwaram. Hence I urge upon the Minister to be kind enough to restore the past glory of rail service in this area, which would give a face lift to the industrialization in my Nagapattinam Parliamentary Constituency.

Gauge conversion work between Thiruthuraipoondi and Agasthianpalli may kindly be taken up at least now when we are commemorating the Salt Satyagraha Movement as this route covers Vedaranyam.

Shencottah Fast Passenger which used to cover Thanjavur-Mayiladuthurai in the Main Line section used to be a popular train among the lower middle class sections of the society. I urge upon the Railway Minister to restore this Fast Passenger Train that will come as a boon to the poor sections of the society.

Train No. 669 between Tiruchirapalli and Bangalore may kindly be provided with connectivity to Nagore.

Now we have only Kamban Express that caters to the need of the traveling public from Nagore to go to Chennai. I would like to implore upon the Railway Minister to consider operating Cholan Express through this route so that the benefits will be doubled.

Sirkazhi Town is a Taluk Headquarters and the Sirkazhi Station used to have a stoppage for all the Chennai bound trains. Now it has been announced that this Station that comes between Mayiladuthurai and Villupuram Section may not have a stoppage. Considering the traditional importance of this Town, a stoppage may be provided for all the trains passing through Sirkazhi.

Similarly, Koradacherry between Thiruvarur and Thanjavur Section may also be provided with a stoppage considering the public demand.

Expressing my thanks, let me conclude.

I

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT) : At the outset I thank Hon. Railway Minister for providing New-Jalpaiguri-Balurghat intercity express. Along with that I have a request to make to Hon. Minister – the train which comes to Kolkata from Balurghat thrice a week should run daily and it should start at 6.30 am instead of 4.55am.

Now, I would like to humbly mention a few points. Every year we find that Railway Ministers announce scores of projects and schemes without properly chalking out the vision. It is often seen that even without the sanction of the Planning Commission, the projects are declared. Thus nobody knows where the resources would come from for completion of the projects. More than 81,000 crores of rupees are required to finish all the projects which have already been announced over the years. Once I had asked a question regarding this and got this reply. But where is the money? Infact I was very patiently listening to Mr. Sudip Bandyopadhyay's speech when he was quoting some figures but I think that these statistics are faulty. This is because revenue will not be generated as expected. The same story was to be found last year also. In 2007-08, revenue generated from freight charges and passenger fares was very low. This year it is going to be even lower. Prices of petrol and essential commodities have risen steadily leading to more and more loss of revenue. How can the Railways earn? Hon. Railway Minister was aware of this. Therefore she has asked the corporate sector to join hands with the Railways and has moved towards the Public Private Partnership mode, so that development can be brought about. In her vision 2020 she has mentioned that 20,000 or 25,000 more railway tracks will be laid. But since independence, we have experienced that not more than 180 km of tracks have ever been laid. Thus, this is the ground reality which raises numerous questions.

---

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

However, it must be appreciated that Hon. Minister has kept her promise of introducing all the trains which she has announced in her Budget speech. She has also not increased the freight charges or the passenger fares. Thanks to her for this. But on the other hand, there are a number of projects which are still pending like the Adra Power Project, Majherhat Project, Dankuni Project, Burn Standard Wagon Factory or the international standard model stations. Guage conversion work has not been done; safety and security of passengers have also been mostly overlooked. Number of coaches has to be increased and the trains should meticulously follow the timetable. Kindly go to any big station of the country and you will see that, the mail trains, express trains or the passenger trains - all are over crowded. People face huge difficulties in travelling by the these trains. There is no space to even properly stand. Passenger amenities are next to nothing. People do not get tickets or reservation even through Tatkal Scheme after paying Rs.50 extra. If you cannot provide amenities and facilities to the travellers, no development can come about. Mr. Sudip Banerjee was saying that Railways is one of the biggest organizations in the country and thus there might be certain coordination lapses. But we see that now it is roping in many other enterprises and organizations. So there is a greater need of better co-ordination. Railway department is trying to combine health, education agriculture more and more. Thus if there is lack of coordination then the entire system will be derailed.

I will conclude by saying that I have a very small area to cater to. Only 6 stations are there. Barring Balurghat & Muniapur, there is no proper facility in other station. To develop the area, 1000 crores are required but only 2 crores have been sanctioned. This amount is not adequate. So the minister should look into it.

I had much to say but due to paucity of time I thank you and conclude my speech.

श्री राजाराम पाल (अकबरपुर): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस रेल बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के माननीय सदस्यों के भाषण को मैंने सुना है। मैं कोई लम्बी-चौड़ी बात करने नहीं आया हूं, केवल एक ही बात करने आया हूं कि विकास शाश्वत प्रक्रिया है, जो भी रेल मंत्री आएगा, कुछ नई ट्रेनें, कुछ नहीं सुविधाएं, कुछ नये ट्रैक लेकर आएगा। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि रेल भाड़ा एवं माल भाड़ा न बढ़ाया जाए। यदि सुविधा नहीं बढ़ाई जा रही है तो माल भाड़ा और रेल भाड़ा बढ़ाने से कोई फायदा नहीं है। मैं कोई नई ट्रेन मांगने नहीं आया हूं, मैंने पिछली बार भी कहा था कि अकबरपुर कानपुर देहात का पिछड़ा इलाका है, वहां रूरा स्टेशन है, जिसे मॉडल स्टेशन घोषित करने की मैंने मांग की गई थी। इसके अलावा कानपूर-दिल्ली मार्ग में रोशनमऊ हाल्ट था, जहां टिकट की बिक्री हुआ करती थी। 20 किलोमीटर से आकर लोग पैसेंजर गाड़ियों में चढ़ते थे और कानूपर जाकर अपना जरूरी कार्य एवं व्यापार करके वापस जाते थे। लेकिन उसको बंद कर दिया गया है। मैं किसी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग नहीं कर रहा हूं, मैं चाहता हूं कि पैसेंजर ट्रेन जो रोशनमऊ स्टेशन पर रूका करती थीं, उसका पुनः ठहराव किया जाए। चूंकि 25 किलोमीटर से चलने वाले यात्री जो कि रूरा स्टेशन आकर चढ़ते हैं और यदि रात के दस बजे उतरते हैं तो उनके लिए जाने का कोई साधन नहीं होता है, जिससे उन्हें विशेष असुविधा होती है, लोग इससे आक्रोश में हैं और ट्रैक जाम करने के लिए तैयार हैं। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हमारे यहां के ऐतिहासिक स्थल बिठूर से एक ट्रेन चला करती थी, उसको ब्राडगैज करके पुनः रेल चलाने का अनुरोध किया था। श्री लालू प्रसाद जी ने उसका उदघाटन भी किया था। उस उदघाटन पत्थर पर जनता ने गोबर फेंक दिया है, जिसके कारण से उदघाटन करने वाले का नाम भी नहीं पढ़ा जा सकता है।

महोदय, मेरे क्षेत्र में कल्याणपुर में एक फ्लाईओवर की बहुत आवश्यकता है। माननीय रेल मंत्री जब कानपुर गई थीं तो उन्होंने वहां घोषणा की थी कि कल्याणपुर फ्लाईओवर बनाने का काम किया जाएगा। मैं एक दुर्घटना का जिक्र करना चाहता हूं, हमारे क्षेत्र की कानपुर-फरुखाबाद लाइन के अनमैन क्रासिंग पर एक दुर्घटना में नौ लोग मारे गए थे। मंत्री जी ने उन पर कृपा करते हुए उन्हें दो लाख रूपये मुआवजा देने की घोषणा की थी, लेकिन उनमें से एक परिवार के दो व्यक्तियों की उस दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, लेकिन रेलवे ने उन दो मृतकों को केवल एक का मुआवजा दिया है। मैं लम्बी-चौड़ी बात न कहते हुए केवल यही कहना चाहता हूं कि कानपुर से देवियापुर के लिए मेमो ट्रेन चला दें या लखनऊ-कानपुर इंटरसिटी को देवियापुर तक बढ़ाया जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री नृपेन्द्र नाथ राय (कूच बिहार): सभापति महोदय, सन् 2010-11 रेल बजट पर बहुत सारे माननीय सदस्यों ने चर्चा की, इसलिए मैं इस पर ज्यादा समय नहीं

लूंगा। मैं सारे देश की बात नहीं करूंगा, अपनी कांस्टीटयूंसी कूच बिहार के बारे में बोलूंगा। वेस्ट बंगाल के दो हिस्से हैं - एक उत्तर बंगाल और दूसरा साऊथ बंगाल। हमारे एरिये से टीटी-10 कूच बिहार से सियालदा आती है और यहां आने में उसे 18 घंटे का समय लगता है। वहां कोई पेंट्री कार नहीं है, इसलिए आप वहां यात्रियों के लिए पेंट्री कार चालू करें।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि दिनाटा में एक एक्सप्रेस ट्रेन चालू करें। कूच बिहार से कोलकाता आने के लिए 18 घंटे का समय लगता है। बंग्लादेश हमारा पड़ौसी देश है, भिदालदा में पुरानी रेल लाईन है। आप पड़ौसी बंग्लादेश से बात करके वहां रेल लाईन चालू कराएं तो आठ-दस घंटे में कोलकाता आ सकते हैं। दिनाटा कल्टीवेशन इलाका है, वहां आजादी से पहले ही रेलवे का बापर गोडाउन पब्लिक की सुविधा के लिए चालू था, जो अब बंद है। दिनाटा में बापर गोडाउन के लिए एक मालगाड़ी चालू करें।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह भी कहना चाहता हूं कि सन् 1999-2000 में मालबाजार से चांग्राबंदा के लिए 40-50 करोड़ रुपए खर्च करके एक पैसेंजर रेल चालू की थी, लेकिन वह एक साल चलने के बाद बंद हो गई। वहां रेल न चलने के कारण ट्रेक की चोरी हो रही है, कृपया उस लाईन को भी चालू करें। NTP से नई कूच बिहार तक डबल लाइन बनाना चाहिए और घोशाडंगा स्टेशन को कम्प्यूटरीकृत करना चाहिए ।

सभापति महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री राजू शेट्टी (हातकंगले): सभापति महोदय, आपने मुझे रेलवे बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। बहुत सालों से पश्चिम महाराष्ट्र की मांग रही है कि कोल्हापुर को कोंकण से जोड़ने वाली एक नई रेल लाइन बनाई जाए। यह सिर्फ 70 किलोमीटर की दूरी है। कोल्हापुर को कोंकण से जोड़ने के बाद, खासकर पश्चिमी महाराष्ट्र में उत्पादित होने वाली चीनी, दूध, अन्य दूध उत्पाद, दूध का पाउडर, गारमेंट्स, सब्जी और फल एक्सपोर्ट करने के लिए हमें कोंकण बहुत नजदीक पड़ता है, लेकिन बहुत समय से मांग करने के बावजूद हमारी यह मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है।

सभापति महोदय, हमारी कोल्हापुर-पुणे, डबलिंग और इलैक्ट्रीफिकेशन करने की मांग भी है। इस पर मंत्री महोदया ने कुछ विचार नहीं किया। हमने अपने क्षेत्र में कुछ ओवरब्रिज बनाने की भी मांग की है जैसे कोल्हापुर,इचलकरंजी, अतिग्रेव, जयसिंहपुर, नेपानी, मिरजरोड, जो इंटरस्टेट रोड है, मिरज पर और पलुषी कराड़ जाने वाली रोड पर एक ओवरब्रिज मांगा है। हमारी इस मांग पर भी मंत्री महोदया ने कोई ध्यान नहीं दिया है। पुणे से एक दूरन्तो रेलगाड़ी तो शुरू हो गई है, लेकिन हमारी डिमांड है कि वह कोल्हापुर से शुरू हो जाए और पुणे में स्टॉपेज हो तथा वहां से दिल्ली आए। इस प्रकार से किया जाएगा, तो कोल्हापुर यानी विशेष रूप से पश्चिम महाराष्ट्र से दिल्ली आने की सुविधा लोगों को प्राप्त हो सकती है। मैं संक्षेप में इन्हीं मांगों को रखकर अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति जी, मुझे दुष्यन्त की कुछ पंक्तियां याद आ रही हैं-

" पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए

इस रेल मंत्रालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए

मेरे सीने में न सही, तो तेरे सीने में ही सही

कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए

सिर्फ हंगामा करना मेरा मकसद नहीं,

यह कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए। "

मैं मंत्री महोदया को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने उत्तराखंड की शक्ल को बदला। वहां के लिए विकास की रेलवे लाइन को स्वीकृत किया।

मैं यू.पी.ए. की चेयरपर्सन, श्रीमती सोनिया गांधी और हमारे प्रधान मंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह जी को और हमारे युवा सांसद, राहुल गांधी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि जिन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग की रेलवे लाइन को स्वीकृत कर के आम आदमी को राहत दी है। आज देश का और उत्तराखंड का आम आदमी प्रसन्न है। आम आदमी आज बद्रीनाथ की यात्रा, केदारनाथ की यात्रा, हेमकुंड साहब की यात्रा, गोविन्द धाम की यात्रा आसानी से कर सकता है। यू.पी.ए. सरकार ने यह बहुत बड़ा काम किया है। मैं इसके लिए ममता बैनर्जी की को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। उत्तराखंड की जनता की तरफ से धन्यवाद देना चाहता हूं और उत्तराखंड की जनता यह मांग कर रही है कि वह जल्दी से जल्दी इसका शिलान्यास करें और विकास की गंगा हमारे उत्तराखंड के अंदर बहाएं।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि रेलवे के अंदर बायलौजीकल टॉयलेट्स लगने चाहिए। हमारे देश के अंदर हाईस्पीड ट्रेनों का निर्माण होना चाहिए और हमारी ट्रेनें डबल डैकर होनी चाहिए। वैसे भी आपने देखा होगा कि जब जनता बढ़ जाती है, तो वह ट्रेन के डिब्बों के ऊपर चढ़ जाती है। अगर डबल डैकर ट्रेनें होंगी, तो उनसे हमारे देश के अंदर बहुत ज्यादा लोग यात्रा कर सकेंगे। हमारे देश के अंदर वरनैकुलर रेलवे का विस्तार होना चाहिए और जो हमारे मेघालय, सिक्किम यानी सैवन सिस्टर स्टेट्स हैं, वे भी रेलवे से कनैक्ट होनी चाहिए, ताकि रेलवे की लाइन जहां जाएगी, वहां दिल मिलेंगे, देश मजबूत होगा और हमारा देश आगे बढ़ेगा। इन्हीं शब्दों के साथ, जो हमारी रेल मंत्री जी ने टनकपुर-चांगेश्वर रेल लाइन का सर्वे कराया, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): आदरणीय सभापति जी, आपने मुझे रेल बजट तथा उसकी अनुदानों की मांगों पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

आप जानते हैं कि रेल विकास की धरोहर है। पूरा देश चाहता है कि अपने क्षेत्र में विकास हो और यह विश्वास तथा एकता की प्रतीक है। मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं। आदरणीय ममता जी ने जो बजट पेश किया है, मैं उसका विरोध नहीं करता, लेकिन गुजरात और विशेषरूप से उत्तरी गुजरात की बहुत उपेक्षा की गई है और उसके साथ अन्याय किया गया है। मैं यदि अपने क्षेत्र की बात कहूं, तो मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह बिलकुल आदिवासी, दलित और ओ.बी.सी. वाला क्षेत्र है। वहां तो ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने रेलगाड़ी भी नहीं देखी है। आज वहां से हमें दिल्ली या मुम्बई जाना हो, तो महसाणा, अहमदाबाद या आबू रोड, कम से कम 150-200 किलोमीटर दूर जाकर वहां के लिए ट्रेन पकड़नी पड़ती है। जब मुझे भी संसद में आना होता है, तो मुझे भी 150 से 200 किलोमीटर दूर आना पड़ता है और तब वहां से ट्रेन पकड़ता हूं। हमारा जो इलाका है, वह काफी पिछड़ा है। इसलिए मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार जो बी.आर.जे. ब्रांच देती है, उसमें हमारा समावेश हुआ है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि हमारा क्षेत्र कितना पिछड़ा हुआ है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि अहमदाबाद-केफम्बा जो रेल है, जो बहुत पुराने समय से मीटरगेज है। उससे अहमदाबाद से खेडब्रम्हा पहुंचने में पांच घंटे लगते हैं।

अगर वाया रोड जाएं, तो दो घंटे में पहुंचते हैं। कोई उसमें बैठने को तैयार नहीं है। हमारी मांग है कि उसका आमान परिवर्तन करके खेडब्रम्हा से अंबाजी होकर आबूरोड के साथ ज्वाइंट किया जाए, तो हमें दिल्ली का नया मार्ग मिलेगा। उसके साथ अहमदाबाद, उदयपुर जो रेल लाइन है, उसके आमान परिवर्तन की मांग आदरणीय मंत्री जी ने मंजूर तो की है, लेकिन कुछ काम नहीं हुआ है। हमारी मांग है कि जो मंजूर किया है, उसका काम शुरू किया जाए और साथ ही मौड़ासा-कपरवन्ज नडियाद जो रेलवे है, मौड़ासा से शामलाजी को ज्वाइंट किया जाए, तो देश को दिल्ली से मुंबई का एक नया ट्रैक मिल सकता है। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि जो मेरी मांगें हैं, उन पर विचार किया जाए।

* **श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** महोदय, भारत में रेल आम आदमी के यातायात का प्रमुख साधन है। आज भारत में प्रत्येक दिन 8 करोड़ यात्री रेलवे से ही

एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। 70000 किलो मीटर पर रेलवे यात्रियों को एक जगह से उनके गंतव्य स्थान तक ले जाने का काम करती है। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के यात्री भारत के विभिन्न स्थलों पर जाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों से प्रत्येक दिन मुम्बई महाराष्ट्र, कोलकाता, चैन्नई, दिल्ली एवं अहमदाबाद मजदूरी एवं नौकरी करने जाते हैं। आज भी देश के महानगरों में सबसे ज्यादा व्यक्ति उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से से सफर करते हैं। इसके बावजूद पूर्वी उत्तर प्रदेश के नॉर्थ ईस्ट रेलवे का विकास अन्य क्षेत्र के रेलवे के अपेक्षा विकास की दृष्टि से कम काम हुआ है। उत्तर पूर्व रेलवे का मुख्यालय गोरखपुर है। गोरखपुर से लखनऊ दिल्ली प्रति दिन सबसे ज्यादा लोग जाते हैं।

गोरखपुर, लखनऊ के रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य कई वर्ष पूर्व स्वीकृत हो चुका है, लेकिन दोहरीकरण के काम की प्रगति इतनी धीमी है कि अभी तक अनिश्चय की स्थिति बनी हुई है। जबकि रेलवे लाइन का उपयोग शत प्रतिशत उपयोग हो रहा है। शत प्रतिशत से अधिक उपयोग होने के कारण यात्रियों का इतना दबाव बढ़ गया है कि जब तक लाइन का दोहरीकरण नहीं होगा तब तक यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार नहीं होगा। उत्तर प्रदेश से उत्तरांचल अलग होने के बाद पर्यटन की दृष्टि से केवल उत्तर प्रदेश में बुद्ध सर्किट ही बचा है। गौतम बुद्ध के मानने वाले दुनिया के पर्यटक अब पूर्वी उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध के जन्म स्थान पिपरहवा कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती आदि प्रतिदिन हजारों की संख्या में आते हैं लेकिन गोरखपुर से गोण्डा, जो अभी तक छोटी लाइन है और वो लाइन आठ वर्ष पूर्व बड़ी लाइन करने हेतु रेलवे ने स्वीकृत किया था। लेकिन अभी तक लगभग 200 किलोमीटर की लम्बाई में मात्र गोरखपुर आनन्द नगर 30 किलोमीटर रेल लाइन बड़ी लाइन में परिवर्तित हो पाई है। आनन्दनगर से गोण्डा अभी तक छोटी लाइन ही है, जिसके कारण वहां की जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह रेलवे बुद्ध सर्किट पर पड़ता है। बुद्ध के मानने वाले यात्री भी इसी रेलवे लाइन पर सफर करते हैं। नेपाल के समानान्तर भी आनन्दनगर से गोण्डा वाया सिद्धार्थनगर, बलरामपुर होकर गुजरती है। नेपाल से आने वाले बड़ी संख्या में नेपाली इसी रेल लाइन से सफर करते हैं। इसके महत्व को देखते हुए गोरखपुर, आनन्दनगर, सिद्धार्थनगर एवं गोण्डा तक के रेलवे लाइन को समयबद्ध

---

* Speech was laid on the Table

बड़ी लाइन में परिवर्तित करना आवश्यक है। उस पर धन को प्रचुर मात्रा में आबंटित करके आमान परिवर्तन का काम पूरा करना चाहिए। पिपरहवा कपिलवस्तु से नौगढ, बांसी, सधौली बस्ती तक ममता रेल मंत्री जी ने नई रेलवे लाइन के सर्वेक्षण के लिए पिछले दिनों रेल बजट में घोषणा की है। अभी तक उस काम का सर्वे शुरू नहीं हुआ है जबकि 27 लाख रूपया उस पर आबंटन हो चुका है। नौगढ, सिद्धार्थनगर एवं बस्ती रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन बनाने का भी निर्णय अपने बजट भाषण में उल्लेख किया था। लेकिन अभी तक आदर्श स्टेशन बनाने का काम अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ।

रेल मंत्री ममता जी का ध्यान पूर्व में किए गये एक सर्वेक्षण की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। वह सर्वेक्षण बहराइच/बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज, बासी, मेहंदवाल, सहजनवा होते हुए गोरखपुर तक नई रेलवे लाइन के लिए हुआ था। लेकिन इतने वर्षो के बाद भी अभी तक सर्वेक्षण के बाद नई रेलवे लाइन के बिछाने का काम प्रारंभ नहीं हुआ, जिसके कारण वहां के लोगों में आक्रोश है। जनता समय-समय पर आंदोलन भी कर रही है। यहां तक इन क्षेत्रों के अदालतों के अधिवक्ताओं में भी आक्रोश है, जबकि उक्त नई रेलवे लाइन के बन जाने से कई जनपद बहराइच बलरामपुर, डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर), मेहरावल (संत कबीर नगर) एवं गोरखपुर जिलों के जनता को आवागमन के लिए काफी सुविधा हो जायेगी। लेकिन पूर्व में किये गये सर्वेक्षण को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अतः वहां की जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए तत्काल उक्त रेल लाइन के बिछाने का काम प्रारंभ करके जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया जाना चाहिए। ममता जी ने पहली बार रेलवे के 14 लाख परिवारों की सुविधाओं का भी ख्याल रखा है। रेल कर्मचारियों के लड़के को डाक्टर एवं पारा मेडिकल कोस में दाखिला मिल सकेगा। रेलवे के खाली जमीनों पर नये मेडिकल कालेज, मेडिकल डायग्नोस्टिक सेंटर, मॉल, मल्टी फंक्शनल कॉम्पलेक्स का काम भी प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (ppp) में रेल विभाग शीघ्र ही पूरे देश में जाल बिछाया जायेगा। रेल विभाग ने पहली बार रेल यात्री को आवागमन के साथ साथ कल्याणकारी योजनाओं को भी प्रारंभ करने का काम करेगा। पहली बार रेलवे बिजली उत्पादन के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का मुख्यालय है। गोरखपुर में काफी जगह रेलवे के लिए खाली पड़ी है। वहां एक मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में बनाया जाना चाहिए। सिद्धार्थनगर में जो एक उत्तर प्रदेश का पिछड़ा जनपद है वहां अभी भी स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी अभाव है। सिद्धार्थनगर का मुख्यालय नौगढ रेलवे स्टेशन है, वहां रेलवे की जमीन भी खाली पड़ी है। अतः वहां की जनता एवं यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए एक मेडिकल डायग्नोस्टिक सेंटर की स्थापना रेलवे को करना चाहिए। गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, गोंडा रेलवे लाइन पर मुम्बई एवं दिल्ली के लिए नई ट्रेन चलाने की आवश्यकता है क्योंकि उक्त क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग बाहर रोजगार एवं व्यवसाय तथा मजदूरी के लिए जाते हैं। गोरखपुर एक प्रमुख स्टेशन होने के कारण, जहां से पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं पश्चिमी बिहार के काफी बड संख्या में दिल्ली एवं मुम्बई प्रतिदिन जाते हैं। इसके बावजूद अभी तक गोरखपुर से दिल्ली एवं मुम्बई के लिए एक-एक दुरन्तो नई ट्रेन चलाने की मांग करता हूं। क्योंकि सबसे जयादा यात्री यहां से बाहर जाते हैं।

ममता जी स्वाभाविक है कि जब आम आदमी के लिए सबसे कम खर्चे में रेल का आवागमन होता है तो सबसे ज्यादा मार्ग भी रेलवे विभाग से ही होगा। एक तरफ मंत्री जी बधाई के पात्र हैं कि वह कई वर्षो से रेल के किराये में कोई भाड़ा वृद्धि नहीं की है। उसी तरह माल भाड़ा में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके बावजूद रेल में सुविधाओं की लगातार वृद्धि हो रही है, जहां से पूरे देश की मांग आपसे रेल सुविधाओं में कर रहे हैं, वहां आपके लिए कठिन है कि कहां-कहां कितना बजट दिया जाये। इसके लिए भविष्य में रेलवे के एक प्रतिपादित सिद्धांत जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी। अर्थात जिस क्षेत्र में रेलवे की आमदनी सर्वाधिक हो, वहां विकास के लिए भी अधिक पैसा खर्च होना चाहिए। जहां से आमदनी कम हो वहां कम खर्च होना चाहिए। व्यवहारिक दृष्टिकोण से रेलवे अपने प्रोजेक्ट को इस आधार पर निर्णय नहीं लेती है बल्कि राजनैतिक निर्णयों के आधार पर नई रेलवे लाइन/ आमान परिवर्तन / रेलवे दोहरीकरण आदि का काम करने का निर्णय लिया जाता है, जिसके कारण द्रलित क्षेत्र और पिछड़ते जाते हैं तथा जो विकसित क्षेत्र हैं वह और विकसित होता जा रहा है। अंत में मैं प्रस्तुत रेलवे बजट का समर्थन करता हूं।

श्री राज बब्बर (फ़िरोज़ाबाद): सभापति महोदय, समय की सीमा को ध्यान रखते हुए, मुझे दो मिनट का समय मिला है। मैं यूपीए सरकार, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया जी, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी और युवा नेता राहुल गांधी जी के आम आदमी की सुविधा के लिए प्रयास, आम आदमी के लिए जो निर्देश नीति बनी है, उसमें ममता जी ने इस तरह से अपनी क्रांतिकारी बजट की स्पीच को पेश किया, उससे प्रभावित होकर मैं सिर्फ यही कहना चाहता हूं कि मैं ही नहीं, बल्कि आज सारा देश उनको धन्यवाद दे रहा है। वे बधाई की पात्र हैं। रेल का जो मूलमंत्र है कि रेल आम आदमी के लिए है। रेल आम आदमी के जनजीवन और उसके विकास के लिए है। बहुत वर्षों से मेरे क्षेत्र में, दीए के नीचे रोशनी नहीं थी, दीए के नीचे अंधेरा नजर आ रहा था, लेकिन इस बार कुछ नजर आ रहा है कि बहुत सारी ट्रेनें, जो

उत्तर प्रदेश में तीर्थ के नाम पर, जन्मभूमि के नाम पर, कर्मभूमि के नाम पर ....

सभापति महोदय : राज बब्बर जी, दीए के नीचे हरदम अंधेरा होता है।

श्री राज बब्बर : लेकिन इस बार नहीं हुआ। पहली बार ऐसा हुआ कि दीए की रोशनी, उसकी लौ लहलहाने लगी है, मुझे यह नजर आ रहा है, उस लहलहाट के अंदर, उस लौ के अंदर जो आम आदमी के लिए एक हवा चली है, उसमें अब रोशनी की लौ भी हिलने लगी है और हिलते-हिलते नीचे रोशनी आनी शुरू हो गयी है। मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से मेरे क्षेत्र में 25 साल से कोई विकास नहीं था, लेकिन इस बार जो बहुत सारी ट्रेनें चल रही हैं और माननीय रेल मंत्री जी ने हमारे क्षेत्र के अंदर तीन ओवरब्रिज, आरओबीज को सैंक्शन किया। मेरी प्रार्थना है कि उनको सैंक्शन करने के साथ-साथ उनका पैसा भी आबंटित हो गया है, उसका नाम कह दिया गया है, लेकिन आप प्रदेश सरकार से उसको शीघ्र कराने की कोशिश करें। वर्षों से वहां मांग चली आ रही है।

महोदय, मेरा क्षेत्र आलू और लहसुन का क्षेत्र है। वर्ष 1985 और 1989 के अंतर्गत, जब राजीव गांधी जी प्रधानमंत्री थे, माधव राव सिंधिया जी रेल मंत्री थे, उन्होंने वर्ष 1989 में एक सर्वे कराया था और वह सर्वे साउथ से नार्थ को जोड़ने का था यानी ग्वालियर से लेकर शाहजहांपुर तक रेल लाइन का एक सर्वे हुआ था। उस वक्त की सरकार के जाने के बाद किसी के द्वारा उस पर काम नहीं हुआ, जिसकी वजह से मेरे क्षेत्र में जो चार लाख वोटर हैं, उनका पूरा क्षेत्र रेल से वंचित है। अगर सर्वे को दोबारा से सामने लाया जाता है तो जसराणा क्षेत्र, शाहजहांपुर क्षेत्र, टूण्डला क्षेत्र, फतेहाबाद क्षेत्र, ग्वालियर से लेकर रेल का जो एक ट्रैक है, अगर वह बन जाता है, तो मुझे उम्मीद है कि जिस तरीके से सारे भारत को जोड़ने का काम ममता जी ने किया है, अगर यह क्षेत्र जुड़ जाता है, तो इस क्षेत्र से हमारे निर्यात में फर्क पड़ता है, हमारे किसानों को फर्क पड़ता है। जो लहसुन सबसे ज्यादा उम्दा किस्म का होता है, वह जसराणा क्षेत्र में होता है। मेरा एक क्षेत्र सिरसागंज है, यहां पूरापूरी विधानसभा क्षेत्र है, इसमें कोई ट्रेन नहीं रूकती है, मामूली छोटी-छोटी ट्रेनें रूकती हैं। मैंने विनती की है, क्योंकि पहले जिस वक्त मंत्री महोदय को हम लोगों को यह देना था, उस वक्त मैं इस सदन में नहीं था। फिरोजाबाद जो सांसद रहित रहा था, जिसकी वजह से वह अपनी बात नहीं कह पाया। आज फिरोजाबाद में कांग्रेस का प्रत्याशी है, कांग्रेस का प्रतिनिधित्व है और मैं चाहता हूं कि ममता जी उस चीज को जरूर ध्यान में रखें कि हमारे क्षेत्र के अंदर आलू और लहसुन ऐसी किस्म का होता है, जो बहुत ही उम्दा है। इसकी सारे देश के अंदर और विदेश के अंदर जरूरत पड़ती है।

मैं एक विनती करना चाहूंगा कि हमारे यहां मुगलसराय के बाद जो सबसे बड़ा जंक्शन है, वह टुंडला जंक्शन है। मुझे उम्मीद है कि ममता जी जब दिल्ली आती होंगी, तब टुंडला में चाय जरूर पीती होंगी। ऐसा कभी नहीं हुआ होगा कि उन्होंने टुंडला में चाय नहीं पी होगी। ...(<u>व्यवधान</u>)

सभापति महोदय : राज बब्बर जी, राजधानी टुंडला में नहीं रुकती।

श्री राज बब्बर: मैं इसलिए कहना चाह रहा था कि इतनी तेज ट्रेनें आ गई हैं। तेज चलने वालों के लिए हवाई जहाज हैं, आम आदमी के लिए ट्रेनें होनी चाहिए। मुझे इस बात को कहते हुए गर्व है कि मैं रेल परिवार से तीन पीढ़ियों से जुड़ा हुआ हूं।...(<u>व्यवधान</u>) तीन पीढ़ियों से जुड़े होने का मतलब मैं समझ सकता हूं कि रेल का महत्व क्या है और टुंडला जंक्शन का महत्व क्या है। अगर वहां राजधानी और शताब्दी जैसी ट्रेनें रुकती हैं तो केवल क्षेत्र को फायदा नहीं होता, लोकल टूरिज़्म को फायदा होता है।...(<u>व्यवधान</u>) आगरा टुंडला से सिर्फ 18 किलोमीटर दूर है। ...(<u>व्यवधान</u>) वहां के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है जो कोलकाता से सीधी आती हो। फिरोजाबाद क्षेत्र हिन्दुस्तान का, एशिया का सबसे बड़ा कांच का क्षेत्र है। वहां पर ग्लास इंडस्ट्री है। लेकिन आज तक वहां किसी तरह की कोई सुविधा नहीं दी गई।...(<u>व्यवधान</u>) चूड़ियां बहुत लोगों को पहना दी गई हैं। अगली बार और पहनाने की कोशिश करेंगे।...(<u>व्यवधान</u>) ममता जी हमारे क्षेत्र को, जो बिल्कुल केन्द्र बिन्दु है, उस केन्द्र बिन्दु को, हमारे टूरिज़्म को, वहां के व्यवसाय को जोड़ने का काम करेंगी और मुझे उम्मीद है कि वे करेंगी क्योंकि उनका आश्वासन मुझे पहले भी मिला है।...(<u>व्यवधान</u>) इससे पहले भी किसी भी क्रान्तिकारी लड़ाई में हमेशा साथ दिया, यह भी अपने आप में एक क्रान्ति होगी। मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे दो मिनट बोलने का समय दिया।

सभापति महोदय : दो मिनट नहीं, आपने बहुत ज्यादा समय लिया है। मैं इसलिए नहीं बोल रहा था क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैं कोई पिक्चर देख रहा हूं। मैं इसलिए चुपचाप था।

ओश्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, मैं आपके माध्यम से रेलवे बजट के संबंध में रेल मंत्री कुमारी ममता बनर्जी से सम्मिलित करने की मांग करता हूं ।

1. बीकानेर संसदीय क्षेत्र का अनूपगढ़ क्षेत्र रेल लाईन से अछुता है । यह क्षेत्र पाकिस्तान सीमा से सटा हुआ है । सामरिक दृष्टिकोण से महत्व का क्षेत्र होने के कारण सेना द्वारा भी अनूपगढ़ से बीकानेर वाया खाजूवाला रेलवे लाईन के निर्माण की माँग की जाती रही है । इस बजट में भी इसकी घोषणा नहीं की गई, जबकि पूर्व में इस लाईन हेतु रेलवे द्वारा सर्वे भी किया जा चुका है । अतः नई लाईनों के निर्माण में अनुपगढ़ से बीकानेर वाया खाजूवाला को जोड़ा जाने की माँग मैं आपके माध्यम से माननीया रेल मंत्री महोदया से कर रहा हूँ ।

2. रेलवे के द्वारा ओवरब्रिज/अण्डरब्रिज बनाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए, बीकानेर संसदीय क्षेत्र जहाँ से मैं आता हूँ, रेलवे क्रोसिंग पर बने रेलवे फाटक दिन में 50 से अधिक बार बन्द होने के कारण आम नागरिकों के लिए सबसे बड़ी परेशानी का कारण बने हुए हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में फाटकों का निर्माण रेलवे अपने बजट से करावें ।

3. बीकानेर में रेलवे हॉस्पीटल होना चाहिए जगह उपलब्ध है ।

4. देशनोक मं राजधानी सम्पक् कंृति ट्रेन नं. 2463 का ठहराव कराया जावें क्योंकि देशनोक पर्यटकों की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है तथा दिल्ली से जाने वाली यह एकमात्र रेल है ।

5. ट्रेन नं. 5609/5610 अवध असम एक्सप्रेस में बैड रॉल काफी गंदे मिलते हैं ।

6. अहमदाबाद जम्मू एक्स. में स्लीपर कोचों की कमी है । तथा पेन्ट्री नहीं है ।

7. सींथल हाल्ट स्टेशन पर 60-70 लाख रूपये खर्च करके प्लेटफार्म व निर्माण कार्य किया गया है लेकिन उस स्टेशन पर सवारी गाड़ियों का ठहराव नहीं होता है । अतः सींथल हाल्ट स्टेशन पर सवारी गाड़ियों का ठहराव करवाया जावें ।

8. बीकानेर से पूना, हैदराबाद, चेन्नई, कोयम्बटूर बेंगलूर एवं पुरी के लिए सीधी रेलगाड़ियाँ प्रारंभ की जावे । इन स्थानों के लिए जयपुर व जोधपुर से चलनेवाली रेलगाड़ियों को बीकानेर तक जोड़ा जावे।

9. बीकानेर संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे फाटक जहाँ आवश्यक हो, सर्वेक्षण करवाकर रेलवे अपने बजट से बनावे ।

10.रेलवे की वर्कशॉप बीकानेर में है इस वर्कशॉप को आधुनिकीकरण के प्रोग्राम में सम्मिलित किया जावे ।

* Speech was laid on the Table

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): सभापति महोदय, आपने मुझे रेलवे की अनुदान मांगों पर अंतिम वक्ता के रूप में बोलने का अवसर दिया। मैं जानता हूं कि पूरा सदन इसे पास करने के लिए बहुत जल्दी इस पर मंत्री जी का उत्तर चाहता है। इसलिए मैं अपनी बात को समेटकर रखना चाहूंगा। उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा इलाका पूर्वांचल जिला मऊ, जो घोसी संसदीय क्षेत्र में आता है, मैं वहां से आता हूं। वहां से कोई सीधी ट्रेन दिल्ली के लिए नहीं है। कई बार इस हाउस में मांग हुई। मऊ जनपद जहां बहुत बड़े पैमाने पर बुनकर रहते हैं, किसान रहते हैं, लगभग तीन लाख लोग लूम चलाने वाले वहां रहते हैं। वे साड़ी का कारोबार करते हैं।

18.57 hrs.

(Madam Speaker *in the Chair*)

वहां से बड़े महानगरों में जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है। पहले जब वहां पर छोटी लाइन थी, तब टर्मिनल था। वहां गोरखपुर, छपरा से भी ज्यादा जमीन है, लेकिन बड़ी लाइन बदलने के बाद वहां का टर्मिनल खत्म हो गया। मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वहां टर्मिनल बनाने का कार्य किया जाए। जब आजमगढ़-मऊ एक जनपद था, कई बार आजमगढ़-मऊ के संयुक्त लोगों ने लोक सभा, राज्य सभा में अपनी बात रखी कि आजादी से पहले यहां से बहुत बड़े पैमाने पर लोग कोलकाता कमाने के लिए जाते थे, उस समय वे दिल्ली, मुम्बई, हरियाणा में नहीं जाते थे। एक बार हाउस में माननीय लालू जी ने भी ट्रेन चलाने के लिए कहा लेकिन कुछ नहीं हो पाया। मैं रेल मंत्री ममता दीदी को बधाई देना चाहता हूं कि इन्होंने घोषणा की कि यह रेल गोरखपुर, मऊ होते हुए शालीमार, कोलकाता जाएगी। मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई देता हूं और हमारे क्षेत्र के लोगों ने भी बधाई भेजी है। जब से आपने घोषणा की है कि मऊ से कोलकाता, शालीमार तक ट्रेन जाएगी तो आजमगढ़ जो इसका बड़ा हिस्सा था, जहां बड़े पैमाने पर वहां के लोग भी रहते हैं, उनके मन में भी शंका पैदा होने लगी कि मऊ के आगे बलिया से कोलकाता सीधी जाती है, जो 50-60 किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन शाहगंज और मऊ जहां सौ किलोमीटर की दूरी है, जहां से काफी लोग कोलकाता जाते हैं। माननीय मंत्री जी ने घोषणा कर दी है, लेकिन ट्रेन की शुरुआत कब होगी। आजमगढ़ के लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर वह ट्रेन मऊ से होकर आजमगढ़, जो कमिश्नरी हैडक्वार्टर है, शाहगंज होते हुए, जौनपुर, बनारस, गया होते हुए मुगलसराय, कोलकाता निकल जाती है तो मैं समझता हूं कि उस इलाके के लोगों को बहुत फायदा होगा। लिछवी एक्सप्रेस जो मऊ से दिल्ली आती है, पहले मुजफ्फरपुर से चलती थी, बाद में समस्तीपुर हुआ, फिर सीतामढ़ी तक बढ़ गई। आज उसकी हालत यह है कि उसका दिल्ली पहुंचने का समय सुबह चार बजे है, लेकिन वह शाम चार बजे तक दिल्ली पहुंच पाएगी या नहीं, इसका कोई भरोसा नहीं है।

19.00 hrs.

इसलिए मैंने पहले भी माननीय रेल मंत्री जी से मांग की थी कि मऊ से सीधे आप दिल्ली के लिए सेवा दें, जिससे हम लोग संसद में भाग लेने के लिए समय से आ सकें। मैं समझता हूं कि माननीय मंत्री जी इसे जरूर ध्यान में रखेंगी। मेरी एक और मांग है कि हम लोग जब मऊ से आते हैं, तो एक कैफियत एक्सप्रैस है, जो बड़ी जद्दोजहद के बाद आजमगढ़ से चली। जब वह चार साढ़े चार बजे चलती है, तो वह समय से हमें पार्लियामैंट पहुंचायेगी या नहीं, इसका कोई भरोसा नहीं है। अगर जाते समय हमने कोई कार्यक्रम रखा है, तो वह आठ या नौ बजे पहुंचने की जगह बारह या साढ़े बारह बजे पहुंचती है। इसलिए मैं समझता हूं कि इसकी समय सारणी को भी ठीक रखा जाये।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि कैफियत ट्रेन जो आजमगढ़-मऊ से चलती है, तो शाहगंज में उसका इंजन बदलना पड़ता है। शाहगंज से लेकर अमेठी होते हुए सुल्तानपुर, जगदीशपुर, लखनऊ होते हुए ट्रेनें निकलेंगी, पांच बार इस संसद में घोषणा होने के बाद भी अभी तक नहीं हो पाया है। मैं समझता हूं कि जो नयी रेल को जोड़ना है, माननीय मंत्री जी ने जो कहा है, वह करने का प्रयास किया है। हो सकता है कि संसाधन की कमी हो। मैं सरकार से भी कहना चाहूंगा कि रेल बहुत बड़ा डिपार्टमैंट है। इससे सीधे जनपद से जुड़े हुए लोग हैं, तो सरकार को भी इसे ज्यादा से ज्यादा संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास करना चाहिए।

मैं एक बात और रखना चाहता हूं कि मैंने पहले मांग की थी। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री दारा सिंह चौहान : यहां से बहुत सारे लोग आजमगढ़-मऊ होते हुए मुम्बई और दिल्ली जाते हैं। उनके लिए वहां कोई सीधी सेवा नहीं है। इसलिए मैं चाहता हूं कि ट्रायल के रूप में क्योंकि इतने टिकट बिकते हैं कि चार महीने एडवांस रहते हुए भी वहां से उनको मुम्बई या दिल्ली के लिए टिकट नहीं मिल पाता। इसलिए ट्रायल के रूप में आप छः महीने रखिये और अगर आपको भरपूर टिकट न मिलती हो, तो उसे कैंसिल कर दीजिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करते हुए कहना चाहूंगा कि मैंने मऊ में एक फ्लाईओवर के लिए कहा था कि जब समुद्र में पुल बन सकता है, तो मऊ में क्यों नहीं बन सकता। जहां 80 फीसदी बुनकरों की आबादी उसके पश्चिम तरफ जाती है। मैं एक डिमांड करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश का 54 आरओबीज का पैसा जो स्टेट सैक्टर का जमा है, मैं चाहता हूं कि आपकी कृपा हो कि सारे के सारे आरओबीज को सैंक्शन किया जाये।

ओ़श्री तूफानी सरोज (मछलीशहर): महोदय, मैं आपका ध्यान वरूणा एक्सप्रेस के जफराबाद में ठहराव के संबंध में आकृष्ट करना चाहता हूँ, जफराबाद (एन. आर.) रेलवे का महत्वपूर्ण स्टेशन हैं, यहाँ से सुल्तानपुर होते हुए लखनऊ व फैजाबाद, इलाहाबाद के लिए गाड़ियाँ जाती है । क्षेत्रीय जनता की मांग है कि उक्त रेलवे स्टेशन पर वरूणा एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया जाय, क्षेत्रीय जनता बहुत ही लाभान्वित होगी।

*Speech was laid on the Table

*__SHRI ADHALRAO PATIL SHIVAJI (SHIRURU) :__During the last 10-15 years of Railway Budget, I have noticed that injustice has always been done with Maharashtra State and Maharashtra has always received discriminatory treatment from the Government of India.

